वर्ष- 12 अंक - 297
लखनऊ, गुरुवार 19 जून, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





मोदी के नेतृत्व में भारत ने दुनिया भर में अपनी अलग पहचान बनाई : केशव 03

नेपाल में होने वाली वर्षा के बारे में रहें अपडेट : डीएम 04


## उपलब्धि : डब्ल्यूएचओ ने भारत को घोषित किया ट्रैकोमा मुक्त

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विश्व स्वास्थ संगठन ने भारत को ट्रैकोमा मुक्त घोषित कर दिया है। ट्रैकोमा आंखों की संक्रामक बीमारी है, जोजीवाणु क्लैमाइडिया ट्रैकोमैटिस के कारण होती है।

केंद्र सरकार के 11 साल की उपलब्धियां गिनवाते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने बुधवार को कहा कि देश ने एक और उपलब्धि हासिल की है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत को ट्रैकोमा-मुक्त घोषित कर दिया है। नड्डा ने एक्स पोस्ट में कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत को ट्रैकोमा-मुक्त घोषित किया है, जिससे एक ऐसी बीमारी खत्म हो गई है जो कभी व्यापक अंधेपन का कारण बनती थी। स्वच्छता, पहुंच और नेत्र देखभाल सेवाओं में निरंतर प्रयासों के साथ, यह उपेक्षित उष्णकटिबंधीय बीमारी अब समाप्त हो गई है। सार्वजनिक स्वास्थ्य में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर और भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली, सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और लाखों नागरिकों के लिए गर्व का क्षण।

## हाईटेक बने यूपी के किसान, राजधानी समेत छह जिलों में ड्रोन से फसलों की सुरक्षा शुरु

▸ किसानों को वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों से जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में किसानों की आय दोगुनी करने और कृषि को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने की दिशा में योगी सरकार ने एक और बड़ा कदम उठाया है। अब राज्य के किसान ड्रोन तकनीक से फसल सुरक्षा कर रहे हैं।

राजधानी लखनऊ समेत छह जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के तहत ड्रोन से नैनो यूरिया और कीटनाशकों का छिड़काव शुरू कर दिया गया है।



इस पहल से एक घंटे में तीन से बारह एकड़ तक के क्षेत्रफल में फसलों पर प्रभावी ढंग से छिड़काव किया जा रहा है। इससे न केवल फसल उत्पादन में वृद्धि होगी, बल्कि किसानों को कम समय में अधिक लाभ मिलेगा। योगी सरकार आत्मनिर्भर कृषक समन्वित विकास योजना और एग्री इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (एआईएफ) जैसी योजनाओं के जरिए किसानों की आमदनी बढ़ाने के प्रयास कर रही है। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि फिलहाल प्रदेश में कुल नौ ड्रोन प्रोजेक्ट तैयार किए गए हैं। इनमें गोरखपुर, बहराइच और मुजफ्फरनगर में दो-दो, जबकि लखनऊ, गाजियाबाद और कानपुर नगर में एक-एक प्रोजेक्ट की शुरुआत हो चुकी है। ड्रोन के माध्यम से किसानों को टेक्निकल ट्रेनिंग भी दी जा रही है, जिससे वे आधुनिक कृषि पद्धतियों को सहजता से अपना सकें। योगी सरकार की योजना है कि इस प्रणाली को जल्द ही अन्य जिलों में भी लागू किया जाए, जिससे पूरे प्रदेश में कृषि क्षेत्र को तकनीकी रूप से सशक्त बनाया जा सके।

### ड्रोन तकनीक के इस नवाचार से कृषि क्षेत्र को मिलेगी नई दिशा

इसके साथ ही किसानों को तकनीकी प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। ड्रोन चलाने के साथ ही आधुनिक कृषि पद्धतियों की जानकारी किसानों को दी जा रही है। अभी छह जिलों में शुरू इस परियोजना के जल्द ही अन्य जिलों में भी विस्तार की तैयारी है। स्मार्ट एग्रीकल्चर की ओर यूपी सरकार का यह मजबूत कदम है। ड्रोन तकनीक के इस नवाचार से उत्तर प्रदेश में कृषि क्षेत्र को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। वैज्ञानिक पद्धति पर आधारित यह पहल आने वाले समय में किसानों के लिए वरदान साबित हो सकती है।

### आधुनिक तकनीक से बड़े क्षेत्रफल पर प्रभावी छिड़काव हुआ संभव

ड्रोन से खेती की निगरानी और दवा छिड़काव किया जा रहा है। फसलों की समय रहते निगरानी और नैनो यूरिया व कीटनाशकों का सटीक छिड़काव संभव हो पा रहा है। एक घंटे में 12 एकड़ तक एरिया कवर किया जा रहा है। आधुनिक ड्रोन तकनीक से कम समय में बड़े क्षेत्रफल पर प्रभावी छिड़काव संभव हो पाया है।

# निजी हितों के लिए आतंक को समर्थन मानवता के साथ विश्वासघात : मोदी

एजेंसी

**कनानास्किस (कनाडा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद पर दोहरे मापदंड अपनाये जाने के मुद्दे पर विश्व के ताकतवर देशों को सीधे सीधे चुनौती दी और उनसे दो टूक शब्दों में कहा कि निजी हितों के लिए, आतंकवाद को मूक सम्मति देना, आतंक या आतंकवादियों का साथ देना, पूरी मानवता के साथ विश्वासघात है।

श्री मोदी ने यहां मंगलवार को ऊर्जा सुरक्षा पर जी-7 आउटरीच सत्र के दौरान अपने संबोधन में आतंकवाद के मुद्दे पर वैश्विक शक्तियों से सीधे एवं कठोर सवाल पूछे। श्री मोदी ने कहा, एक गंभीर विषय की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं- वह है आतंकवाद। आतंकवाद पर दोहरे मापदंडों का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। हाल ही में भारत को एक क्रूर और कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले का सामना करना पड़ा। बाइस अप्रैल को हुआ आतंकवादी हमला केवल पहलगाम पर ही नहीं, बल्कि हर भारतीय की आत्मा, अस्मिता और गरिमा पर भी सीधा आघात था। यह पूरी मानवता पर आघात था। आप सभी मित्रों ने जिन कड़े शब्दों में इसकी निंदा की, संवेदनायें व्यक्त की, उसके लिए आपका आभार व्यक्त करता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा, आतंकवाद मानवता का दुश्मन है। लोकतान्त्रिक मूल्यों में विश्वास रखने वाले सभी देशों का विरोधी है। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुटता अनिवार्य है। भारत के पड़ोस में तो आतंकवाद का ब्रीडिंग ग्राउन्ड है! वैश्विक शांति और समृद्धि के लिए, हमारी सोच और नीति स्पष्ट होनी चाहिए- यदि कोई भी देश आतंकवाद का समर्थन करता है, तो उसे इसकी कीमत चुकानी होगी।





### आपसी संबंधों को और मजबूत बनाने पर चर्चा

**जागरेब।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन देशों की यात्रा के अंतिम पड़ाव पर बुधवार को यहां क्रोएशिया की राजधानी जागरेब पहुंच गये। जागरेब अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर क्रोएशियाई प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेन्कोविच ने श्री मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। श्री मोदी कनाड़ा में जी-7 देशों के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद जागरेब पहुंचे हैं। यात्रा की शुरूआत में वह सबसे पहले साइप्रस गये थे। दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय बैठक आज शाम होगी। क्रोएशियाई प्रधानमंत्री श्री मोदी के सम्मान में रात्रिभोज का आयोजन करेंगे। इसके बाद देर रात श्री मोदी स्वदेश रवाना हो जायेंगे। प्रधानमंत्री ने जी-7 देशों की शिखर बैठक से इतर भागीदार देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठक में आपसी संबंधों को और मजबूत बनाने पर चर्चा की।

### योग दिवस पर विशाखापट्टनम में पीएम करेंगे योगा

**समुद्र पर पांच लाख लोगों के साथ योगा का रिकॉर्ड बनाने की तैयारी**

**विशाखापट्टनम।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21 जून को 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विशाखापट्टनम में योगाभ्यास करेंगे। इस साल के योग दिवस की थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य है। इस आयोजन को एतिहासिक बनाने के लिए राज्य सरकार खास व्यवस्था कर रही है। राज्य सरकार योग आंध्र-2025 के लिए विशाखापत्तनम के रामकृष्ण बीच रोड पर स्थित समुद्र तट पर एक साथ 5 लाख लोगों के साथ योगा कर रिकॉर्ड बनाने की तैयारी में जुटी है। इसकी व्यवस्था मुख्यमंत्री चन्द्रबाबू नायडू और उनके बेटे लोकेश स्वयं देख रहे हैं। विशाखापत्तनम के समुद्र तट पर होने वाले 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम को राज्य सरकार ऐतिहासिक बनाने में जुटी है। इसके लिएमैदान समुद्र तट पर 5 लाख लोगों के साथ योग आसन कर विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी है।

### डसॉल्ट एविएशन भारत में बनाएगी फाल्कन-2000 बिजनेस जेट

**नई दिल्ली।** फ्रांसीसी कंपनी डसॉल्ट एविएशन अब वैश्विक बाजार के लिए भारत में फाल्कन-2000 बिजनेस जेट बनाएगी। इसके लिए आज पेरिस एयर शो में कंपनी ने रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की सहायक कंपनी रिलायंस एयरोस्ट्रक्चर लिमिटेड (आरएएल) के साथ एक समझौता किया है। इस समझौते के बाद भारत संयुक्त राज्य अमेरिका, फ्रांस, कनाडा और ब्राजील के बाद अगली पीढ़ी के बिजनेस जेट बनाने वाले देशों के कुलीन क्लब में शामिल हो गया है। यह पहली बार है कि जब डसॉल्ट एविएशन फ्रांस के बाहर फाल्कन-2000 जेट का निर्माण करेगा, जिससे भारत रणनीतिक वैश्विक विमानन केंद्र के रूप में स्थापित होगा। बिजनेस एग्जीक्यूटिव जेट्स के लिए पहली असेंबली लाइन डसॉल्ट रिलायंस एयरोस्पेस लिमिटेड (डीआरएएल) महाराष्ट्र के नागपुर में स्थापित की जाएगी। यहां जेट का पूर्ण ढांचा और विंग असेंबली संचालन के हस्तांतरण के साथ-साथ प्रमुख सुविधा उन्नयन होगा।

## अब हाईवे पर सफर होगा बेफिक्र, तीन हजार में मिलेगा साल का फास्टैग पास

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को बड़ा ऐलान किया है। देशभर के निजी वाहन चालकों को राहत देते हुए सरकार ने 3,000 रुपये का वार्षिक फास्टैग आधारित पास लॉन्च करने का निर्णय लिया है, जो इस साल 15 अगस्त से लागू होगा।

केंद्रीय मंत्री गडकरी ने एक्स पोस्ट के माध्यम से बताया कि यह पास गैर-व्यावसायिक निजी वाहनों जैसे कार, जीप और वैन के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है। यह सक्रिय होने की तिथि से एक वर्ष या 200 यात्राओं (जो पहले हो) तक वैध रहेगा और पूरे भारत के राष्ट्रीय राजमार्गों पर लागू होगा। यह पहल लंबे समय से चली आ रही टोल प्लाज़ा संबंधी समस्याओं- जैसे प्रतीक्षा समय, भीड़ और लेन विवाद के समाधान करने के उद्देश्य से लाई गई है। पास धारकों को टोल प्लाजा पर बार-बार भुगतान से मुक्ति मिलेगी और यात्रा अधिक तेज और सुविधाजनक होगी।



उन्होंने कहा कि जल्द ही इस पास के सक्रियण और नवीनीकरण के लिए राजमार्ग यात्रा ऐप और एमओआरटीएच या एनएचएआई की वेबसाइट पर एक अलग लिंक उपलब्ध कराया जाएगा। इससे प्रक्रिया सरल और सुगम होगी। गडकरी ने कहा कि लंबे समय से टोल प्लाज़ा की 60 किलोमीटर सीमा को लेकर उठ रही चिंताओं को ध्यान में रखते हुए सरकार ने इस योजना को आकार दिया है। सरकार के इस कदम से उन लोगों को राहत मिलेगी जो एक ही टोल के दायरे (60 किमी तक) में नियमित यात्रा करते हैं। इस नीति से उम्मीद की जा रही है कि यह लाखों निजी वाहन चालकों के लिए यात्रा को तेज, सुरक्षित और सहज बनाएगी। नीति का उद्देश्य 'एक राष्ट्र, एक पास' की अवधारणा को मजबूत करना है।

## संक्षिप्त समाचार

### फर्जी आयुष्मान कार्ड बनाने में गिरोह का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**प्रयागराज।** फर्जी एवं अपात्र लोगों को आयुष्मान कार्ड बनाने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए एसटीएफ मुख्यालय लखनऊ की टीम ने बुधवार को नवाबगंज थाना क्षेत्र से मास्टरमाइंड समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया। टीम ने गिरोह के कब्जे से दो मोबाइल, 84 फर्जी व कूटरचित आयुष्मान कार्ड, 112 वर्क कूटरचित आयुष्मान समेत अन्य दस्तावेज बरामद किया है। आरोपितों में मास्टरमाइंड नवाबगंज थाना क्षेत्र के सेराना पाण्डेय का पुरवा गांव निवासी अमित पाण्डेय पुत्र विशाल पाण्डेय और इसका दूसरा साथी सोरांव थाना क्षेत्र के पसियापुर गांव निवासी बृज भुवन पटेल पुत्र रामसुफल है। एसटीएफ मुख्यालय लखनऊ अपर पुलिस अधीक्षक विशाल सिंह ने बताया कि एसटीएफ मुख्यालय साइबर टीम को लंबे समय से शिकायतें मिल रही थी ।

### केदारनाथ में भूस्खलन, दो मजदूरों की मौत, तीन घायल

**रुद्रप्रयाग/गुप्तकाशी।** केदारनाथ धाम की पैदल यात्रा मार्ग पर जंगलचट्टी के पास बुधवार को हुए भूस्खलन में दो पालकी मजदूरों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद गौरीकुंड अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने जानकारी देते हुए बताया कि घटना सुबह करीब 11.20 बजे घटी, जब अचानक पहाड़ी से मलबा और पत्थर गिरने लगे। इससे कई डंडी-कंडी संचालक और यात्री चपेट में आ गए, जिनमें से कुछ नीचे खाई में गिर गए।

### महाराष्ट्र : कक्षा 1 से 5 तक हिंदी बनी तीसरी अनिवार्य भाषा

**मुंबई।** महाराष्ट्र में सभी मराठी और अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में पहली से पांचवी कक्षा तक हिंदी को तीसरी अनिवार्य भाषा बनाया गया है जिसका मराठी भाषा समर्थक जोरदार विरोध कर रहे हैं और इसे फ़चुपचाप लागू करने जैसा बताया है। राज्य के स्कूल शिक्षा विभाग ने मंगलवार को हिंदी को तीसरी अनिवार्य भाषा बनाने का निर्देश जारी किया। यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत तैयार किए गये राज्य शैक्षणिक पाठ्यक्रम ढांचे 2024 को लागू करने का हिस्सा है।

## पांच दिन देरी से पहुंचा मानसून, भारी बारिश के आसार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** यूपी में दक्षिण-पश्चिम मानसून ने सामान्य समय से पांच दिन की देरी से बुधवार को दस्तक दी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सामान्य तौर पर राज्य में मानसून का आगमन 13 जून को होता है।

आईएमडी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मानसून की दस्तक के साथ ही सोनभद्र, बलिया, मऊ, गाजीपुर आदि सहित उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। इसके अनुसार, अगले दो से तीन दिन में दक्षिण-पश्चिम मानसून के उत्तर प्रदेश के अन्य हिस्सों में आगे बढ़ने की संभावना है। आईएमडी के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने कहा, ''वर्तमान में पश्चिम बंगाल के गंगा तट के पास स्थित एक सुस्पष्ट निम्न दबाव क्षेत्र के आने वाले दिनों में पश्चिम-उत्तरपश्चिमी दिशा में आगे बढ़ने की संभावना है। इस मौसम प्रणाली से 19 जून से उत्तर प्रदेश में बारिश में उल्लेखनीय वृद्धि होने का अनुमान है।'' सिंह ने कहा, ''19 से 22 जून के बीच राज्य के कई हिस्सों में बूंदाबांदी से लेकर बेहद भारी बारिश की प्रबल संभावना है।



**19-22 जून के बीच राज्य के कई हिस्सों में बूंदाबांदी से लेकर बेहद भारी बारिश की प्रबल संभावना**

### आईसीसी ने महिला टी-20 विश्वकप 2026 का कार्यक्रम किया जारी

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने बुधवार को 24 दिनों तक चलने वाले महिला टी-20 विश्वकप 2026 के पूरे कार्यक्रम की आधिकारिक रूप से घोषणा की। टूर्नामेंट की शुरुआत अगले वर्ष 12 जून को एजबेस्टन में दूधिया रोशनी में इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच होने वाले मैच से होगी। टूर्नामेंट में मौजूदा विजेता न्यूजीलैंड सहित 12 टीमें प्रतिष्ठित ट्रॉफी के लिए स्पर्धा करेंगी। आठ देश पहले से ही टूर्नामेंट में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं।

## पुलिया से टकराकर कार में लगी आग, पांच जिंदा जले

समृद्धि न्यूज

**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में भीषण हादसा हुआ है। यहां एक कार पुलिया से टकराकर पलट गई और फिर उसमें आग लग गई। हादसे में कार सवार पांच लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि एक किशोरी की हालत गंभीर है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कार सवार लोग बदायूं में शादी समारोह से दिल्ली लौट रहे थे। एसपी देहात डॉ. तेजवीर सिंह ने बताया कि एक शादी समारोह से कार सवार लोग बदायूं जिले के सहसवान से दिल्ली के मालवीय नगर लौट रहे थे। इसी दौरान थाना जहांगीराबाद कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जानीपुर चंदौस के पास कार अचानक पुलिया से जा टकराई। टक्कर के बाद कार में आग लग गई और उसमें सवार छह लोगों में तनवीर अहमद का पुत्र तनवीज अहमद (24), पुत्री मोमिना (22), जुबेर अली (25), निदा (20) और जुबेर अली की पुत्री जैनुल (02) की जलकर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। गंभीर रूप से झुलसी किशोरी गुलनाज (17) को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसपी ने बताया कि पुलिस ने पांच शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाई है।



### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले मुख्यमंत्री योगी



**नई दिल्ली।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। मुख्यमंत्री योगी ने मुलाकात की जानकारी अपने एक्स अकाउंट पर दी और कहा कि राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से शिष्टाचार भेंट की।

## जेम के माध्यम से की गई खरीद में यूपी अव्वल

▸ केंद्र ने यूपी मॉडल को सराहा, मंत्री ने सीएम को लिखा पत्र

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** केंद्र सरकार ने दावा किया है कि गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस जेम के माध्यम से की गई खरीद में यूपी ने अभूतपूर्व प्रदर्शन किया है।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर जेम के माध्यम से राज्य की सक्रिय भागीदारी और योगदान की खुले शब्दों में प्रशंसा की है। साथ ही उन्होंने योगी सरकार के इस प्रयास को अन्य राज्यों के लिए एक आदर्श मॉडल भी बताया है। पीयूष गोयल ने पत्र के साथ ही 5 वर्षों में जेम पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा की गई खरीद का डाटा भी दिया गया है, जिसके अनुसार प्रदेश सरकार ने 2020-21 से 2024-25 के दौरान कुल 65,227 करोड़ रुपए से ज्यादा की खरीद की है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने सीएम योगी को लिखे गए पत्र में कहा है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 5.43 लाख करोड़ रूपये मूल्य के 72 लाख से अधिक क्रय आदेश पूरे किए गए, जो देश की सार्वजनिक खरीद प्रणाली के लिए एक नया कीर्तिमान है।

## हिंदी के लिए पार्वती तिर्की को मिलेगा साहित्य अकादमी का युवा पुरस्कार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** साहित्य अकादमी ने बुधवार को वर्ष 2025 के लिए युवा पुरस्कार और बाल साहित्य पुरस्कार की घोषणा की। अकादमी के कार्यकारी मंडल ने 23 युवा लेखकों की पुस्तकों एवं 24 बाल साहित्यकारों के लिए पुरस्कार 2025 अनुमोदित किए। इन पुस्तकों को तीन सदस्यीय निर्णायक मंडल ने निर्धारित चयन प्रक्रिया का पालन करते हुए पुरस्कार के लिए चुना। डोगरी भाषा का युवा पुरस्कार बाद में घोषित किया जाएगा। साहित्य अकादमी ने एक बयान में बताया कि दोनों पुरस्कारों के लिए एक उत्कीर्ण ताम्रफलक तथा 50 हजार रुपये की सम्मान राशि बाद में आयोजित होने वाले एक विशेष समारोह में प्रदान किए जाएंगे। हिंदी के लिए युवा पुरस्कार पार्वती तिर्की के कविता-संग्रह फिर उगना को प्रदान किया गया है।

## ईरान और इजराइल संघर्ष के बीच भारतीय छात्रों की सुरक्षित निकासी

▸ 110 भारतीय छात्रों को सुरक्षित रूप से उत्तरी ईरान से निकाला गया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत ने ईरान और इज़राइल के बीच बढ़ते संघर्ष को देखते हुए ईरान में रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए हैं। इसी क्रम में 110 भारतीय छात्रों को सुरक्षित रूप से उत्तरी ईरान से निकाला गया है। यह 'ऑपरेशन सिन्धु' के प्रारंभिक चरण का हिस्सा है।

विदेश मंत्रालय की ओर से बुधवार को इसकी जानकारी दी गई। मंत्रालय ने बताया कि 17 जून को भारतीय दूतावास ने 110 भारतीय छात्रों को उत्तरी ईरान से सड़क मार्ग द्वारा आर्मेनिया की राजधानी येरेवान पहुंचाया। यह प्रक्रिया ईरान और आर्मेनिया में स्थित भारतीय मिशनों की निगरानी में सम्पन्न हुई। ये छात्र आज दोपहर 2.55 बजे एक विशेष विमान द्वारा येरेवान से रवाना हुए और कल तड़के नई दिल्ली पहुंचेंगे। विदेश मंत्रालय ने ईरान और आर्मेनिया की सरकारों का इस निकासी प्रक्रिया में सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है। साथ ही कहा कि विदेशों में रहने वाले भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और सुविधा को भारत सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**बढ़ी ताकत**

### देश का पहला एंटी सबमरीन वारफेयर अर्णाला भारत के समुद्री बेड़े में शामिल

## हिंद महासागर में भारत की स्थिति और होगी मजबूत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश का पहला एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट अर्णाला बुधवार को भारत के समुद्री बेड़े में शामिल हो गया।

महाराष्ट्र के वसई के ऐतिहासिक अर्णाला किले के नाम पर बना यह युद्धपोत भारत की समृद्ध समुद्री विरासत को दर्शाता है। यह पोत भारत की नौसैनिक क्षमताओं में बड़ा बदलाव लाने के साथ ही तटीय सुरक्षा को मजबूत करेगा। रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हिंद महासागर क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर समुद्री शक्ति के रूप में उभरेगा। विशाखापट्टनम के नौसेना डॉकयार्ड में आज चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान की अध्यक्षता में कमीशनिंग समारोह में जहाज को नौसेना के बेड़े में शामिल किया गया। एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट पोत के शामिल होने से भारतीय नौसेना की उथले पानी की पनडुब्बी रोधी युद्धक क्षमता में बढ़ोतरी होगी। यह भारतीय नौसेना का 1490 टन से अधिक सकल भार वाला 77 मीटर लंबा डीजल इंजन-वाटर जेट से संचालित होने वाला सबसे बड़ा युद्धपोत है।



### माइन बिछाने की उन्नत क्षमता से युक्त है अर्णाला

स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित 16 पनडुब्बी रोधी युद्धक उथले जल पोत (एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट) में से यह पहला पोत है। इस युद्धपोत में 80 फीसदी से अधिक स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। यह जहाज तटीय जल में एंटी-सबमरीन वारफेयर संचालन में सक्षम है। साथ ही यह माइन बिछाने की उन्नत क्षमता से युक्त है। विभिन्न खतरों के खिलाफ मजबूती से खड़े रहे अर्णाला किले की तरह इस जहाज को समुद्र में मजबूत उपस्थिति के लिए डिजाइन किया गया है। इसका मजबूत निर्माण और उन्नत क्षमताएं सुनिश्चित करती हैं कि यह जहाज समुद्री क्षेत्र की चुनौतियों का सामना करके उभरते खतरों से भारत के जल की रक्षा कर सकता है। नौसेना के अनुसार अर्णाला जहाज को पानी के नीचे निगरानी रखने, तलाश और बचाव कार्यों और कम तीव्रता वाले समुद्री संचालन (एलआईएमओ) के लिए तैयार किया गया है।

# विश्व स्तर पर उत्तर प्रदेश के कुशल युवाओं की भारी मांग

## सूरीनाम में भारत के राजदूत सुभाष पी. गुप्ता ने यूपीएसडीएम मुख्यालय का किया दौरा, युवाओं के वैश्विक कौशल विकास पर बल

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** सूरीनाम में भारत के राजदूत सुभाष पी. गुप्ता अपने उत्तर प्रदेश दौरे के दौरान उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन मुख्यालय, लखनऊ पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने मिशन के अधिकारियों के साथ राज्य में कौशल विकास की बदलती तस्वीर पर विस्तृत चर्चा की।

सुभाष पी. गुप्ता ने कहा कि उत्तर प्रदेश के युवाओं में अपार संभावनाएं हैं और विश्व स्तर पर उत्तर प्रदेश के कुशल युवाओं की भारी मांग है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से सूरीनाम में तेल और गैस क्षेत्र में प्रशिक्षित युवाओं की मांग तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने इस दिशा में भारत से कुशल युवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने पर बल दिया और इस क्षेत्र में वर्चुअल कोर्स संचालित करने का सुझाव भी दिया ताकि प्रशिक्षण अधिक सुलभ और व्यापक हो सके। उन्होंने अपने वैश्विक अनुभव साझा करते हुए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कौशल विकास से जुड़ी संभावनाओं को मजबूत करने के सुझाव भी दिए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के युवाओं को वैश्विक मांग के अनुरूप प्रशिक्षित कर रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं।

इस अवसर पर मिशन के संयुक्त निदेशक मयंक गंगवार ने एक प्रस्तुति के माध्यम से यूपीएसडीएम की उपलब्धियां, अब तक किए गए प्रयासों और भविष्य के विजन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश को वैश्विक स्तर पर कौशल संपन्न प्रतिभाओं का हब बनाने की दिशा में मिशन निरंतर कार्य कर रहा है। बैठक में यूपीएसडीएम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

**अपर मिशन निदेशक प्रिया सिंह ने बताया कि यूपीएसडीएम अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है और युवाओं के कौशल प्रशिक्षण में उद्योग की मांगों के अनुरूप नवीनतम तकनीकों का समावेश किया जा रहा है।**

### अंतरराष्ट्रीय मांग के अनुरूप दिया जा रहा प्रशिक्षण

मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बैठक में बताया कि यूपीएसडीएम राज्य के युवाओं को अंतरराष्ट्रीय मांग के अनुरूप आधुनिक और पारंपरिक क्षेत्रों में कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। युवाओं को न केवल तकनीकी दक्षता दी जा रही है, बल्कि उन्हें सॉफ्ट स्किल्स, संचार कौशल, भाषा, बायोडाटा निर्माण और व्यवहारिक ज्ञान के माध्यम से वैश्विक स्तर पर स्वीकार्य बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

# अधिकारियों से अनुरोध : पुराने कनेक्शनों के नाम ट्रांसफर के लिए न लिया जाए कोई चार्ज

**अधिकारियों ने दिया समस्याओं के समाधान का आश्वासन**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** भारतीय किसान यूनियन (अवध) राजू गुप्ता संगठन ने बिजली विभाग की समस्याओं को लेकर एक्सईएन कार्यालय में ज्ञापन सौंपा बुधवार को भारतीय किसान यूनियन और बीकेटी अधिशाषी अभियंता के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य क्षेत्र के किसानों द्वारा बिजली संबंधित समस्याओं को हल करना था, जिसमें किसान अपने बिजली बिलों और अन्य मुद्दों को लेकर परेशान हैं।

बैठक में भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष मो हलीम ने किसानों की समस्याओं को विस्तार से अधिकारियों के सामने रखा। उन्होंने बताया कि कई किसानों के बिजली बिल बहुत अधिक आ रहे हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर बुरा असर पड़ रहा है। उन्होंने अधिकारियों से अनुरोध किया कि पुराने कनेक्शनों के नाम ट्रांसफर के लिए कोई चार्ज न लिया जाए। जिन किसानों पर गलत तरीके से चोरी के मुकदमे लगाए गए हैं, उन्हें तुरंत समाप्त किया जाए। बैठक के दौरान बीकेटी अधिशाषी अभियंता पंकज गुप्ता ने किसानों की सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और उन्हें नोट किया। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इस बैठक ने किसानों की बिजली समस्याओं पर गंभीर चर्चा की, और उम्मीद है कि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान होगा।

## खबरें एक नजर में

### सी.एम.एस. में अन्तर-विद्यालयी योगा मीट का भव्य आयोजन



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस द्वारा आगामी अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) के उपलक्ष्य में 10वीं अन्तर-विद्यालयी योगा मीट का भव्य आयोजन आज विद्यालय के डा. जगदीश गाँधी ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। इस योगा मीट में जहाँ एक ओर लखनऊ के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के प्रतिभागी छात्रों ने विभिन्न योगासनों एवं यौगिक क्रियाओं में अपनी महारत का जोरदार प्रदर्शन किया तो वहीं दूसरी ओर देश की सांस्कृतिक विरासत को विश्व के कोने-कोने में पहुँचाने के साथ ही समस्त जनमानस को योग की महत्ता से अवगत कराया। सी.एम.एस. राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस की वरिष्ठ प्रधानाचार्या निशा पाण्डेय ने कहा कि योग हमारी महान सॉंस्कृतिक विरासत का एक अंग है जिसे सारे विश्व समुदाय ने अपनाया और सराहा है। अन्तर-विद्यालयी योगा मीट के अन्तर्गत प्रतियोगिताओं का आयोजन तीन श्रेणियों में किया गया, जिसमें 16 विद्यालयों के 350 से अधिक छात्रों ने सीनियर वर्ग, जूनियर वर्ग एवं प्राइमरी वर्ग के अन्तर्गत यौगिक क्रियोओं में अपने हुनर का जोरदार प्रदर्शन का निर्णायक मंडल समेत उपस्थित दर्शकों व योग प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रख्यात योग प्रशिक्षकों ने प्रतियोगिताओं में निर्णायकों की भूमिका निभाई एवं प्रतियोगिताओं के उपरान्त विजयी छात्रों को पुरष्कृत कर सम्मानित किया गया।

### पेट्रोल पंप मालिक के घर एक करोड़ की चोरी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के जानकीपुरम थाना क्षेत्र में पेट्रोल पंप मालिक के घर में करीब 1 करोड़ की चोरी हुई है। घटना के वक्त पूरा परिवार बेंगलुरु गया था। मंगलवार देर रात लौटने पर घर के सारे ताले टूटे मिले। अंदर जाकर देखा तो हर कमरे में सामान बिखरा पड़ा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच में आया है कि चोरों ने घर में रखे डाई फ्रूट्स और चिप्स भी खाए हैं। खरगपुर जागीर निवासी दुर्गेश कुमार मिश्रा का सीतापुर रोड पर मिश्रा ब्रदर्स नाम से पेट्रोल पंप हैं। दुर्गेश 28 मई को अपने परिवार के साथ बहन सरिता के घर बेंगलुरु गए थे। घर से जेवर, नकदी और महंगी साड़ियां गायब थीं। उन्होंने इसकी पुलिस को सूचना दी। दुर्गेश कुमार ने बताया कि घर में उनका और भाई राम मनोहर मिश्रा का परिवार रहता है। घर में करीब एक करोड़ के पुश्तैनी और नए जेवर रखे थे। करीब 3 लाख रुपए नकद रखा था, जो चोरी हुआ है। चोरों ने पूरे घर को अच्छे से खंगाला है। अलमारी में रखी कीमती साड़ी और कमरे में रखा स्पीकर भी ले गए। किचन में रखा चिप्स और फ्रीज में रखे ड्राई फ्रूट्स भी खाए। मामले में पुलिस का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी की मदद से तलाश की जा रही है।

### विधायक निवास बिल्डिंग से बाइक चोरी, सीसीटीवी में घटना कैद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में हुसैनगंज स्थित विधायक निवास में एक युवक गार्ड रूम के पास खड़ी बाइक चुरा ले गया। बाइक चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हुई। विधायक निवास में चोरी की घटना से वहां की सुरक्षा की पोल खोल दी है। जबकि घटना स्थल के पास ही गार्ड बैठता है। पीड़ित विजय कुमार ने बाइक चोरी की शिकायत हुसैनगंज थाना में शिकायत दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक ओसीआर बिल्डिंग में खड़ी बाइक चोरी की घटना सामने आई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही है।

### राजधानी में बिजली कटौती को लेकर आप का प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में आम आदमी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बिजली कटौती को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। उनकी पुलिस से करीब 1 घंटे तक धक्का-मुक्की हुई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को घसीटकर गाड़ी में बैठाया और ईको गार्डन ले गई। पुलिस महिला कार्यकर्ताओं को भी घसीटकर ले गई। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने प्रदेश सरकार के खिलाफजमकर नारेबाजी की। उन्होंने शघर में अंधेरा बाहर है लू, जनता बोले थू... थू.. थू... का नारा लगाया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर कपड़े फाड़ने और अभद्रता करने का आरोप लगाया। आप की जिलाध्यक्ष इरम रिजवी, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता वंशराज दुबे समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बिजली कटौती और बढ़ते दामों को लेकर जमकर हंगामा किया। इस दौरान पहुंचे पुलिसकर्मियों से उनकी करीब 1 घंटे तक धक्का-मुक्की हुई। पुलिसकर्मियों ने जिलाध्यक्ष इरम रिजवी समेत अन्य प्रदर्शनकारियों को घसीटकर गाड़ी में बैठाया। उन्हें ईको गार्डन ले जाकर छोड़ा। आम आदमी पार्टी के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता वंश राज दुबे ने बिजली व्यवस्था पर नाराजगी जताई।

### अनाधिकृत वेंडरों के विरुद्ध चला जांच अभियान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** यात्रियों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण खानपान सेवायें उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल द्वारा अनाधिकृत व अवैध वेंडरों की रोकथाम हेतु समय-समय पर औचक जांच अभियान चलाए जाते हैं। इसी क्रम में 18 जून को लखनऊ स्टेशन पर मंडल के वाणिज्य विभाग की कैटरिंग टीम द्वारा आरपीएफ/लखनऊ के सहयोग से एक विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान प्लेटफार्म संख्या 06/07 एवं गाड़ी संख्या 12523 पर कुल पांच अनाधिकृत वेंडरों को पकड़ा गया, जो बिना किसी प्राधिकार पत्र के खाद्य एवं पेय सामग्री की बिक्री कर रहे थे। पूछताछ के दौरान ये सभी वेंडर किसी प्रकार का वैध प्राधिकार पत्र प्रस्तुत नहीं कर सके। बरामद खाद्य सामग्री सहित इन वेंडरों को आवश्यक वैधानिक कार्रवाई हेतु आरपीएफ/लखनऊ को सौंप दिया गया। लखनऊ मंडल यह सुनिश्चित करने हेतु प्रतिबद्ध है कि स्टेशन परिसरों एवं ट्रेनों में केवल अधिकृत वेंडर ही खानपान की सेवाएं प्रदान करें, ताकि यात्रियों को साफ-सुथरे, मानक अनुरूप एवं स्वास्थ्यवर्धक खाद्य पदार्थ ही उपलब्ध कराए जा सकें। उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार की औचक जांचें नियमित रूप से जारी रहेंगी।

**योगी सरकार ने वित्त आयोग के सामने पेश किया ब्लूप्रिंट, 16वें वित्त आयोग को भेजे सुझाव**

# उत्तर प्रदेश का आपदा प्रबंधन होगा और मजबूत

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में आपदा से निपटने की रणनीति को और प्रभावी बनाने के लिए 16वें वित्त आयोग के सामने कई अहम प्रस्ताव रखे हैं। एक आधिकारिक बयान में बुधवार को यह जानकारी दी।

राज्य सरकार द्वारा बुधवार को यहां जारी एक बयान के मुताबिक सरकार ने हाल ही में 16वें वित्त आयोग के सामने आपदा प्रबंधन को और मजबूत करने के लिए कई अहम प्रस्ताव रखे हैं जिनमें राज्य आपदा राहत कोष (एसडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन कोष (एसडीएमएफ) के नियमों में कई बदलाव शामिल हैं। बयान के अनुसार सरकार की ओर से रखे गये प्रस्तावों में राज्य द्वारा अधिसूचित आपदाओं, जैसे उष्ण लहर, वज्रपात, असमय बारिश, तूफान, सांप के काटने और डूबने जैसी घटनाओं को राष्ट्रीय आपदा सूची में शामिल करने की बात कही है। सरकार का मानना है कि ये आपदाएं राज्य में बड़ी संख्या में लोगों को प्रभावित करती हैं। बयान के मुताबिक, 'प्रदेश सरकार ने राज्य अधिसूचित आपदाओं के लिए खर्च की सीमा को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 फीसद करने की मांग की है। यह बदलाव इसलिए जरूरी है क्योंकि राज्य की आपदाएं अधिक लोगों को प्रभावित करती हैं और उनके लिए पर्याप्त संसाधनों की जरूरत होती है। इसमें कहा गया कि राज्य सरकार ने यह भी प्रस्ताव दिया है कि कोष के विभिन्न मदों के बजट को आपस में बदलने की व्यवस्था होने चाहिए ताकि अगर किसी एक मद में खर्च न हो तो उसका उपयोग दूसरी जरूरतों के लिए किया जा सकेगा। बयान में कहा गया, 'सरकार ने एक और महत्वपूर्ण मांग रखते हुए कहा है कि आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत प्रत्येक जिले में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के भवन निर्माण की अनुमति दी जाए। वर्तमान में एसडीआरएफ और एसडीएमएफके नियम इसकी अनुमति नहीं देते।' बयान के अनुसार सरकार ने इसके साथ ही एक प्रतिशत प्रशासनिक खर्च की अनुमति देने की भी मांग की है ताकि आपदा प्रबंधन के लिए बेहतर प्रशासनिक ढांचा तैयार किया जा सके।

# मुंशी पुलिया, खुर्रम नगर व टेढ़ी पुलिया से अतिक्रमण हटाने के आदेश

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ शहर में बढ़ते ट्रैफिक जाम और अवैध अतिक्रमण की समस्याओं को लेकर बुधवार को जिलाधिकारी विशाख जी. और संयुक्त पुलिस आयुक्त बबलू कुमार ने लखनऊ के तीन प्रमुख चौराहों- मुंशी पुलिया, खुर्रम नगर और टेढ़ी पुलिया का संयुक्त निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान एसीपी ट्रैफिक ने जानकारी दी कि शाम के समय मुंशी पुलिया और कलेवा से आने वाले मार्ग पर भारी जाम की स्थिति रहती है।इस पर डीएम ने अपर नगर आयुक्त लालित कुमार को निर्देश दिए कि पुलिस-नगर निगम की संयुक्त टीम से अवैध अतिक्रमण हटाने की ड्राइव चलाई जाए। स्थायी रूप से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। रोटरी निर्माण व जंक्शन इंप्रूवमेंट के लिए एलडीए के अधिशासी अभियंता अशोक कुमार को ट्रैफिक स्टडी के निर्देश दिए गए। खुर्रम नगर चौराहे पर जंक्शन सुधार और रोड चौड़ीकरण की संभावना का अध्ययन करने का निर्देश एनएच डिवीजन के अधिशासी अभियंता को दिया गया। टेढ़ी पुलिया चौराहे पर कुर्सी रोड पर लगने वाले ठेलों से जाम की समस्या पर डीएम ने कहा सर्विस लेन की मरम्मत कर ठेलों को पीछे शिफ्ट किया जाए। मुख्य मार्ग पर जाम न लगे, इसकी जिम्मेदारी एलडीए और नगर निगम को सौंपी गई।

# सामुदायिक रसोई की स्थापना व संचालन के लिए परामर्श कार्यशाला आयोजित

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** प्रदेश में शहरी गरीबों व जरूरतमंदों के लिए पौष्टिक एवं स्वादिष्ट भोजन किफायती दरों पर उपलब्ध कराए जाने हेतु सामुदायिक रसोई की स्थापना एवं संचालन हेतु अन्य राज्यों में संचालित रसोईयों के प्रतिनिधियों एवं अन्य हितग्राहियों के साथ परामर्श कार्यशाला का आयोजन आज दिनांक 18 जून को निदेशक सूडा अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता में सूडा भवन में हुआ।

उक्त कार्यशाला में निदेशक सूडा द्वारा स्वागत उद्बोधन में प्रदेश में शहरी गरीबों के लिए साफ स्वच्छ, स्वादिष्ट व पौष्टिक भोजन की आवश्यकता पर जोर दिया गया। साथ ही साथ शहरी गरीब व जरूरतमंदों को ससमय पौष्टिक एवं स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध कराए जाने हेतु प्रदेश में प्रस्तावित सामुदायिक रसोई की स्थापना एवं संचालन के संबंध में चर्चा की गई।

उक्त कार्यशाला में विशेष सचिव, सत्य प्रकाश पटेल, नगरीय विकास एवं गरीबी उन्मूलन विभाग उत्तर प्रदेश शासन, सत्य प्रकाश, नगर आयुक्त झांसी, पूर्व नगर आयुक्त लखनऊ, इन्द्रजीत सिंह, विशेष सचिव- निदेशक नेडा उत्तर प्रदेश, उप खाद्य आयुक्त लखनऊ वीपी सिंह द्वारा प्रतिभाग किया गया।

### अभ्यर्थियों का धरना-प्रदर्शन इको गार्डन में जारी, 21 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

**लखनऊ।** 69000 शिक्षक भर्ती के अंतर्गत नियुक्ति की मांग कर रहे आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों का धरना प्रदर्शन 145 दिन से इको गार्डन में जारी है। 38 से 40 डिग्री सेल्सियस तापमान के बीच अभ्यर्थी अपनी मांग पर अड़े हुए है। आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल ने कहा की 69000 शिक्षक भर्ती में आरक्षण लागू करने में विसंगति के कारण हम अभ्यर्थी दर-दर की ठोकर खा रहे हैं, जबकि हमें हाईकोर्ट डबल बेंच ने न्याय देते हुए फैसला हमारे पक्ष में सुनाया हैं। सरकार की लापरवाही के कारण यह मामला अब सुप्रीम कोर्ट में चला गया है। हम लोग मांग कर रहे हैं कि सरकार सुप्रीम कोर्ट में हमारा पक्ष मजबूती के साथ रखें।

# टाटा मोटर्स लिमिटेड लखनऊ में हुई मॉक ड्रिल

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** देवा रोड स्थित चिनहट में टाटा मोटर्स लिमिटेड, लखनऊ में आज संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) भंडारण स्थल पर संभावित रिसाव की स्थिति में तत्परता एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली की जाँच हेतु मुख्य अग्निशमन अधिकारी अंकुश मित्तल तथा गोमती नगर फायर स्टेशन से फायर ऑफिसर सुशील कुमार की देखरेख में एक मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया।

इसका उद्देश्य कारखाने की आपातकालीन प्रतिक्रिया योजना, संचार प्रणाली तथा उपकरणों की तैयारियों का मूल्यांकन करना था। अभ्यास के दौरान कुछ सुधारात्मक बिंदुओं की पहचान हुई, जिससे भविष्य में आपात स्थितियों से और बेहतर तरीके से निपटने की दिशा में आवश्यक सुझाव एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। ड्रिल के दौरान कर्मचारियों को ये महत्वपूर्ण सुरक्षा निर्देश दिए गए। आपातकालीन निकास मार्ग, अग्निशामक यंत्र एवं अन्य सुरक्षा उपकरणों की स्थिति से स्वयं को भली-भांति परिचित रखें। किसी भी प्रकार की घटना या रिसाव की स्थिति में सुरक्षा दल अथवा इमरजेंसी टीम को तुरंत सूचित करें। निर्धारित आपातकालीन कार्ययोजना एवं दिशा-निर्देशों का पालन करें। खतरनाक सामग्री या उपकरणों के साथ कार्य करते समय आवश्यक पीपीई जैसे दस्ताने, सुरक्षा चश्मा आदि का उपयोग करें। आपात स्थिति में घबराएं नहीं, शांति बनाए रखें और आपातकालीन टीम के निर्देशों का पालन करें। टाटा मोटर्स लिमिटेड, लखनऊ फायर एवं आपातकालीन सेवा, लखनऊ के सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त करता है तथा मॉक ड्रिल के दौरान प्राप्त सुझावों और सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों को प्रभावी रूप से लागू करने हेतु प्रतिबद्ध है।

# सीनियर कैडर कोर्स-1 की समाप्ति परेड लखनऊ में

**परेड ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज, एएमसी सेंटर व कॉलेज में हुई आयोजित**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** सीनियर कैडर कोर्स-01 के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के भाग के रूप में 18 जून 2025 को लखनऊ छावनी स्थित आर्मी मेडिकल कोर सेंटर और कॉलेज के ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज में कोर्स समापन परेड आयोजित की गई। इस परेड में कोर्स-01 के 92 गैर-कमीशन अधिकारियों (एनसीओ) ने भाग लिया।

ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज में गहन प्रशिक्षण प्राप्त ये सभी अधिकारी आनेवाले समय में उच्च पद ग्रहण करेंगे। इन बहादुर सैनिकों को दिए गए सैन्य प्रशिक्षण ने उनके मनोबल, आत्मविश्वास और आत्म-सम्मान को बढ़ाया है, जिससे वे सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा के मूल्यों और लोकाचार के साथ जूनियर नेतृत्व की भूमिका प्रभावी ढंग से निभाने के लिए तैयार हो गए हैं। सैन्य परंपराओं के साथ आयोजित इस परेड की समीक्षा मेजर जनरल विनोद कुमार पात्रा, कमांडेंट और मुख्य प्रशिक्षक, ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज, एएमसी सेंटर एवं कॉलेज लखनऊ द्वारा की गई। मिलिट्री डेंटल सेंटर, जबलपुर (म.प्र.) के हवलदार (डेंटल ऑपरेटिंग रूम असिस्टेंट) हर्ष कुमार झा को पाठ्यक्रम में प्रथम स्थान हासिल करने के लिए नायक दीपक सिंह, वीर चक्र रोलिंग ट्रॉफी एवं लेफ्टिनेंट जनरल पीवी रामचंद्रन कैश अवॉर्ड के रूप में 2500/- रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पाठ्यक्रम को संबोधित करते हुए, समीक्षा अधिकारी मेजर जनरल विनोद कुमार पात्रा ने उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और परेड के सावधानीपूर्वक संचालन के लिए उनकी सराहना की।

### मंडल रेल प्रबंधक ने रनिंग रूम व लखनऊ स्टेशन का किया निरीक्षण

**लखनऊ।** 18 जून को उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक, सुनील कुमार वर्मा द्वारा लखनऊ स्टेशन पर द्वितीय प्रवेश द्वार की ओर स्थित लोको पायलट, गार्ड एवं टीटीई रनिंग रूम का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने रनिंग स्टाफ के लिए उपलब्ध सुविधाओं जैसे विश्राम कक्ष, शौचालय, किचन आदि का गहन निरीक्षण किया तथा परिसर की स्वच्छता एवं रखरखाव, किचन वेस्ट, व कूड़ा प्रबंधन की समीक्षा की। उन्होंने वहाँ उपस्थित कर्मचारियों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को भी सुना। इसके अतिरिक्त, द्वितीय प्रवेश की ओर निर्माणाधीन स्टेशन भवन का भी अवलोकन किया और कार्य में गति लाते हुए समयबद्ध रूप से पूरा करने के निर्देश दिए।

# पारा में अवैध डेरी संचालकों ने तालाब पाटा, नगर निगम ने की कार्रवाई

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** नगर निगम की तरफसे पारा में अवैध डेयरियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। मौके से कई मवेशी पकड़े गए। मामले में नगर निगम के अधिकारियों से शिकायत हुई थी, कि मर्दन खेड़ा में तालाब को अवैध डेरी संचालकों ने पाट दिया है।

स्थानीय पार्षद प्रतिनिधि नागेंद्र सिंह ने कई बार नगर निगम के अधिकारियों से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि इसके कारण नालियां जाम हो रही। बारिश में क्षेत्र में जलभराव की स्थिति बन जाएगी। नगर निगम को इसे साफ करा कर अवैध तरीके से डेरी चलाने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। पार्षद प्रतिनिधि नागेंद्र सिंह का कहना है कि पिछले कई सालों से तालाब में गोबर डालने का काम किया जा रहा था। इसके कारण अब पूरा तालाब पाट दिया गया है। कई बार तालाब खुदवाने के लिए नगर निगम को पत्र लिखा है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है। इसपर अवैध कब्जा भी बना हुआ है। इसके साथ ही क्षेत्र के पीतांबर खेड़ा भी तालाब की जमीन पर कब्जा हुआ है। इस पर भी अवैध कब्जा हुआ है। तालाब पर नगर निगम की तरफ से छठ पूजा स्थल और ओपन जिम के साथ में पाथ वे बनाने की तैयारी है। नगर निगम के पशु कल्याण अधिकारी अभिनव वर्मा ने बताया कि अवैध डेयरियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। पारा में 5 भैंस और 18 गाय पकड़ी गई है। इसे चालान जमा करने के बाद में छोड़ा जाएगा। उनका कहना है कि लगातार अवैध डेयरियों के संचालन की शिकायत आ रही थी।

# मण्डल अध्यक्षों की नियुक्ति से मिलेगा संगठन को बल

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** अहमदाबाद अधिवेशन में सर्वसम्मति से पारित हुए प्रस्ताव के फलस्वरूप भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने संगठन सृजन अभियान के तहत संगठन की संरचना में एक नई इकाई ''मण्डल'' को भी शामिल किया है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस की संगठन सृजन बैठक के आज पांचवें दिन प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय ने मण्डल इकाईयों के गठन पर विशेष जोर दिया। वर्ष 2026 के पंचायत एवं 2027 के विधानसभा चुनाव तैयारियों के मद्देनज़र राष्ट्रीय महासचिव प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पाण्डेय ने संगठन में मण्डल अध्यक्षों की नियुक्ति को ब्लाक और न्याय पंचायत संगठनों के बीच की कड़ी की संज्ञा देते हुए कहा कि संगठन सृजन के इस अभियान में मण्डल अध्यक्षों की नियुक्ति एक महत्वपूर्ण पहलू है, जिस पर कांग्रेस पार्टी का नेतृत्व विशेष अवलोकन कर समन्वयकों के माध्यम से कार्य कर रही है। प्रवक्ता पुनीत पाठक ने बताया कि आज पांचवे दिन संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत अवध जोन के अंतर्गत आने वाले जनपद (लखनऊ, उन्नाव, बहराइच, बाराबंकी, बलरामपुर, श्रावस्ती, गोण्डा, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, हरदोई, रायबरेली) की समीक्षा बैठक हुई। समीक्षा बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महासचिव/प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पाण्डेय, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय और नेता विधानमंडल आराधना मिश्रा मोना, राष्ट्रीय सचिव/सह प्रभारी धीरज गुर्जर ने उपरोक्त जनपदों के संगठन सृजन हेतु नियुक्त कॉर्डिनेटर व जिला अध्यक्ष शहर अध्यक्ष के साथ संगठन सृजन की स्थिति का मूल्यांकन किया और जरूरी निर्देश दिए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा की मण्डल अध्यक्षों की नियुक्ति से संगठन को बल मिलेगा।

**चौपाल**

**उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने 11 वर्षों के शासन को लेकर कहा**

# मोदी के नेतृत्व में भारत ने दुनिया भर में अपनी अलग पहचान बनाई

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को यहां कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत दुनिया भर में अपनी अलग पहचान बना चुका है। आज भारत कहता नहीं बल्कि करके दिखाता है। आज भारत गोली का जवाब गोले से देता है।

श्री मौर्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर बुधवार को ग्रेटर नोएडा के दादरी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम आकिलपुर जागीर में आयोजित भव्य चौपाल को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में स्थित आतंकवादी कैंपों पर किए गए हमले के लिए चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर पर कहा कि जब भारतीय सेना ऑपरेशन सिंदूर में आतंक का सफाया कर रही थी, तब कांग्रेस और राहुल गांधी पाकिस्तान की भाषा बोल रहे थे। उनकी बयानबाज़ी सेना के शौर्य का अपमान थी। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साफ कर दिया। भारत ने कभी कोई मध्यस्थता स्वीकार नहीं की। भारत गोली का जवाब गोले से, ड्रोन का जवाब ब्रह्मोस से देता है और देगा। कांग्रेस अब देशवासियों को मुँह दिखाने लायक नहीं रही। देश को सेना और सेना के शौर्य एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर गर्व है, परंतु कांग्रेसियों की पाकिस्तानपरस्ती पर शर्म आती है। मौर्य ने कहा कि कांग्रेस ने दशकों तक ओबीसी समाज को सिर्फ वोटबैंक समझा, कभी हक नहीं दिया। मोदी सरकार ने वो सब किया, जिसका इंतज़ार आज़ादी के बाद से था। जातिगत जनगणना, ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा, नीट सहित सभी क्षेत्रों में ओबीसी आरक्षण ठोस लाभ दिया। आज मोदी फोबिया से ग्रसित ढोंगियों की असलियत उजागर हो गयी है। पिछड़े वर्ग के लोग जानते हैं कि पिछड़ों की विरोधी कांग्रेस और राहुल गांधी, सपा बहादुर अखिलेश यादव, राजद एंड कंपनी सिर्फ धोखा हैं। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर देश का भरोसा है। उन्होंने कहा कि आज विकसित भारत, शिक्षित भारत के साथ देश की तस्वीर बदल रही है।

मौर्य ने समाजवादी पार्टी पर हमलावर होते होते हुए कहा कि मस्जिदों और मदरसों के 'स्वयंभू चौधरी' सपा बहादुर अखिलेश यादव का यकायक भारतीय संस्कृति के प्रति प्रेम जाग उठा है। वे उन 'लोकमाता' अहिल्याबाई होल्कर जी के नाम की माला जपने लगे हैं जिन्होंने बाबा काशी विश्वनाथ समेत सैकड़ों मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया जिनको क्रूर मुगलों ने नष्ट किया था। 'मुग़लई सपा' खाल ओढ़कर एक 'नया ढोंग' कर रही है। इस अवसर पर गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र के सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, विधायक तेजपाल नागर, भाजपा जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा, एमएलसी नरेन्द्र भाटी, दादरी नगर पालिका चेयरमैन गीता पंडित, जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी उपस्थित थे।

डीएम ने कलेक्ट्रेट में बाढ़ से पूर्व तैयारियों की समीक्षा करते हुए अफसरों को दिए निर्देश

# नेपाल में होने वाली वर्षा के बारे में रहें अपडेट

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** जनपद में संभावित बाढ़ से पूर्व की जा रही तैयारियों की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिया कि दौरान-ए-बाढ़ पीड़ितों को वितरित किये जाने वाले खाद्यान्न, पशुओं के लिए भूसे आदि की व्यवस्था के लिए समय पूर्व ही सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जायें। वर्चुअल माध्यम से बैठक में प्रतिभाग कर रहे उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि पड़ोसी राष्ट्र नेपाल में होने वाली वर्षा के बारे में अपडेट रहें।

एसडीएम व बीडीओ को निर्देश दिया गया कि पूर्व की बांढ़ में प्रभावित होने वाले मजरों का अनिवार्य रूप से स्थलीय निरीक्षण करें तथा ग्राम के लोगों से वार्ताकर करके राहत व बचाव कार्यों के संचालन हेतु प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर लें। डीएम ने अधिकारियों को सुझाव दिया कि बाढ़ से प्रभावित होने वाले ग्रामों एवं मजरों



▸ अधिकारी पूर्व की बाढ़ में प्रभावित होने वाले मजरों का अनिवार्य रूप से स्थलीय निरीक्षण करें : डीएम

के प्रमुख लोगों, ग्राम प्रधान, पंचायत सचिवों, स्वास्थ्य, आईसीडीएस, ग्राम्य विकास विभाग के ग्राम स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के व्हाट्सअप नम्बरों का ग्रुप बना लें तथा आपदा के समय किसी भी स्तर पर संवादहीनता की स्थिति उत्पन्न न होने पाये। डीएम ने कहा कि दैवीय आपदा में न्यून से न्यूनतम जानी व माली नुकसान हो इसके लिए ज़रूरी है कि हमारी तैयारियां व बैकअप प्लान हमारे पास उपलब्ध हो। डीएम ने कहा कि वन क्षेत्रों के आस-पास के दुरूह क्षेत्रों जहां पर चहलवा व सुजौली सहित अन्य संवेदनशील ग्राम पंचायतों के मजरों के लिए के लिए अलग से बुकलेट तैयार कर ली जाय। बीडीओ को निर्देश दिया कि ग्रामों में अनावश्यक रूप से खोदे गये गड्ढों को वर्षा से पूर्व भरवा दिया जाय। उन्होंने कहा कि वर्षा का पानी भर जाने से ऐसे आमजन विशेषकर बच्चों के खतरा बन जाते हैं। तटबन्धों की सुरक्षा के दृष्टि से डीएम ने निर्देश दिया कि प्रत्ययेक 500-500 मीटर के लिए टीमें गठित कर तटबन्धों के रेन कट व रैट होल को भरवा दिया जाय तथा पूरी सघनता के साथ तटबन्धों का निरीक्षण कर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाय। डीएम ने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में उपलब्ध नावों का सत्यापन करा लिया जाय तथा पूर्व में आयी बाढ़ के अनुभव के आधार पर नावों, मोटर बोट इत्यादि की आवश्यकता का आंकलन कर लिया जाय। डीएम ने कहा कि ऐसे स्थान जहां पर तेज बहाव के साथ पानी बहता है वहां पर लाईफ जैकेट के साथ बड़ी नावों का संचालन किया जाय।

डीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी स्थान पर क्षमता से अधिक लोगों का नाव पर सवार न करने के सम्बन्ध में नाविकों निर्देशित भी कर दिया जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि नावों के संचालन के नाविकों की सूची तथा उनके मोबाइल नम्बर संकलित कर लिए जाएं। क्षेत्रों में मौजूद आपदा मित्रों को भी एक्शन मोड पर रखा जाए तथा उनको भी बचाव व राहत कार्यों के मोटीवेट किया जाए। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि बाढ़ राहत केन्द्रों एवं शरणालयों का भी समय पूर्व आवश्यक मरम्मत एवं रंगाई पुताई करा दी जाए। ऐसे स्थानों पर प्रसाधन, पेयजल एवं प्रकाश के भी माकूल बन्दोबस्त भी अवश्य किये जाएं। बैठक के दौरान उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा द्वारा बताया गया कि मिहींपुरवा में पशुओं का टीकाकरण कम हुआ है। इस सम्बन्ध में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया गया कि मिहींपुरवा सहित जनपद के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में शत प्रतिशत पशुओं का टीकाकरण एवं उपचार सुनिश्चित करायें। खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा विभिन्न प्रकार की पेंशन योजना हेतु अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों के आवेदन कराएं। बैठक का संचालन अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राज कुमार, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय तथा खण्ड विकास अधिकारी मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य कर्मियों पर हमला मेडिकल स्टाफ से मारपीट

**विशेश्वरगंज, बहराइच।** सीएचसी पहुँचकट्टा में मंगलवार को भारी हंगामा खड़ा हो गया जब कुछ हमलावरों ने अस्पताल में घुसकर डॉक्टर, फार्मासिस्ट और स्टाफ नर्स के साथ गाली-गलौज व मारपीट की। इस हमले में एक व्यक्ति पंकज कुमार सिंह उर्फ संदीप सिंह भी घायल हुए हैं, जो बीच-बचाव करने पहुंचे थे।अधीक्षक डा. प्रवीण कुमार पाण्डेय द्वारा एक तहरीर दाखिल की गई। तहरीर के अनुसार, विपक्षीगण विवेक सिंह (बीएचडब्लू) निवासी बहराइच, देवराज यादव निवासी पयागपुर, प्रमोद शर्मा, जगन्नाथ शर्मा, भोले विश्वकर्मा व लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा निवासी आर्यनगर, थाना खरगूपुर, जनपद गोण्डा ने कार (यूपी 43 एल 0364) से अस्पताल में पहुँचकर अचानक उत्पात मचाया। हमलावरों ने मेडिकल स्टाफ से गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और बीच-बचाव करने आए पंकज सिंह को बुरी तरह पीटा। साथ ही अस्पताल के सरकारी उपकरणों को भी नुकसान पहुंचाया गया। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज किया है।

## फर्जी दस्तावेजों के जरिए संपत्ति हड़पने की साजिश, केस दर्ज

समृद्धि न्यूज़

▸ न्यायालय के आदेश से गंभीर फर्जीवाड़े के मामले में मुकदमा दर्ज

**विशेश्वरगंज, बहराइच।** थाना विशेश्वरगंज क्षेत्र के लक्खारामपुर गांव निवासी अलखराम पाण्डेय की तहरीर पर न्यायालय के आदेश से एक गंभीर फर्जीवाड़े के मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है। प्रार्थी ने आरोप लगाया है कि उनके भाई सुरेश, जिनकी मृत्यु परिवार रजिस्टर में 28 अक्टूबर 2007 को अंकित है, की संपत्ति को हड़पने की नीयत से विपक्षीगण–देवतादीन, अशोक कुमार, जगदम्बा सिंह ने षड्यंत्रपूर्वक दो अज्ञात व्यक्तियों सोनू व मोनू को सुरेश के पुत्र के रूप में प्रस्तुत किया।

इन फर्जी व्यक्तियों के नाम से शपथ पत्र तैयार कर पंचायत विभाग में दाखिल कराए गए, जिनके आधार पर परिवार रजिस्टर में मीना देवी, सोनू प्रसाद, हरदीप कौर, अंकिता व मोनू प्रसाद के नाम जोड़ दिए गए। प्रार्थी द्वारा कराई गई जांच में यह स्पष्ट हुआ कि ये सभी नाम फर्जी हैं और इनका उस परिवार से कोई वास्ता नहीं है। संबंधित सचिव ने भी मौके पर जांच कर रिपोर्ट में बताया कि ये लोग उक्त पते पर निवास नहीं करते हैं और न ही परिवार के सदस्य हैं। स्थानीय पुलिस द्वारा कार्रवाई न होने पर प्रार्थी ने न्यायालय की शरण ली, जिसके बाद द्वितीय सिविल जज (अ0 ख0) जेएम बहराइच ने धारा 156(3) सीआरपीसी के तहत आदेश जारी कर थानाध्यक्ष विशेश्वरगंज को मुकदमा दर्ज कर विवेचना करने को कहा।

पुलिस ने IPC की धारा 419, 420, 467 व 468, 471के तहत एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार संबंधित व्यक्तियों से पूछताछ भी प्रारंभ हो गई है और दस्तावेजों की सत्यता की पुष्टि की जा रही है। मामला भूमि विवाद से जुड़ा होने के कारण प्रशासन इसे गंभीरता से ले रहा है।

## खबरें एक नजर में

### विकास के लिए प्रेरणा स्रोत है श्रीमद् भागवत कथा : शास्त्री



**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।** उतरौला रोड स्थित लक्ष्मणपुर तिवारी मार्केट के निकट वेदम इंटरनेशनल स्कूल श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है।कथा अयोध्या धाम के कथा वाचक परम श्रद्धेय पंडित श्री विश्वनाथ शास्त्री है। कथा में श्री शास्त्री ने कहा कि कथा सुनने से बच्चों के नैतिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक का विकास होता है। कथा में आज श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, भक्त प्रह्लाद की भक्ति, ध्रुव की निष्ठा जैसे प्रेरक प्रसंगों की कथा कही। विद्यालय के प्रबंधक जय शंकर तिवारी का यह प्रयास निश्चित रूप से बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सराहनीय पहल है। कथा की मुख्य यजमान लाजपती तिवारी है। यह कथा 22 जून तक चलेगा और 23 जून को कथा की समाप्त पर पूर्णाहुति होगा । और 24 जून को भंडारे का आयोजन किया जाएगा।इस आयोजन में स्कूल के प्रबंधक जय शंकर तिवारी,विरेन्द्र दुबे, शशांक सिंह, आशीष मिश्रा, वासुदेव शुक्ला, ग्राम प्रधान राजू यादव , चंदन तिवारी एवं देवानंद तिवारी, मीनाक्षी गुप्ता सहित तमाम श्रद्धालु भक्तगण उपस्थित रहे।

### आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के मामले में एक गिरफ्तार



**गोंडा, समृद्ध न्यूज।** जनपद के देहात कोतवाली पुलिस ने आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेजने का दावा किया है। गिरफ्तारी के संबंध में बताया गया कि 27 तारीख को दीपक,अखंड सहित पांच लोगों द्वारा बृजभूषण सिंह उर्फ बबलू सिंह के साथ मारपीट करके घटना को अंजाम दिया गया था, जिसके बाद क्षुब्ध होकर बृजभूषण सिंह ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी और मृतक की पत्नी की तहरीर के आधार पर थाने में विभिन्न धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था, जिसके बाद विवेचना में मिले साक्ष्य के आधार पर घटना में आरोपित दीपक सिंह पुत्र गणेश सिंह निवासी रुपई डीह पूरे बहादुरपुर थाना कोतवाली देहात को प्रभारी निरीक्षक देहात संजय कुमार सिंह ने गिरफ्तार करके न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां से जेल भेजा गया है।

## जिलाधिकारी के निर्देश पर अमृत सरोवरों में जल भराव शुरू, तपती गर्मी में राहत की उम्मीद

समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** जनपद गोंडा में भीषण गर्मी और जलस्रोतों के सूखने की समस्या को देखते हुए जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने तत्काल प्रभाव से अमृत सरोवरों और पारंपरिक तालाबों में जल भराव के निर्देश जारी किए हैं। उनके स्पष्ट व दूरदर्शी निर्देशों के अनुपालन में राजकीय नलकूपों से जल भरने का कार्य युद्धस्तर पर शुरू कर दिया गया है।

जिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभागों–नलकूप खंड, ग्राम विकास तथा पंचायती राज–को निर्देशित किया गया है कि वे आपसी समन्वय से कार्य को शीघ्रता, पारदर्शिता और प्रभावशीलता से पूर्ण करें। साथ ही, हर दिन की प्रगति रिपोर्ट शाम तक उनके कार्यालय और मुख्य विकास अधिकारी को अनिवार्य रूप से भेजी जाए, ताकि सतत निगरानी सुनिश्चित की जा सके।



**कार्य प्रगति की स्थिति**

जिला विकास अधिकारी सुशील श्रीवास्तव ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश पर लगभग 60 तालाबों में जल भराव का कार्य प्रारंभ हो चुका है। इससे पहले मौखिक निर्देशों के तहत 1200 से अधिक तालाबों में भी सफलतापूर्वक जल भराव कराया गया था, जिससे सकारात्मक प्रभाव सामने आया अधिशासी अभियंता, नलकूप खंड को निर्देशित किया गया है कि राजकीय नलकूपों के समीप स्थित अमृत सरोवरों में प्राथमिकता से जल भराव कार्य करें।

खंड विकास अधिकारियों को सरोवरों की सूची तत्काल अधिशासी अभियंता को उपलब्ध कराने व कार्य की निगरानी व्यक्तिगत रूप से करने के निर्देश मिले हैं। जिलाधिकारी ने इस अभियान को जल जीवन मिशन, पर्यावरणीय संतुलन और ग्रामीण जीवन के हितों से जोड़ते हुए शीघ्रता व संवेदनशीलता से क्रियान्वयन सुनिश्चित करने को कहा है।

## आजमगढ़ डीएम पर अभियंता से मारपीट का आरोप, बर्खास्तगी की उठी मांग



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** आजमगढ़ में जिलाधिकारी रवींद्र सिंह द्वितीय के खिलाफ सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता सत्यदेव द्वारा लगाए गए बदसलूकी और मारपीट के आरोपो के विरोध में इंजीनियर्स एसोसिएशन ने प्रदर्शन किया।

बुधवार को सैकड़ो अधिकारियों और कर्मचारियों ने संगठन के बैनर तले एकजुट होकर नगर के धरना स्थल पर प्रदर्शन किया। संगठन के अध्यक्ष अमर सिंह के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में जिलाधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। जिलाध्यक्ष अमर सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा अभियंता के साथ की गई मारपीट को लेकर पूरे प्रदेश के इंजीनियर्स में आक्रोश है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जिलाधिकारी को बर्खास्त नहीं किया गया तो वे बड़े पैमाने पर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### गौरा पिपरा में सड़क पर दिखा तेंदुआ, ग्रामीणों में दहशत

**बहराइच।** कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग में लगातार जंगली जानवरों की मौजूदगी बनी रहती है। इस बीच कई बार जंगली जानवर आबादी क्षेत्र के सड़कों इत्यादि जगहों पर दिख जाते जिसके वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल होते रहते हैं। ऐसा ही एक वीडियो कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के गौरा पिपरा गांव में वायरल हो रहा है जिसमें सड़क के किनारे एक तेंदुआ बैठा हुआ है। तेंदुआ गन्ने के खेत से निकलकर गौरा पिपरा पुल के पास सड़क पर आ गया। वाहनों की हेडलाइट की रोशनी के बावजूद वह काफी समय तक वहीं पर बैठा रहा। इस दौरान वाहन सवारों ने इस दृश्य का वीडियो बना लिया यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। गौरा पिपरा गांव में पिछले कई महीनो से तेंदुए का आतंक लगातार बना हुआ है आए दिन इस तरीके की घटनाएं सामने आ रही है। वीडियो वायरल होने के बाद ग्रामीणों में और ज्यादा भय का माहौल है। गांव के लोगों ने वन विभाग से तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजडा लगाने की मांग की है।

## 11 साल में बदली है गांव-गरीब की तस्वीर : सांसद आनंद गोंड



समृद्धि न्यूज

**पयागपुर, बहराइच।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर बहराइच लोकसभा क्षेत्र के ग्राम बनकटा में बुधवार को संकल्प से सिद्धि चौपाल का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि सांसद आनंद कुमार गोंड ने सरकार की योजनाओं और जनहित में किए गए कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। सांसद गोंड ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने देश की राजनीति में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की नई लकीर खींची है। पहले की सरकारों में गांव और गरीब केवल घोषणाओं में होते थे, अब योजनाएं सीधे लाभार्थियों तक पहुंच रही हैं।

चौपाल में स्वास्थ्य विभाग की सक्रिय मौजूदगी रही। अधीक्षक डॉ. धीरेंद्र तिवारी के नेतृत्व में आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए गए, एनसीडी स्क्रीनिंग और टीबी मरीजों की जांच की गई। पांच क्षय रोगियों को गोद भी लिया गया, वहीं नियमित टीकाकरण और दवा वितरण जैसे कार्यों का लाभ ग्रामीणों को मिला। डॉ. तिवारी ने मौके पर उपस्थित रहकर स्वास्थ्य शिविर की निगरानी की और ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी। सांसद ने स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा, आज की चौपाल में डॉ. तिवारी और उनकी टीम ने जो कार्य किया है, वह सराहनीय है। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि समय प्रसाद मिश्र, बीपीएम, स्वास्थ्यकर्मी व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम जनकल्याण के साथ जनजागरूकता का भी माध्यम बना।

### घर के अंदर फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव

**बहराइच।** जिले के सेमरिया गांव में बुधवार सुबह घर के अंदर फंदे से लटका हुआ विवाहिता का शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच एवं वैधानिक कार्रवाई पूरी की। खबर है कि खैरीघाट थाना क्षेत्र के ललुही गांव निवासी राममिलन पुत्र राम अधार ने बुधवार सुबह करीब छः बजे पुलिस को सूचना दी कि उनकी बेटी सविता का शव उसकी ससुराल सेमरिया गांव में फंदे से लटका मिला है। पिता के मुताबिक सविता उम्र करीब 25 वर्ष की शादी राजेश गौतम पुत्र बरातीलाल निवासी सेमरिया के साथ करीब पांच वर्ष पूर्व हुई थी। मृतका अपने पीछे तीन मासूम बेटी को छोड़ गई है। बेटी साबित को ससुरालीजन प्रताड़ित करते थे। पति बेंगलुरु से फोन पर भद्दी भद्दी गालियां देता था। खबर यह भी है कि सविता देवी एक दिन पूर्व अपने मायके से ससुराल आई थीं। पति बेंगलुरु में मजदूरी करता है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाकर वैधानिक कार्रवाई पूरी की। फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर साक्ष्य संकलन किया। प्रभारी निरीक्षक उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## डीआईजी ने की जेटीसी प्रशिक्षण की तैयारियों की समीक्षा, दिए निर्देश



समृद्धि न्यूज़

**बहराइच।** पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र ने जेटीसी प्रशिक्षण की तैयारियों की समीक्षा कर पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण किया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिले में पुलिस महानिरीक्षक अमित पाठक देवीपाटन रेंज द्वारा पुलिस लाइन में चल रहे जे.टी.सी. प्रशिक्षण व्यवस्था का निरीक्षण किया।

जेटीसी/आरटीसी-2025 के लिए 1049/600 प्रशिक्षुओं की आवासीय व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र अमित पाठक ने पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेटीसी/आरटीसी-2025 के प्रशिक्षण का जायजा लिया, निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह उपस्थित रहे व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे । डीआईजी ने प्रशिक्षण व्यवस्था से जुड़े विभिन्न स्थलों का गहन निरीक्षण किया। जिसमें भवन, लाइब्रेरी, बैरक, मेस, शौचालय, स्नानागार, जिम्नेजियम और क्लासरूम शामिल रहे। डीआईजी ने प्रशिक्षणार्थियों की व्यवस्थाओं पर संतोष जताया और आवश्यक निर्देश भी दिए। भवन, मनोरंजन हाल और बैरकों, शिक्षण कक्षों आदि की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। ताकि प्रशिक्षण के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने साफ-सफाई, विद्युत, शौचालय, पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की स्थिति को देखा और अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण के लिए जरूरी संसाधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## तबादला आदेश को करीब 23 दिन बीत गए लेकिन पुलिसकर्मी तैनाती स्थल पर ही जमे

समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** अपर पुलिस महानिरीक्षक कार्मिक, लखनऊ द्वारा पिछले महीने देवीपाटन रेंज में गोण्डा व बहराइच जिले के 45 पुलिसकर्मियों का तबादला तीन वर्ष के लिए राजकीय रेलवे पुलिस में कर दिया गया है। इसके साथ ही सख्त हिदायत दी गई कि आदेश निर्गत होने की तिथि से 10 दिन के अंदर स्थानांतरित पुलिस कर्मियों को अवश्य कार्यमुक्त कर दिया जाए। । आपको बता दें कि अपर पुलिस महानिरीक्षक कार्मिक द्वारा दिनांक 26. मई को देवीपाटन रेंज में गोण्डा के 31 व बहराइच के 14 पुलिस कर्मियों का तबादला राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) में कर दिया गया है। गोण्डा के जिन पुलिस कर्मियों को तीन साल के लिए राजकीय रेलवे पुलिस में स्थानांतरित किया गया है, उनमें दुर्गेश कुमार, आलोक कुमार राय, सुनील कुमार वर्मा, पंकज सिंह, बृजेश यादव, करन कुमार, राजेन्द्र यादव, अनूप कुमार, राजू राजभर, सत्येन्द्र कुमार, मंगला सिंह यादव, संदीप कुमार प्रजापति, बिजेंद्र यादव, चेतन पाण्डेय, शशांक द्विवेदी, मिथिलेश कनौजिया, मोहम्मद लुकमान, हरिओम मद्धेशिया, राहुल गौड़, मोहम्मद शाद, संजय यादव, लाल बहादुर, पंकज सिंह, पंकज कुमार मिश्रा, रिंकू लाल, मुनव्वर, चन्द्रमणि, राम आसरे, मुन्ना यादव, अनिल कुमार मौर्य, व विपिन कुमार शामिल हैं।

वहीं बहराइच जनपद के जिन पुलिस कर्मियों का तबादला जीआरपी में किया गया है, उनमें अनुराग प्रताप सिंह, ओमशंकर गुप्ता, प्रवीन्द्र कुमार, संतोष कुमार चौधरी, दयाराम, चिरंजीत कुमार गौड़, सुनील कुमार, संजीव कुमार दूबे, मुनीर अहमद, अरूण कुमार, शकील अहमद, महेश कुमार, संतोष कुमार व रवि शंकर भारती शामिल हैं। पिछले महीने मई की 26 तारीख को जारी किए गए तबादला आदेश को 23 दिन बीत गए लेकिन अभी तक पुलिस कर्मियों को कार्यमुक्त नहीं किया गया, जबकि स्थानांतरण आदेश में स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि आदेश निर्गत होने की तिथि से 10 दिवस के अंदर दिनांक 5. जून तक स्थानांतरित पुलिस कर्मी अवश्य कार्यमुक्त कर दिए जाएं। यह भी हिदायत दी गयी कि विलंब से कार्यमुक्त करने के संबंध में उच्च न्यायालय द्वारा कोई विपरीत आदेश पारित किए जाते हैं तो आपके कार्यालय के संबंधित अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। अपर पुलिस महानिरीक्षक कार्मिक के इस सख्त आदेश के बाद भी न तो स्थानांतरित पुलिस कर्मी राजकीय रेलवे पुलिस में तीन साल के लिए जाना चाहते हैं और न ही जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा उन्हें कार्यमुक्त किया जा रहा है। ऐसे में डीआइजी स्थापना, लखनऊ का यह आदेश कागज का एक टुकड़ा साबित हो रहा है।

## जिलाधिकारी ने किसान दिवस पर सुनी किसानों की समस्याएं, जल्द निस्तारण के दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** बुधवार को किसान दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी गोंडा नेहा शर्मा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से किसान प्रतिनिधियों ने भाग लिया और अपनी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। जिलाधिकारी ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य रूप से सिंचाई, खाद-बीज की उपलब्धता, बिजली आपूर्ति, फसल बीमा, नलकूपों की मरम्मत, और समर्थन मूल्य पर खरीद जैसी समस्याएं उठाई गईं। किसानों ने बताया कि कई क्षेत्रों में आवारा पशुओं के कारणों से फसलों का काम नहीं कर रहे हैं। जिससे फसलों को बचाने में बाधा आ रही है। इस पर



जिलाधिकारी ने पशु चिकित्सा अधिकारी को तत्काल सर्वे कर आवश्यक कार्यवाही शीघ्र करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, किसानों के द्वारा अवगत कराए गए समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए समय से उसका समाधान करायें, और किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता से लें।

जिलाधिकारी ने कृषि विभाग को निर्देशित किया कि वे खाद और बीज वितरण की नियमित मॉनिटरिंग करें, तथा सभी दुकानों की जांच करते रहें। फसल बीमा के दावों के निस्तारण में हो रही देरी पर भी जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई और बीमा कंपनियों को चेतावनी दी कि किसानों के दावे समय से निपटाए जाएं। जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान अधिकारियों से कहा कि किसान देश की रीढ़ हैं और उनकी समस्याओं का समाधान करना प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे कृषि तकनीकों को अपनाएं और विभाग द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं का लाभ उठाएं। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सभी किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा, और हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन, उपनिदेशक कृषि प्रेम ठाकुर, जिला कृषि अधिकारी सीपी सिंह, एसडीईएओ कृषि शिवशंकर चौधरी, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दुबे, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी सहित अन्य सभी संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### जेल से छूटे माफिया गब्बर सिंह पर रंगदारी वसूलने का मुकदमा दर्ज

**बहराइच।** फरीदाबाद जेल में लगभग ढाई साल निरुद्ध रहने के बाद जेल से छूटे यूपी के टॉप 50 अपराधियों में शुमार जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र प्रताप सिंह गब्बर पर एक और मुकदमा दर्ज हुआ है। गब्बर इसी महीने जेल से छूट कर आए हैं। गब्बर पर सार्वजनिक रास्ते पर दीवार उठाने, रंगदारी समेत गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।देहात कोतवाली में दर्ज मुकदमें में वादी वीवी सिंह ने आरोप लगाया कि जगतापुर गांव में उनकी जमीन है। उनके जमीन तक 20 फुट का रास्ता गया है। इनकी जमीन के पास ही इसराईल आदि की भी जमीन थी, जिन्हें इन सभी ने अलग-अलग लोगों को बेच दी थी। इसराईल की जमीन पर ही दो प्लॉट माफिया गब्बर सिंह ने लिया था। इसे बाद में उसने बेच भी दिया था और मौके पर उनकी कोई जमीन नहीं बची। लेकिन गुंडा टैक्स वसूलने के लिए जेल जाने से पहले गब्बर सिंह ने उनकी जमीन के एक तिहाई हिस्से के एवज में रुपये मांगे।

समस्या

एएनएम सेंटर के सामने भी थोड़ी सी बरसात में हुआ भीषण जलभराव

## पशु सेवा केंद्र के जर्जर भवन का प्रांगड़ बना तालाब

समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** जनपद के विकासखंड मनकापुर अंतर्गत मुख्यालय से आने वाला मुख्य मार्ग दर्जी कुआं-मनकापुर पर वीरेपुर में बने पशु सेवा केंद्र की पहले बरसात में ही कलई खुलकर सामने आ गई है,जहां पहले से ही अपने जर्जरता पर आंसू बहा रहा भवन विभागीय उदासीनता को बंया कर रहा था, वही थोड़ी सी ही बरसात होने पर पूरा प्रांगण तालाब में तब्दील हो गया।

यही नहीं बगल में बना स्वास्थ्य विभाग का एएनएम सेंटर भी बरसात होने के बाद लबा लब पानी से भर गया, जिससे पशु चिकित्सा कर्मी के साथ एनम ने भले ही स्वास्थ्य केंद्रों पर पहुंचकर अपना दायित्व निर्वहन किया हो, लेकिन केंद्र पर लबा लब पानी भरा होने के कारण न तो क्षेत्र के पशुओं को स्वास्थ्य सेवाएं



उपलब्ध हो पा रही है और न ही माताओं बहनों को लगने वाले विभिन्न प्रकार के टीके व अन्य व्यवस्थाएं सेंटर पर मिल पा रही हैं। जिससे एक तरफ विभागीय कार्यशैली की पोल उजागर होती है, वहीं दूसरी तरफ क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के संज्ञान में भी होने की बावजूद सेंटरों पर दुरुस्तीकरण का कोई कार्य न कराए जाने से क्षेत्र में तारा-तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं।इस संबंध में वीरेपुर आसपास रहने वाले कई लोगों ने बताया कि हर वर्ष जैसे बरसात होती है यह दोनों सेंटर पानी से लबालब भर जाते हैं जिससे न तो सेंटरों पर पशुओं की चिकित्सा हो पाती है और न ही एएनएम सेंटर पर जरूरत मंद लोगों को टीकाकरण अन्य सुविधा मिल पाती है, यहां तक की स्वास्थ्य कर्मियों को जान जोखिम में डालकर भरे पानी में किसी तरह बैठकर अपनी ड्यूटी निर्वहन करना पड़ता है।और जब इमरजेंसी आती है तो रोड पर जाकर चिकित्सा व्यवस्था मुहैया कराई जाती है। वहीं इस संबंध में पशु सेवा केंद्र पर तैनात पशु स्वास्थ्य कर्मी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि बरसात में बड़ी स्थिति खराब होती है और भवन भी जर्जर है, जिसके संबंध में यहां के प्रधान समेत अन्य जन प्रतिनिधियो से कई बार कहा गया लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहा है।और विभाग को पत्र भी लिखा गया है लेकिन जब पशुओं की मजबूरी इमरजेंसी होती है तो किसी तरीके से रोड के बगल खड़ा करके इंजेक्शन आदि लगाकर काम चलाया जाता है। इसके साथ ही स्थानीय लोगों का मानना है कि पशु सेवा केंद्र के जर्जर भवन व प्रांगण में मिट्टी पटाई नहीं कराई जाती है तो स्थिति गंभीर हो सकती है।

# 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का हुआ आगाज

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

- मातृभूमि सेवा मिशन रायबरेली इकाई ने शुरू किया 5 दिवसीय योग एवं स्वास्थ्य संवाद
- योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाएं: एएसपी संजीव कुमार
- योग भारतीय संस्कृति की आत्मा है: पं. गोविंद भाईजी
- पार्क में निःशुल्क योग शिविर प्रातः 5 से प्रातः 7 बजे तक सैकड़ों लोगों ने किया योगाभ्यास

मातृभूमि सेवा मिशन इकाई रायबरेली ने 21 जून को होने वाले 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में शहर स्थित शहीद स्मारक राणा बेनी माधव बख्श सिंह पार्क में 5 दिवसीय योग एवं स्वास्थ्य संवाद दिवस का भव्य शुभारंभ 18 जून, से शुरू किया। यह आयोजन 22 जून तक प्रतिदिन प्रातः 5 से प्रातः 7 बजे तक आमजन के लिए निःशुल्क आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा और विशिष्ट अतिथि प्रख्यात कथा वाचक पं. गोविंद भाईजी ने योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण और भारत माता की छवि के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर और उनकी छवि पर माल्यार्पण कर किया। मुख्य अतिथि संजीव कुमार सिन्हा ने कहा योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं, बल्कि मानसिक और आत्मिक संतुलन का पथ है। योग से जीवन अनुशासित होता है और व्यक्तित्व में संतुलन आता है। आज के तनावपूर्ण समय में योग एक आवश्यक जीवनशैली है। हमें अपने परिवार और समाज में योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। इस आयोजन से समाज में स्वस्थ चेतना जागृत हो रही है। श्री सिन्हा ने उपस्थित जनसमूह के साथ योगाभ्यास कर सकारात्मक ऊर्जा का संदेश दिया। विशिष्ट अतिथि कथा वाचक पं. गोविंद भाई जी ने योग के महत्व पर कहा कि योग भारतीय ऋषियों की अनमोल देन है, जो सम्पूर्ण विश्व को स्वास्थ्य, समभाव और आत्मिक उन्नति की राह दिखाता है। योग शरीर, मन और आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित करता है। यह केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक दिव्य कला है। भारत ने विश्व को योग के माध्यम से शांति और संतुलन का मार्ग दिखाया है। आज जब सारी दुनिया भारतीय योग पद्धति को अपना रही है, तो हमें गर्व के साथ इसे अपने जीवन में अपनाना चाहिए। योग मनुष्य को प्रकृति के साथ जोड़ता है, आत्म-अनुशासन की प्रेरणा देता है और मानवता को एक सूत्र में पिरोता है। मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा इस प्रयास से रायबरेली की धरती पर सकारात्मक ऊर्जा और स्वास्थ्य का वातावरण निर्मित हो रहा है।



## सम्राट चौक के नाम से जाना जाएगा गोरा बाजार चौराहा



**रायबरेली।** नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर के द्वारा आज गोरा बाजार चौराहे पर अशोक स्तंभ प्रतीक चिन्ह भूमि पूजन का कार्य किया गया। जहां सैकड़ों की संख्या में उपस्थित होकर कार्यकर्ताओं एवं सभासदों ने फूल-मालाओं से नगर पालिका अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया वहीं भूमि पूजन के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष ने नारियल फोड़कर शुरुआत की। जहां उन्होंने मीडिया से बात करते हुए बताया गोरा बाजार चौराहा अब सम्राट चौक के नाम से जाना जाएगा। 20 लाख रुपए की लागत से चौराहे का सौंदर्यकरण किया जाएगा। साथ ही साथ गोरा बाजार से बस्ते पुर की तरफ जाने वाली रोड का भी प्रस्ताव पास हो गया जिसका पूरी तरीके से डामरीकरण किया जाएगा और जो भी कार्य जनपद में रह गए हैं। उन्हें भी पूर्ण तरीके से कराया जाएगा। वहीं गोरा बाजार चौराहे का नाम बदलकर सम्राट चौक रखा जाएगा। जिसका कार्य 15 से 20 दिन में पूर्ण हो जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### मेटा ने भेजा अलर्ट, पुलिस ने बचाई छात्रा की जान




**मिलएरिया, रायबरेली।** रायबरेली में एक युवती की जान इस लिये बच गई क्योंकि उसने सुसाइड अटेम्पट से पहले अपने माता पिता को इंस्टाग्राम पर मैसेज छोड़ा था। युवती बीए की छात्रा है और परिजन उसकी मर्ज़ी के खिलाफ उसका विवाह करना चाहते हैं। युवती फिलहाल विवाह न करके आगे की पढ़ाई करना चाहती है। परिजनों ने जब उसकी बात नहीं मानी तो युवती ने आत्महत्या की ठानते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा गुड बाय, सॉरी मम्मी पापा। बात बीती 16 तारीख़ की है। युवती ने जैसे ही यह मैसेज इंस्टाग्राम पर डाला मेटा ने तुरंत उसकी लोकेशन के साथ पूरी जानकारी पुलिस हेड क्वार्टर को शेयर कर दी। उधर डीजीपी राजीव कृष्ण ने भी बिना एक पल गँवाये एसपी रायबरेली को यह जानकारी दी। एसपी रायबरेली डॉक्टर यशवीर सिंह ने सम्बंधित थाना मिल एरिया को इसकी जानकारी दी। मिल एरिया थाना के प्रभारी राजीव सिंह ने आठ मिनट के भीतर युवती के घर को ट्रेस करते हुए वहां पहुंचे और युवती की काउंसलिंग की। सीओ सदर अमित सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि तुरंत रिस्पॉस से युवती की जान बच गई।

### करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

**ऊंचाहार, रायबरेली।** खेत में पानी लगाने गए किसान ने फावड़े से समरसेबल की तार पर मारा, तार काटने से प्रवाहित हो रहे करंट की चपेट में आने से किसान की मौके पर ही दर्दनाक मौत मामला ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के जाददू का पूर्व मजरे डेडोली गांव का है घटना मंगलवार शाम 4 बजे की बताई जा रही है। आपको बता दे कि गांव निवासी परसू उम्र 45 वर्ष गांव के ही प्रकाश तिवारी का खेत अधिया पर ले रखा था कल दोपहर में समरसेबल से खेतों में पानी लगाने का काम कर रहा था तभी खेत के मेड पर काम करते समय फावड़ा समरसेबल के तार पर पड़ा जिससे तार दो टुकड़ों में हो गया और प्रवाहित हो रहा करंट की चपेट में आ गया वहीं कुछ दूरी पर उसका भाई भाललू उम्र 40 वर्ष भी उसी खेत में काम कर रहा था उसने देखा तो भाग करके आया और अपने भाई परसों को जब तक वह बचता उसकी मौत हो चुकी थी सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा की कार्रवाई करते हुए शो को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे कार्रवाई की जा रही है

### लाइसेंसी बंदूक से फायरिंग पर पुलिस ने लिया एक्शन

**चन्दापुर, रायबरेली।** नहीं थम रहा असलहो से फायरिंग का सिलसिला खुले आम एक युवक के द्वारा किया जा रहा लाइसेंसी बंदूक से फायरिंग युवक ने एक दो नहीं बल्कि कई बार की फायरिंग फायरिंग करते युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ था वायरल । चन्दापुर थाना क्षेत्र के मुरैनी गांव से बंदूक से फायरिंग करते हुए एक वीडियो वायरल हुआ था ।जिस पर चन्दापुर पुलिस द्वारा बताया गया कि मुरैनी गांव में युवक ने लाइसेंसी बंदूक से फायरिंग का वीडियो वायरल हुआ था दिनांक 1-06-2025 को शस्त्र लाइसेंस धारक सोभनाथ सिंह पुत्र केवल बहादुर सिंह निवासी ग्राम मुरैनी थाना चन्दापुर रायबरेली के कब्जे से उक्त वीडियो में दिख रहे शस्त्र को पुलिस ने कब्जे में लेकर दिनांक 01-06-2025 को शांति भंग होने की प्रबल संभावना को देखते हुए पुलिस द्वारा सोभनाथ को पुलिस हिरासत में लेकर चालान भी किया गया। तथा लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई की गई ।

### आमरण अनशन पर बैठने की मीडिया कर्मी की चेतावनी, पीड़ित को फर्जी तरह से फंसाने का आरोप बैठा मीडिया



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** प्रधानमंत्री आवास योजना में हुई गड़बड़ी को जनपद के एक पत्रकार द्वारा उजागर करना पत्रकार को भारी पड़ गया। पत्रकार त्रिपुरारी पाण्डेय निवासी ग्राम भारथीपुर थाना व जनपद अमेठी द्वारा बताया गया कि विगत वर्ष मेरे द्वारा प्रधानमंत्री आवास में हुए भ्रष्टाचार से संबंधित खबर प्रकाशित/प्रसारित किए जाने की कुछ ही समय बाद हमारे ऊपर एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत करवा दिया गया, जिसकी हमें कोई जानकारी न देते हुए पुलिस ने जल्दबाजी दिखाते हुए चार्जसीट न्यायालय दाखिल कर दी। जिसकी जानकारी होने पर पीड़ित ने 11 जून को पुलिस अधीक्षक को लिखित प्रार्थना पत्र क माध्यम से घटना बाबत ऑडियो/वीडियो, सीसीटीवी फुटेज, कॉल रिकॉर्डिंग या अन्य कोई साक्ष्य उपलब्ध कराने की मांगी है। पीड़ित ने अपने प्रार्थना पत्र में साथ-साथ यह भी कहा है कि यदि 18 जून तक पुलिस उसको कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराती है तो वह शासन-प्रशासन की गलत कार्रवाई के खिलाफ आमरण अनशन पर बैठेगा।

### बगैर संघर्ष नहीं मिलेगा अधिकार, मानवाधिकार संघ करेगा निर्णायक पहल: शैलेंद्र

**उरई (जालौन)।** मानवाधिकार, सामाजिक न्याय और संवैधानिक चेतना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से मानस कर्तव्य मीडिया प्रेस क्लब समिति द्वारा संचालित अखिल भारतीय मानवाधिकार संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक झांसी रोड रघुवीर धाम में सम्पन्न हुई। इस बैठक में संघ की कोर कमेटी के सदस्यों ने भाग लिया और संगठन के उद्देश्यों को विस्तार देने के लिए व्यापक विचार-विमर्श किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप याज्ञिक ने कहा संविधान ही हमारी असली ताकत है। हमें सामाजिक न्याय, आर्थिक समता, सांस्कृतिक परिवर्तन और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए संगठित होकर कार्य करना होगा। यह संगठन हाशिए पर खड़े लोगों की आवाज है और हमें उन्हें उनका हक दिलाने के लिए मैदान में उतरना होगा। बैठक में कोर कमेटी सदस्य रामजी याज्ञिक ने संगठन की कार्यशैली को और अधिक सक्रिय एवं जवाबदेह बनाने पर बल दिया।

## ऑपरेशन सिंदूर: घायल भट्ठा श्रमिक के इलाज को पत्नी ने लगाई गुहार

**डलमऊ, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

- भट्ठा मालिक एवं मिस्त्री, पति के इलाज में नहीं कर रहे सहयोग

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान सेना द्वारा की गई गोलाबारी में घायल भट्ठा मजदूर पति का इलाज ना कराये जाने से परेशान महिला ने भट्ठा मालिक एवं मिस्त्री के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर देकर पति के इलाज कराए जाने की गुहार लगाई है।

डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के संतपुर गांव की रहने वाली रेखा पत्नी सोहनलाल ने थाना डलमऊ में दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया है कि कोतवाली क्षेत्र के कटघर गांव निवासी भट्ठा मिस्त्री कौशल उसके पति सोहनलाल को बीते मार्च महीने में भट्टे में काम करने के सिलसिले में ?17000 प्रतिमाह के भुगतान पर जम्मू कश्मीर ले गया था और उसने पति के रहने खाने दवा इलाज की सारी जिम्मेदारी भी ली थी। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जारी हुए अलर्ट के बाद सभी मजदूर अपने-अपने घर चले गए लेकिन भट्ठा मालिक टाइगर भूपेंद्र सिंह एवं मिस्त्री कौशल ने जबरन उसके पति को वहां पर रोक लिया पति की संपूर्ण जिम्मेदारी लेकर उसे वापस घर नहीं आने दिया बीती 5 मई को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी गोलाबारी में उसके पति सोहनलाल को पैर में गोली लग गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए उनको मेडिकल कॉलेज जम्मू में भर्ती कराया गया जहां पर उनका इलाज चल रहा था इस दौरान भट्ठा मिस्त्री कौशल उन्हें छोड़कर वापस घर चला आया तथा भट्ठा मालिक टाइगर भूपेंद्र सिंह ने भी कोई आर्थिक मदद नहीं की घटना की जानकारी होने पर उसने भट्ठा मिस्त्री को सहायता के लिए फोन किया तो उसने कहा कि उसका पति जिंदा रहे या मर जाए उसकी कोई जिम्मेदारी नहीं है। उसने भट्ठा मालिक टाइगर भूपेंद्र सिंह से भी फोन पर संपर्क करने की कोशिश की लेकिन उसने फोन नहीं उठाया मंगलवार की रात को एंबुलेंस से उसके पति को गांव लाया गया उसके पति की हालत अभी भी ठीक नहीं है। भट्ठा मिस्त्री उसके पति के इलाज कराने से मना कर रहा है श्रमिक की पत्नी रेखा ने बताया कि उसकी माली हालत अच्छी नहीं है उसके तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं पति अकेला कमाने वाला है आय का दूसरा कोई स्रोत नहीं है। उसने पति का समुचित इलाज कराए जाने की मांग की है थाना प्रभारी डलमऊ श्याम कुमार पाल ने बताया की प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है कार्रवाई की जा रही है।

## संविधान बचाओ सम्मेलन का आयोजन

- कांग्रेस नेताओं ने कहा- भाजपा संविधान को कमजोर कर रही, हम नहीं होने देंगे

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**




कांग्रेस पार्टी द्वारा लालगंज के एक गेस्ट हाउस मे संविधान बचायो सम्मेलन का आयोजन सम्पन्न हुआ ।जिसमें सरेनी विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी सुधा द्विवेदी ने अपने व्यक्तव्य पे कहा कि भाजपा संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने के साथ ही संविधान को बदलने की दिशा में काम कर रही है। कांग्रेस इस मंसूबे को कभी सफल नहीं होने देगी। संविधान देश की आत्मा है। संविधान से ही लोकतंत्र सुरक्षित रहेगा किन्तु सरकार संविधान को बदलने की कोशिश में लगी है। कांग्रेस पार्टी भाजपा के इस षड़यंत्र का लगातार विरोध करते हुए देश की जनता की आकांक्षा के अनुरूप भाजपा को हटाकर कांग्रेस को लाने की पहल कर रही है। कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार दलितों, पिछड़ों व किसानों का हक छीनने की मंशा से काम कर रही है।इस कार्यक्रम मे जिला कमेटी के उपाध्यक्ष विजयशंकर अग्निहोत्री, उपाध्यक्ष निर्मल शुक्ला, प्रदेश सचिव पद्मधर सिंह, सचिव संतोष त्रिवेदी, सचिव आकर्षण द्विवेदी, अशोक सिंह, राघवेंद्र सिंह पंकज, जितेंद्र द्विवेदी, कमल चौहान, अतुल शर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष सरिता गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष कमाता गौड़ सहित पदाधिकारी बूथ स्तर के कार्यकर्ता एवं तीनों ब्लॉक के सारे पदाधिकारी मौजूद रहे ।

## अवैध कब्जा हटवाने गई तहसील टीम पर ग्रामीणों ने किया हमला

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** तहसील क्षेत्र गौरीगंज के अंतर्गत गांव माधवपुर में अवैध कब्जे को हटवाने के लिए गए राजस्व कर्मियों पर ग्रामीणों ने हमला बोल दिया। माधवपुर गांव निवासी भोलानाथ सिंह की शिकायत पर मौके पर पहुंची राजस्व टीम में उप जिलाधिकारी प्रीति तिवारी व नायब तहसीलदार अनुश्री तिवारी राजस्व निरीक्षक संतोष सिंह, मनीष सरोज, गौरव यादव, कुलदीप यादव, रंजीत यादव अनूप गुप्ता? सिराज अहमद की संयुक्त टीम द्वारा कार्यवाही शुरू करते हैं ग्रामीणों द्वारा राजस्व टीम पर हमला कर दिया गया। जिसमें उप जिलाधिकारी प्रीति तिवारी व नायब तहसीलदार अनुश्री तिवारी को भी चोटें आई हैं। तथा कुछ राजस्व कर्मी भी चोटहिल हुए हैं, इसके अलावा



ग्रामीणों ने सरकारी वाहनों में भी जमकर तोड़ फोड़ की है। ग्रामीण महिलाओं ने उप जिलाधिकारी प्रीति तिवारी व नायक तहसीलदार अनुश्री तिवारी के साथ अभद्रता करते हुए उन्हें गाड़ी से बाहर खींच लिया, जिससे उन्हें चोटें आई। घटना की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा आसपास के थानों की पुलिस बुला ली गई है। सभी राजस्व अधिकारी कोतवाली गौरीगंज पहुंचे और पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## एम्स रायबरेली की टीम ने किया टीबी जागरूकता व शोध सर्वेक्षण

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

भारत सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम (NTEP) के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमावा क्षेत्र में टीबी रोग के प्रति जन-जागरूकता का अभियान निरंतर जारी है। इसी कड़ी में ऑल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ (एम्स) रायबरेली की टीम ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों - सोथी, बावन बल्ला बुजुर्ग, हरदासपुर, बुधनपुर, बंदीपुर, सिधौना आदि गांव में जाकर टीबी जागरूकता और अनुसंधान सर्वेक्षण किया।

टीम की प्रमुख शोधकर्ता डॉ. हिमांशी शर्मा, तथा उनके साथ डॉ. आदर्श पांडेय (इंटर्न) और डॉ. अभिनव कटारिया (इंटर्न) ने ग्रामीणों को टीबी प्रिवेंटिव थेरेपी (TPT) की जानकारी दी और इसके महत्व को विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि यह दवा उन व्यक्तियों को दी जाती है जो टीबी मरीजों के संपर्क में रहते हैं, जिससे संक्रमण को रोका जा सके। समझने का प्रमुख कारण यह भी रहा है आम जनमानस में जागरूकता बढ़ और इस बीमारी से लोगों को बचाया जा सके। इस अभियान को सफल बनाने में वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक करुणा शंकर मिश्र ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने गांव-गांव भ्रमण कर टीम का मार्गदर्शन किया और टीबी मरीजों के संपर्क में रह रहे लोगों को जागरूक करने में सराहनीय योगदान दिया। वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक करुणा शंकर मिश्रा ने ग्रामीणों को समय पर जांच कराने, लक्षणों को नजरअंदाज न करने और सरकार द्वारा दी जा रही मुफ्त जांच व इलाज की सुविधाओं का लाभ उठाने की सलाह दी। ग्रामीणों ने भी इस अभियान का स्वागत किया और कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर कम्युनिटी हेल्थ अफसर हर्षित जैन, अनीता, अंजली वर्मा दिव्यांशु वर्मा रामबली आदि मौजूद रहे।



## लाभार्थियों को बांटे गए आयुष्मान कार्ड



**डलमऊ रायबरेली।** नगर पंचायत कार्यालय डलमऊ में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ के सहयोग से 70 वर्ष से अधिक उम्र की महिला एवं पुरुषों का आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए कैंप लगाया गया और लाभार्थियों को कार्ड वितरित किए गए। बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ अधीक्षक नवीन कुमार एवं नगर पंचायत अध्यक्ष डलमऊ पंडित बृजेश दत्त गौड़ की अगुवाई में आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए कैंप लगाया गया और कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि भाजपा नेता जेपी सिंह सेक्टर संयोजक दिनेश त्रिपाठी के द्वारा लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किया गया। अधीक्षक नवीन कुमार सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत गरीबों को इलाज में आसानी होगी आयुष्मान कार्ड धारकों का पांच लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त में किया जाएगा। कैंप में मौजूद स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी ललित कुमार मिश्र, बीसीपीएम सुधांशु त्रिवेदी, आयुष्मान मित्र राम शंकर यादव ने लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड की विस्तृत जानकारी देते हुए इसके लाभ के बारे में बताया। इस मौके पर परवेज, युसूफ, गिरजा शंकर त्रिपाठी, लिपिक सोहराब अली, फिरोज अहमद, अनंत श्रीवास्तव, कामरान हुसैन, नीरज यादव एवं अन्य लाभार्थी व अन्य लोग मौजूद रहे।

## आरक्षी भर्ती के चयनित अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण शुरू



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाइन गौरीगंज में जनपद अमेठी के लिए आवंटित पुलिस आरक्षी भर्ती 2023 के चयनित अभ्यर्थियों, रिक्रूट पुलिस बल की आधारभूत प्रशिक्षण जेटीसी के प्रथम दिवस पर ब्रीफिंग की गई एवं संबंधित को आवश्यक निर्देश दिये गये। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक दिनेश कुमार मिश्र, प्रतिसार निरीक्षक व अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे। शुरुआती प्रशिक्षण के दौरान उक्त रिक्रूट पुलिस बल को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए बुनियादी शारीरिक व्यायाम व दौड़ एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए परेड, ड्रिल, प्लाटून व स्क्वाड गठन के संबन्ध में प्रशिक्षित कर आरटीसी के लिए तैयार किया जायेगा।

## जमीनी विवाद बना खूनी संघर्ष, दो पक्षों में चले लाठी-डंडे ईंट-पत्थर

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** मोहनगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम तकिया, मजरे तिलोई में लंबे समय से चला आ रहा जमीनी विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। साबिर और रियाज दो पक्षों के बीच करीब छह वर्षों से जमीन को लेकर तनातनी चल रही थी। जानकारी के अनुसार, साबिर और रियाज के बीच की जमीन पर विवाद न्यायालय में विचाराधीन था, लेकिन साबिर की ओर से पैरवी न होने पर मुकदमा खारिज हो गया। रियाज ने जमीन पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया, जिससे साबिर के घर का पानी निकलने का रास्ता बंद हो गया। साबिर ने फिर से अदालत में मुकदमा दायर किया, जिस पर सुनवाई के बाद पुलिस की मदद से निर्माण कार्य रुकवाया गया। नल और नाली के निर्माण को लेकर दोनों पक्षों में पहले कहासुनी हुई, जो शाम होते-होते हिंसक झड़प में बदल गई। दोनों तरफ से ईंट-पत्थर और लाठी-डंडे चलने लगे। झगड़े में कुल छह महिलाएं घायल हो गई, जिनमें से एक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ थाने में तहरीर दी गई। अमीना पत्नी साबिर ने आरोप लगाया कि रियाज के परिजनों ने नाली निर्माण के दौरान हमला कर दिया, जिसमें फूलजहां, अमीना और ममता गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं अमीना पत्नी रियाज ने भी साबिर पक्ष पर मारपीट का आरोप लगाया और बताया कि बदरुन्निसा, अमीना और नूरजहां घायल हुई हैं। थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि घायलों को तिलोई सीएचसी भेजा गया है और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## पुलिस महानिरीक्षक ने किया पुलिस लाइन का निरीक्षण

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

मंगलवार को देर शाम पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या, परिक्षेत्र अयोध्या प्रवीण कुमार द्वारा पुलिस लाइन स्थित गौरीगंज अमेठी का निरीक्षण कर जनपद के लिए आवंटित पुलिस आरक्षी भर्ती 2023 के चयनित अभ्यर्थियों (रिक्रूट पुलिस बल) के ठहरने की व्यवस्थाओं, बैरक, मेस, परेड ग्राउण्ड व अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया गया एवं संबंधित को आवश्यक निर्देश दिये गये। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा, क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्र, पुलिस उपाधीक्षक दिनेश कुमार मिश्र व प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाईन व अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे।



## किसानों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं की दी गई जानकारी

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**




जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में माह के तृतीय बुधवार को किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसान दिवस में किसानों की समस्याओं एवं सुझावों को सुना गया तथा मौके पर ही जिलाधिकारी द्वारा उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। संबंधित अधिकारियों द्वारा किसानों से जुड़ी योजनाओं की जानकारी किसान बन्धुओं को उपलब्ध कराई गई तथा किसानों को जैविक व प्राकृतिक खेती के बारे में भी जानकारी दी गई। किसान दिवस में किसानों द्वारा अघोषित बिजली कटौती व बिना रीडिंग के मनमानी तरीके से बिल भेजने, माइनरों की सफाई, सहभागिता योजना के अंतर्गत भुगतान, स्वास्थ्य विभाग में रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती तथा नीलगाय और निराश्रित गोवंशों से संबंधित समस्याएं उठाई गई, जिनके निराकरण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके साथ ही किसान दिवस में कृषि विज्ञान केंद्र कठौरा के कृषि वैज्ञानिकों द्वारा उन्नत खेती करने तथा फसल को कीट, पतंगों व चूहों से बचाने के उपाय के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। किसान दिवस में जनपद के प्रगतिशील किसानों ने भी अपने-अपने विचार साझा किए तथा बताया कि कैसे उन्होंने शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर खेती की और अच्छा मुनाफा कमाया। जिलाधिकारी ने किसान भाइयों से अपील करते हुए कहा कि शासन द्वारा कृषि, मत्स्य, उद्यान, पशुपालन आदि विभागों में कई सारी जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं जिनका लाभ आप लोग लेकर अपनी आय बढ़ा सकते हैं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार तिवारी, अधिशासी अभियंता सिंचाई, नलकूप, विद्युत सहित अन्य संबंधित अधिकारी व किसान बंधु मौजूद रहे।

### सूचना

मैं विजय पाल सिंह पुत्र राजकरन सिंह, निवासी ग्राम-हैबतपुर कलां, पोस्ट-छिवलहा, परगना-सरेनी, तहसील-लालगंज, जिला-रायबरेली अपने पुत्र अजय प्रताप सिंह पुत्र विजय पाल सिंह निवासी ग्राम-हैबतपुर कलां, पोस्ट-छिवलहा, परगना-सरेनी, तहसील-लालगंज, जिला-रायबरेली के चाल चलन व उनके दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर उससे सारे संबंध समाप्त करता हूं । मेरा व मेरे परिवार का उससे कोई सरोकार नहीं है ।अब वह अपने कृत्यों का स्वंय उत्तरदायी होगा। यदि वह भविष्य में कोई अपराधिक या अनैतिक कार्य करता है, तो उससे मेरा कोई लेना देना नहीं है।

## इजराइल की सबसे बड़ी धमकी

इजरायल ईरान के बीच बढ़ते तनाव के दरम्यान जहां दोनों देशों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है, वहीं इजराइल के रक्षा मंत्री ने ईरान के सदर को चेताते हुए धमकी दी है कि अयातुल्ला खामनई अगर बंकर से बाहर नहीं आते हैं तो उनका भी हश्र इराकी तानाशाह सद्दाम हुसैन जैसा ही होगा। इजराइल ने तेहरान पर फिर बड़े हमले कर करेगा, जो दोनों देशों के बीच जारी टकराव अब निर्णायक मोड़ की ओर बढ़ता दिखाई भी दे रहा है। इजराइल के रक्षा मंत्री कैट्ज ने मंगलवार को ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर ईरान ने अपने हमले नहीं रोके, तो खामेनेई का अंजाम भी सद्दाम हुसैन जैसा होगा। तेल अवीव में एक उच्च स्तरीय सैन्य बैठक के बाद कैट्ज ने कहा कि ईरान यदि मिसाइल और ड्रोन हमले जारी रखता है तो हमारे जवाबी हमले तेहरान के उन ठिकानों पर होंगे, जहां से खतरे की शुरुआत हो रही है। चाहे वह सैन्य कमान हो, परमाणु वैज्ञानिक हों या यूरेनियम संवर्धन केंद्र हो, अथवा खामनेई का शरणगाह बंकर। पिछले छ दिन से इजराइल ईरान के बीच जारी मिसाइल और ड्रोन हमलों में अब तक 224 ईरानी और 24 इजराइली निर्दोष नागरिक अपनी जान गवां चुके हैं, जबकि दोनों देशों में 550 से अधिक नागरिक घायल हुए हैं। इजराइल ने दावा किया है कि उसके हमलों से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को बड़ा नुकसान पहुंचा है, जबकि ईरान ने भी पलटवार में इजराइल पर 370 से ज्यादा मिसाइलें और सैकड़ों ड्रोन दागे हैं। इजराइल की धमकी से राजधानी तेहरान में हालात ज्यादा तनावपूर्ण हैं, वहां की दुकानें बंद हैं, पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें हैं और अपनी जानमाल की सुरक्षा में लोग तेहरान छोड़ रहे हैं। तेहरान का ऐतिहासिक ग्रैंड बाजार भी बंद हो चुका है। वहीं इजराइल पर ईरान के ताबड़तोड़ पटलवार की खबर सुनकर जी-7 छोड़कर वापस वॉशिंगटन लौटे ट्रंप ने भी ईरान के नागरिकों से तेहरान खाली करने की अपील की है। ट्रंप ने कहा है कि ईरान को परमाणु हथियार रखने की अनुमति नहीं दी जा सकती। यदि बातचीत से हल नहीं निकलता है उसके लिए सैन्य विकल्प खुला है। ट्रंप ने यह भी साफ कर दिया है कि उन्हें मालूम है कि खामनेई कहां छिपे हैं? वे आसान टारगेट हैं, लेकिन अभी वहां सुरक्षित हैं, क्योंकि अभी हम उन्हें मारने नहीं जा रहे। अमेरिका नहीं चाहता कि उसके नागरिकों या सैनिकों, अयातुल्ला खामेनेई पर मिसाइलें दागी जाएं। अमेरिका की सहनशीलता अब खत्म हो रही है। ट्रम्प का भी यह बयान ईरान को चेतावनी माना जा रहा है कि हालात नहीं सुधरे तो अमेरिका सैन्य कार्रवाई कर सकता है। हालांकि ट्रंप ने यह भी संकेत दिया कि अमेरिका अब भी ईरान के साथ परमाणु समझौते के लिए बातचीत को तैयार है, लेकिन उन्होंने ईरानी नेतृत्व की मंशा पर सवाल खड़े किए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर हालात पर जल्द काबू नहीं पाया गया तो यह टकराव एक व्यापक क्षेत्रीय युद्ध का रूप ले सकता है, जो न केवल मध्य पूर्व, बल्कि वैश्विक स्थिरता के लिए भी खतरा बन सकता है। संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने दोनों देशों से संयम बरतने की अपील की है। वहीं दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव ने विश्व समुदाय को चिंतित कर दिया है। खाड़ी क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए राजनयिक प्रयासों की सख्त ज़रूरत है, यदि यह संघर्ष अब भी न थमा, तो इसके परिणाम वैश्विक स्तर पर विनाशकारी हो सकते हैं।

# जी-7 में भारत की अग्रणी भूमिका

*एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी*



वैश्विक स्तर पर भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा का डंका पूरी दुनियाँ में बज रहा है, जिसका सटीक उदाहरण अभी 17 जून 2025 को माननीय भारतीय पीएम द्वारा जी-7 शिखर सम्मेलन के अंतिम दिन कनाडा पहुंचे व सम्मेलन अटेंड किया, हालांकि भारत इसका सदस्य नहीं है, फिर भी 2019 से लगातार एक विशिष्टता से आमंत्रित हो रहे हैं।सम्मेलन में भाग लेकर वैश्विक विकसित देशों से चर्चा कर विश्व को अपने अनुभव साझा कर रहा हैं,ताकि पूरी दुनियाँ की बेहतरीन के लिए बेहतर योगदान दिया जा सके।

आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि हमारे पीएम को जी-7 में आमंत्रित किया गया जिससे हम उन सटीक अंदाज लगा सकते हैं कि, भारत की प्रतिष्ठा में दिन दूनी रात चौगुनी वृद्धि हुई है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र से आज दिन भर इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया पर माननीय पीएम के कनाडा पहुंचने से लेकर अंत तक नजर गाड़ाए राखी। सम्मेलन के दौरान हर विकसित देश माननीय पीएम से मिलना चाहता था,भारत से नजदीकियां बनाए रखने के भाव बड़े-बड़े नेताओं में देखे जो रेखांकित करने वाली बात है। चूँकि भारत का 51 वें जी-7 शिखर सम्मेलन 15-17 जून 2025 कनाडा में भारत का आगाज हुआ इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत भविष्य में जी-7 का सदस्य बन सकता है, क्योंकि भारत आर्थिक, राजनीतिक, वैश्विक ताकत बनकर तेजी से बढ़ता चला जा रहा है। साथियों बात अगर हम जी-7 सम्मेलन 2025 कनाडा के प्रमुख बिंदुओं और उद्देश्यों को समझने की करें तो, जी-7 देश भारत को एक ऐसे शक्तिशाली साझेदार के रूप में देखते हैं, जो इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में चीन की आक्रामकता का जवाब दे सकता है. भारत क्वाड समूह (भारत, अमेरिका, जापान, औरऑस्ट्रेलिया) का हिस्सा है, जो चीन के प्रभाव को संतुलित करने में महत्वपूर्ण है, दरअसल 2019 से भारत के पीएम को दुनिया के अमीर देश अपनी बैठक में हर साल बुलाते हैं, यह भारत की वैश्विक स्थिति और रणनीतिक महत्व को दर्शाता है।

अमेरिका के हडसन इंस्टीट्यूट द्वारा 14 मई, 2023 को प्रकाशित लेख, जिसका शीर्षक है इंडिया व्हाय ऑलवेज इन्विटेड टू जी-7. व्हाई इज डैट सो इम्पोर्टेन्ट ने भी भारत की दुनिया में बढ़ती ताकत और प्रासंगिकता को महसूस किया था, लेख में अनुमान लगाया गया है कि भारत भविष्य में जी-7 का औपचारिक सदस्य बन सकता है, क्योंकि उसका आर्थिक और रणनीतिक प्रभाव बढ़ रहा है। हालांकि, भारत की ओर से कुछ हिचकिचाहट हो सकती है।


जी-7 2025 के एजेंडा के प्रमुख बिंदु : (1) वैश्विक आर्थिक स्थिरता और वृद्धि मुद्रास्फीति, आर्थिक मंदी की आशंका, वैश्विक व्यापार में असंतुलन, आपूर्ति श्रृंखला की सुरक्षा (2) ऊर्जा सुरक्षा और डिजिटल संक्रमण आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम कंप्यूटिंग, क्रिटिकल मिनरल्स, नेट-ज़ीरो लक्ष्यऊर्जा आत्मनिर्भरता के लिए नवीकरणीय स्रोतों और हरित हाइड्रोजन पर बल (3) शांति और सुरक्षा, इज़राइल -ईरान संघर्ष, यूक्रेन-रूस युद्ध, आतंकवाद उन्मूलन, साइबर सुरक्षा अंतरराष्ट्रीय मानवीय सहायता और शरणार्थियों के संरक्षण पर चर्चा, जी-7 देश भारत को एक ऐसे शक्तिशाली साझेदार के रूप में देखते हैं, जो इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में चीन की आक्रामकता का जवाब दे सकता है। जी-7 के प्रमुख उद्देश्य : (1) वैश्विक आर्थिक स्थिरता और वृद्धि को बढ़ावा देना (2) वित्तीय पारदर्शिता और सहयोग (3) जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय मुद्दों पर नेतृत्व (5) वैश्विक स्वास्थ्य (जैसे कोविड -19) के संकट में सहयोग (6) लोकतंत्र और मानवाधिकारों का समर्थन, कनाडा के अल्बर्टा राज्य के कैननास्किस में जी7 समिट का आज आखिरी दिन है। पीएम मोदी अब तक 6 वर्ल्ड नेताओं से मुलाकात कर चुके हैं। इनमें फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज, मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम पार्डो, ऑस्ट्रेलिया पीएम एंथनी अल्बनीज, द. अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा, साउथ कोरिया राष्ट्रपति लीजे म्युंग शामिल हैं। साथियों बात अगर हम भारत की बढ़ती भूमिका उपस्थित प्रतिष्ठा को समझने की करें तो,(1)भारत इस साल ही दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना हैतमाम वैश्विक संस्थाओं का मानना है कि भारत एक साल के अंदर ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का खिताब पा सकता है, जी 7 देश, जो विश्व की सबसे उन्नत अर्थव्यवस्थाओं का समूह हैं, भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं (सप्लाई चेन) में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी मानते हैं, कनाडाई पीएम ने शिखर सम्मेलन में भारत को आमंत्रित करते हुए कहा कि भारत का होना आर्थिक और रणनीतिक चर्चाओं के लिए जरूरी है क्योंकि यह वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं के केंद्र में है (2)-जिओ पोलिटिकल महत्व, भारत विश्व की सबसे बड़ी आबादी वाला देश और एक उभरती हुई शक्ति है, जी-7 देश भारत को एक लोकतांत्रिक और जिम्मेदार शक्ति के रूप में देखते हैं, जो चीन और रूस जैसे अधिनायकवादी देशों के प्रभाव को संतुलित करने में मदद कर सकता है,भारत का इंडो- पैसिफिक क्षेत्र में रणनीतिक महत्व, खासकर चीन के बढ़ते प्रभाव के संदर्भ में, जी-7 के लिए महत्वपूर्ण है (3)-ग्लोबल साउथ का प्रतिनिधित्व-भारत को ग्लोबल साउथ का एक प्रमुख आवाज माना जाता है,जी 7 देश, जो मुख्य रूप से विकसित देश हैं, भारत जैसे उभरते देशों को शामिल करके वैश्विक मुद्दों पर व्यापक सहमति बनाना चाहते हैं,भारत की जी-20 अध्यक्षता (2023) ने इसे और मजबूत किया, जिससे जी7 को भारत की राय को नजरअंदाज करना मुश्किल हो गया, हडसन इंस्टिट्यूट के लेख में विदेश मंत्री एस. जयशंकर के 2022 के बयान का हवाला देते हुए लिखा गया कि यूरोप को यह मानसिकता छोड़नी होगी कि यूरोप की समस्याएँ विश्व की समस्याएं हैं, लेकिन विश्व की समस्याए यूरोप की समस्याएं नहीं हैं। भारत की जी-20 अध्यक्षता और वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ सम्मेलन (2023) ने इसे ग्लोबल साउथ के हितों को जी-7 जैसे मंचों पर उठाने में सक्षम बनाया है। (4) वैश्विक चुनौतियों में योगदान--जी-7 शिखर सम्मेलन में जलवायु परिवर्तन, डिजिटल परिवर्तन, ऊर्जा सुरक्षा, और अंतरराष्ट्रीय शांति जैसे मुद्दों पर चर्चा होती हैय भारत इन क्षेत्रों में अपनी नीतियों और तकनीकी प्रगति (जैसे नवीकरणीय ऊर्जा और डिजिटल अर्थव्यवस्था) के माध्यम से महत्वपूर्ण योगदान दे सकता हैइसके साथ ही भारत, दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के नाते, जी-7 के लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ मैच करता है। यह इसे उन देशों से अलग करता है जो जी-7 के लिए रणनीतिक चुनौतियां पेश करते हैं, जैसे कि चीन।(5) मोदी की व्यक्तिगत छवि--2019 से हर जी-7 शिखर सम्मेलन में भारत को आमंत्रित किया गया है (2020 को छोड़कर, जब कोविड-19 के कारण शिखर सम्मेलन रद्द हुआ था)। यह भारत की बढ़ती वैश्विक हैसियत और मोदी के नेतृत्व में भारत की सक्रिय विदेश नीति को दर्शाता है। पीएम की वैश्विक मंचों पर सक्रियता और उनकी कूटनीतिक पहल (जैसे जी-20 में भारत की भूमिका) ने उन्हें एक प्रभावशाली नेता के रूप में स्थापित किया है. जी-7 देश भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए मोदी के साथ सीधे संवाद को महत्व देते हैं (6) चीन के मुकाबले भारत की रणनीतिक भूमिका--आज अमेरिका सहित पूरे पश्चिम की सबसे बड़ी चिंता चीन है। इसका कारण चीन की नीतियां तो अफेंसिव हैं हीं, चीन में लोकतंत्र का न होना भी एक बहुत बड़ा कारण है, हडसन इंस्टिट्यूट के लेख में तर्क दिया गया है कि भारत एक जिम्मेदार और लोकतांत्रिक शक्ति के रूप में उभर रहा है, जो चीन जैसे अधिनायकवादी देशों के प्रभाव को संतुलित कर सकता है, उदाहरण के लिए, दक्षिण चीन सागर में चीन के क्षेत्रीय दावों को अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने 2016 में खारिज कर दिया था, लेकिन चीन ने इसे नजरअंदाज किया। इसके विपरीत, भारत ने नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का समर्थन किया है,जी-7 देश भारत को एक ऐसे शक्तिशाली साझेदार के रूप में देखते हैं, जो इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में चीन की आक्रामकता का जवाब दे सकता है, (7) भारत जैसे देश ही बचा सकेंगे जी-7 की प्रासंगिकता, हडसन इंस्टीट्यूट की लेख की मानें तो जी-7 का प्रभाव घट रहा है, और भारत जैसे देशों को शामिल करना इसे फिर से प्रासंगिक बनाने का एक तरीका हो सकता है। जी-7 देश भारत को एक लोकतांत्रिक और जिम्मेदार शक्ति के रूप में देखते हैं, जो रूस और चीन जैसे देशों के विपरीत है, लेख में भारत की हिचकिचाहट को भी रेखांकित किया गया था। भारत एक तटस्थ और स्वतंत्र विदेश नीति का पालन करता है, और जी-7 जैसे पश्चिमी-केंद्रित समूह में शामिल होने से उसकी नॉन -अलीज्ड मूवमेंट की नीति प्रभावित हो सकती है, इसके अलावा, चीन के साथ तनाव बढ़ने का जोखिम भी है। अतः अगर हम पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि 51वें जी-7 शिखर सम्मेलन 15-17 जून 2025 कनाडा में भारत का आगाज़ भारत भविष्य में जी-7 का सदस्य बन सकता है, क्योंकि भारत की आर्थिक, राजनीतिक, वैश्विक ताकत तेजी से बढ़ रही है। भारत की वैश्विक भूमिका- चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वैश्विक चुनौतियों में योगदान, जियो पोलिटिकल महत्व सहित अनेको वैश्विक उपलब्धियों से प्रतिष्ठा बढ़ी।

विचार

# प्रबंधन से ज्यादा जरूरी है आपदा रोकना

*अरविन्द मोहन*

सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के राहत आयुक्तों और आपदा प्रबंधन के मुखिया लोगों के बीच जब केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आपदा प्रबंधन में भारत को दुनिया का अगुआ और मोदी राज के दस वर्षों में यह उपलब्धि हासिल करने का दावा कर रहे थे तब डरावने विमान हादसे से बिखरे मलबे और मानव अंगों को समेटने और पहचानने का काम पूरा नहीं हुआ था और जिस किसी ने भी प्रत्यक्ष या वीडियो वगैरह के जरिए राहत एजेंसियों के लोगों को लगन और धैर्य से काम करते देखा होगा वह एक बार गृह मंत्री के दावे पर भरोसा कर लेगा। वैसे यह अलग बात है कि इसी अमित शाह ने इसी दुर्घटना को लेकर जैसा कैजुअल बयान दिया था उसकी काफी आलोचना हुई थी। आपदा प्रबंधन वाले लोगों के काम की मुश्किल इस बात से भी समझी जा सकती थी कि जब शायद ही कोई शव साबुत मिला हो तब टुकड़ों के आधार पर उसकी पहचान करके घरवालों को सही व्यक्ति की लाश सौंपना असंभव बन गया। लगभग आधे शव ही पहचाने जा सके। हजारों हजार रुपए देकर यात्रा करने वाले यात्रियों और आकाश से आने वाली मौत से अनजान डाक्टर बनने का सपना लेकर आगे बढ़ रहे हास्टल वाले बच्चों के परिवार वालों को अगर शव सौंपना संभव न हो तब सफलता-विफलता और दुनिया में सर्वश्रेष्ठ बनने का दावा क्यों नहीं करना चाहिए यह समझ तो इतने जिम्मेदार नेता में होनी चाहिए। अब यह दुर्घटना या इसके ठीक बाद हुई उतराखंड में हेलीकाप्टर दुर्घटना या पुणे में पुल टूटने की घटना या बेंगलुरु में भगदड़ या कुम्भ की भगदड़ या हाथरस की भगदड़ या फिर बाढ़ और प्राकृतिक आपदाओ या कोविड जैसी महामारी के बीच हमारी इन आपदा प्रबंधन एजेंसियों के कामकाज पर नजर डालेंगे तो रिकार्ड फिफ्टी-फिफ्टी का ही मिलेगा। इन पर होने वाले खर्च को जोड़ेंगे तो हिसाब और महंगा लगेगा। इनकी जरूरत और इनकी कार्यकुशलता की मांग तो लगातार बढ़ती जा रही है। लेकिन गृह मंत्री का यह दावा राजनैतिक लगता है कि एजेंसियों ने मोदी राज में नुकसान को न्यूनतम या कम करने की जगह शून्य करने में सफलता पाई है। वे यह कहने से भी नहीं चूके कि आपदा एक वैश्विक समस्या है क्योंकि जलवायु परिवर्तन और वैश्विक तापमान में वृद्धि के चलते इनका क्रम बढ़ गया है। इस बात में सच्चाई हो सकती है लेकिन सारी आपदाओं को प्रकृति और जलवायु के बदलाओं के मत्थे मढ़ना ठीक नहीं है। असल में उस बदलाव और बिगड़ाव के लिए हमी दोषी हैं, हमारी सरकारों की नीतियां दोषी हैं। अपने यहां अहमदाबाद या उत्तराखंड हादसे से लेकर कोविड के नाम पर तालाबंदी के जरिए देश भर के करोड़ों प्रवासी मजदूरों के जीवन में तबाही लाने जैसे अधिकांश मामलों में मुख्य भूमिका सरकार की दिखती है या उसकी तरफ से दी गई ढील की है। अगर सिंगल इंजन के विमानों को दुर्गम पहाड़ियों वाले उत्तराखंड में ऑटो की तरह पैसेंजर ढोते सब लोग देख लेते हैं तो यह सरकार को क्यों नहीं दिखता। उसके साथ दलालों और पैसों की लूट करने वाली कंपनियों का रिश्ता क्यों नहीं दिखता। हवाई यातायात ही नहीं, सड़क और रेल परिवहन जितना लूटने लगे है उनमें सुविधाओं और सुरक्षा की उतनी ही कमी क्यों आती जा रही है। सड़े गले पुल पर ट्रैफिक न जाए यह देखना किसका जिम्मा है? लोगों के बड़े जमावड़े की इजाजत देते समय कायदे कानून को क्यों बिसरा दिया जाता है? ऐसी दुर्घटनाएं बार-बार हो रही हैं और एनडीआरएफ के जवानों की



बहादुरी और कर्तव्यपरायणता के बावजूद बड़ी संख्या में मौत हो जाती है। ऐसी जगह सरकार किसके पक्ष में होती है यह बताया न भी जाए तो इतना जरूर होता है कि वह नुकसान को कम से कम बताकर अपनी जिम्मेवारी से बचना चाहती है। इस बात का सबसे अच्छा उदाहरण पहलगाम कांड और हमारी सैनिक कार्रवाई की गहमागहमी के बीच कोविड से हुई मौतों का आंकड़ा जारी करना है। यह काम गृह मंत्रालय का ही था और जन्म तथा मृत्यु के आंकड़े जारी करने का रूटीन काम भी कई साल बाद किया गया। इस सरकारी आंकड़े से पता चला कि अकेले 2021 में कोविड से मौत के आंकड़े तीन लाख नहीं बीस लाख से ज्यादा है- पहले बताए जाने वाले आंकड़े से लगभग सात गुना। गुजरात जैसे राज्य में आंकड़ों का फासला साठ गुना लगता है तो उत्तर प्रदेश में भी सात के कई गुना ज्यादा। इस बीच कोविड प्रबंधन में दुनिया भर में झण्डा फहराने जैसे न जाने कितने दावे किए गए। इन मौतों को लेकर सारे चैनल और अखबार सरकार की भक्ति में न थे लेकिन हिन्दू की रिपोर्टों को अनदेखा किया गया। अंग्रेजी मीडिया की खबरों से सरकार को ज्यादा चिंता नहीं होती। याद कीजिए, दानिश सिद्दीकी द्वारा लाश से पटी सीमापुरी श्मशान की तस्वीरों पर क्या कहा गया या भास्कर को किस तरह माफी मांगने पर मजबूर किया गया। अफगान युद्ध में फोटोग्राफी करते वक्त जान गंवाने वाले दानिश को तब शासक दल के प्रवक्ता गिद्ध कहते थे। ऐसा ही मामला हाल में हुए कुम्भ हादसे में मरने वालों और उनके परिजनों के साथ हुए व्यवहार का है। कुम्भ को सदी का ही नहीं सदा का सर्वश्रेष्ठ आयोजन बताने और इस भगदड़ को दुर्घटना बताने वाले मामले की पोल बीबीसी के कुछ पत्रकारों ने खोली जब साफ हुआ कि मुआवजे किस भेदभावपूर्ण तरीके से बंटे, कम लोगों को दिए गए और अधिकांश को नहीं मिले। मौत का आंकड़ा भी सरकारी दावे से कई गुना है। कहीं नकदी तो कहीं बैंक ट्रांसफर क्यों किया गया? यह साफ नहीं है। लेकिन इस बीच उत्तर प्रदेश सरकार ने हाथरस भगदड़ के मुख्य जिम्मेदार को किस तरह बेदाग बचा लिया यह खबर कुम्भ भगदड़ जितनी चर्चा भी नहीं पा सका। उस बाबा पर प्राथमिकी तक दर्ज नहीं हुई और पूछताछ भी औपचारिकतावश हुई। कोविड वाले लाकडाउन में तो प्रवासी मजदूरों की दुर्गति किसी बाबा के चलते न होकर सरकार के गलत फैसले से हुई जिसमें मोदी और शाह सभी शामिल थे। इसलिए साफ लगता है कि दावे जो किए जाए, आपदा प्रबंधन एजेंसियों का काम जितना सुधारा हो आपदा लाने वाले ज्यादा गैर जिम्मेदार हुए हैं, नैतिकता गायब हुई है और फैसलों में कामकाज सुधारने और अच्छे प्रबंधन की जगह दूसरी वजहें प्रभावी होती जा रही हैं।

साहित्य

## सिकल सेल रोग बरबस...!



**संजय एम. तराणेकर**

यहीं है एक अंतरराष्ट्रीय जागरूकता दिवस,
वैश्विक जनता को सिकल सेल रोग बरबस।
पहला 19 जून 2009 को आयोजित हुआ!
अभियान से जुड़े सारे संगठन आते हैं साथ,
डॉक्टर से लक्षणों के बारे में पता चलें बात।
यह होता है एक जेनेटिक ब्लड डिसऑर्डर,
लाल रक्त कोशिकाओं को कर देता सरेंडर।
यहीं है एक अंतरराष्ट्रीय जागरूकता दिवस,
वैश्विक जनता को सिकल सेल रोग बरबस।
ऐसे शरीर में आरबीसी की हो जाती है कमी,
शरीर के अंगों में ऑक्सीजन न पहुंच पाती।
समाज में फैली धारणा एवं भेदभाव मिटाना,
ऑटिस्टिक व्यक्ति भी कुशल व सृजनात्मक
होने के साथ समाज के लिए मूल्यवान ही हैं।






## राशिफल

**मेष:-** भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन असंतुष्ट रहेगा।

**वृषभ:-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। नये व्यावसायिक यात्राओं का योग है।

**मिथुन:-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छवि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनचर्या के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। घर में खुशहाली होगी।

**कर्क:-** कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी।

**सिंह:-** पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति भी ध्यान दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्या:-** परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**तुला:-** समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**वृश्चिक:-** स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे।

**धनु:-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धिमत्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकर:-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएगी। संतान संबंधी दायित्वों की पूर्ति होगी।

**कुंभ:-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

**मीन:-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुिष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।

# आसान नहीं ईरान के फोर्डो परमाणु स्थल को उड़ाना

*मुकुंद*

इजराइल कई दिनों से ईरान को सामरिक चोट दे रहा है। ऐसी चोट जो ईरान को न रोने दे रही न हंसने दे रही। पिछले छह दिन से दोनों देश एक-दूसरे के आसमान से धरती पर कहर बरपा रहे हैं। इजराइल इस दौरान ईरान के कई प्रमुख परमाणु वैज्ञानिकों और शीर्ष सैन्य कमांडरों को ढेर कर चुका है। अमेरिका उस पर लगातार बिना शर्त समझौता करने का दबाव बना रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसे अपनी प्रतिष्ठा से जोड़ लिया है। वह समझौते को बेकरार हैं। यह बेकरारी इससे समझी जा सकती है कि वह कनाडा में चल रहे जी-7 शिखर सम्मेलन को छोड़कर स्वदेश लौट आए और सीधे सिचुएशन रूम में अपने सैन्य रणनीतिकारों से विचार-विमर्श करने में जुट गए। माना जा रहा है कि इस दौरान ईरान के फोर्डो परमाणु स्थल पर इजराइल के हमले की योजना को लेकर भी चर्चा हुई। यह ईरान का सबसे महत्वपूर्ण परमाणु सुविधा केंद्र हैं।

ईरान इसे लेकर बेहद संजीदा है। इसे उसने अभेद्य दुर्ग में तबदील कर रखा है। ईरान ने फोर्डो को कोम शहर के पास पहाड़ के नीचे विकसित किया है। फोर्डो ईंधन संवर्धन संयंत्र चट्टानों और मिट्टी के नीचे लगभग 80 मीटर (260 फीट) की गहराई पर है। इसे हवाई हमलों और सैन्य आक्रमण से बचाने के लिए डिजाइन किया गया है। इसको ईरान का माउंट डूम भी कहा जाता है। कहा तो यहां तक जाता है कि इसकी रक्षा के लिए सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल रक्षा प्रणाली का बंदोबस्त है।

फोर्डो में काम 2009 में ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने एक मिसाइल बेस के रूप में शुरू किया था। बाद में इसे यूरेनियम संवर्धन के लिए भूमिगत सुविधा में बदल दिया गया। इसे अमेरिकी और इजराइल शुरू से परमाणु हथियारों के उत्पादन के लिए एक संभावित खतरे के रूप में देख रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों और विशेषज्ञों के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय ईरानी परमाणु सुविधा रही है। ईरान का एक और भूमिगत परमाणु संवर्धन स्थल नातांज है। इजराइल हमले के पहले दिन ही इसे निशाना बना चुका है। यह दोनों मध्य ईरान में तेहरान के दक्षिण में हैं।

माना जाता है कि फोर्डो को हवाई हमलों का सामना करने के लिए बनाया गया है। 2015 के परमाणु समझौते के तहत, इसे बिना संवर्धन के एक अनुसंधान सुविधा के रूप में इस्तेमाल किया जाना था, लेकिन 2019 के बाद ईरान ने यहां संवर्धन फिर से शुरू कर दिया। समूची दुनिया इसी बात को लेकर चिंतित है। हालांकि फोर्डो को कई लिहाज से अभेद्य माना जा रहा है, मगर कुछ रिपोर्टों में यह दावा किया गया है कि संयुक्त राज्य अमेरिका के पास ईरान के इस फोर्डो को नष्ट करने की क्षमता है। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने यह कहकर सबको चौंका दिया है कि ईरान के आसमान पर अब हमारा पूरा नियंत्रण है। इजरायली सेना अमेरिका से खरीदे गए विमानों और हथियार प्रणालियों से लैस है। व्हाइट हाउस के सिचुएशन रूम से छनकर आई खबरों में दावा किया जा रहा है कि ट्रंप फोर्डो में इजराइल के संभावित हमले में शामिल होने पर विचार कर रहे हैं। उनके सबसे करीबी सलाहकार भी सहमत हैं कि अब फोर्डो को उड़ाने का समय आ गया है। ट्रंप ने तो यहां तक कहा कि उन्हें पता है कि ईरान का सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई कहां छुपा है। हम फिलहाल उसे मारना नहीं चाहते। हालांकि इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान के नेता को निशाना बनाने की संभावना से इनकार नहीं किया है। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस का बयान भी काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ईरानी परमाणु सुविधा केंद्र को समाप्त करने के लिए आगे की कार्रवाई करने का निर्णय ले सकते हैं। यह उनका अधिकार है। यहां यह जानना भी जरूरी है कि ईरान के खिलाफ अब तक के पिछले हमलों का इतिहास बताता है कि उनके नतीजे अप्रत्याशित होते हैं। कोई 15 साल पहले सेंट्रीफ्यूज पर इजराइल के एक साइबर हमले ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को केवल एक या दो साल के लिए ही धीमा किया था। इसके बाद ईरान परमाणु संवर्धन में वापस लौटा, तो वह पहले से कहीं अधिक ताकतवर हो गया था। जॉर्ज डब्ल्यू बुश के शासनकाल से पिछले दो दशकों में इजराइल और अमेरिका ने नातांज परमाणु संवर्धन केंद्र में हजारों सेंट्रीफ्यूज को निशाना बनाने के कई प्रयास किए हैं। इजराइल सेंट्रीफ्यूज के लिए जरूरी पुर्जे बनाने वाले कारखानों को नष्ट कर चुका है। वह परमाणु हथियार कार्यक्रम में शामिल उसके प्रमुख वैज्ञानिकों को भी ठिकाने लगाता रहा है। हकीकत यह है कि इजराइल और अमेरिका के हर हमले के बाद ईरान का परमाणु हथियार कार्यक्रम और मजबूत हुआ है। मगर 2015 में हस्ताक्षरित समझौते के तहत ईरान को अपने 97 फीसद परमाणु ईंधन को छोड़ने और नातांज में संवर्धन को धीमा करने के लिए मजबूर होना पड़ा। साल 2018 में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस समझौते को आपदा बताते हुए पीछे हट गए। इसके तुरंत बाद ईरान ने परमाणु कार्यक्रम में तेजी के साथ काम करना शुरू कर दिया।

इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू तो यहां तक दावा करते हैं कि ईरान के पास अब भी नौ परमाणु हथियार बनाने के लिए पर्याप्त ईंधन है। सवाल यह भी है ईरान ने फोर्डो परमाणु सुविधा स्थल के लिए कोम शहर को ही क्यों चुना? माना जा रहा है कि ईरानी शासक कोम को सबसे पवित्र शहर मानते हैं। यह देश का सातवा सबसे बड़ा महानगर है। कोम तेहरान के दक्षिण में 140 किलोमीटर (87 मील) दूर और को नदी के तट पर स्थित है। कोम को शिया इस्लाम में पवित्र माना जाता है, क्योंकि यह इमाम अली इब्न मूसा रिदा (फारसी में इमाम रजा 789-816) की बहन फातिमा बिन्त मूसा की दरगाह का स्थल है यकीन मानिए कि इजराइल और अमेरिका के संयुक्त हमले में यदि फोर्डो को उड़ा दिया जाता है तो इस पवित्र शहर की आत्मा इसके लिए अपने शासकों को जरूर कोसेगी। वह कहेगी फातिमा बिन्त मूसा को चैन से सोने भी नहीं दिया।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
मुख्य कार्यालय (*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887
**संपादकीय कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**

# अपनी तेज जलधारा के साथ फिर बहेगी चंद्रावल नदी

**नदी का होगा संरक्षण व पुनरोद्धार, डीएम की अध्यक्षता में बैठक संपन्न**

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता व मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला की उपस्थिति में हमीरपुर जनपद की जीवनदायिनी चंद्रावल नदी के संरक्षण एवं पुनरोद्धार हेतु गोष्ठी एवं कार्यशाला का आयोजन मीटिंग हाल में किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि चंद्रावल नदी की वर्तमान स्थिति जल प्रवाह क्षेत्र में हो रही सिल्ट की भारी मात्रा में जमा होने तथा इससे नदी के प्रवाह में आई रुकावटों के कारण उत्पन्न समस्याओं से नदी का प्राकृतिक प्रवाह अवरुद्ध हो गया हैए जिससे यह नदी धीरे-धीरे अपना अस्तित्व खोती जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी खनन पट्टाधारकों एवं उद्योग प्रतिनिधियों को उनके सामाजिक दायित्वों की ओर जागरूक करते हुए आग्रह किया कि वे नदी के पुनर्जीवन जैसे पावन कार्य में श्रमदान एवं सहयोग कर अपनी महती भूमिका निभाएं। उन्होंने यह भी कहा कि जनभागीदारी के माध्यम से ही इस महान कार्य को सफलता पूर्वक पूर्ण किया जा सकता है।

उन्होने सभी अधिकारियोंएखनन पट्टाधारकों, उद्योगों एवं समाज के प्रबुद्धजनों से अपील की कि वे इस नदी पुनरोद्धार अभियान को एक जन आंदोलन का रूप दें और सामूहिक प्रयासों से चंद्रावल नदी को पुनः जीवनदायिनी रूप में स्थापित करें। चन्द्रावल नदी जनपद में ग्राम गुढ़ा विकास खण्ड मौदहा में प्रवेश करते हुये चमरखन्ना भवानी गहबरा नरायच छिमौली मदारपुर परछा सिजनौड़ा पढ़ोरी टोलामाफ किसवाही आदि ग्रामों से होते जनपद बांदा के ग्राम शंकरपुर के निकट केन नदी में मिलती है। जनपद हमीरपुर में नदी की कुल लम्बाई 68 किमी. है तथा जल संग्रहण क्षेत्र 990 वर्ग किलोमीटर है। वर्तमान में इस नदी में कुल 17 चेकडैम निर्मित हैं लगातार सिल्ट इरोजन के कारण नदी अपना स्वरूप खोती जा रही है। इसलिये इसका पुनरोद्धार किया जाना अति आवश्यक है। नदी के अटैचमेंट एरिया में जनपद के 22 ग्राम आते है।

जिलाधिकारी ने चन्द्रावल नदी का पुनरोद्धार के कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए कहा कि उपरोक्त कार्य मनरेगा से नहीं कराया जाएगा तथा किसी प्रकार की शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान समाजसेविओंएजनप्रतिनिधियों तथा प्रबुद्धजनों ने जिलाधिकारी की पहल की प्रसंशा करते हुए अपने अपने सुझाव भी दिए। इस आवसर पर जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारीगणए, खनन पट्टाधारक औद्योगिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधि तथा मीडिया के गणमान्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# कालेज के आडिट में पायी गयी ढेर सारी अनियमितताएं

**शुल्क को कोष में नहीं किया जमा, भुगतान के बाद दो फीसदी की नहीं की गयी कटौती**

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

नेशनल इंटर कालेज मौदहा की पिछली दिनो हुई आडिट रिपोर्ट में ढेर सारी अनियमितताएं पायी गयी है,1920 से लेकर वर्ष 23 तक का कालेज का आडिट किया गया था जिसमे वर्ष 1920 में प्रधानाचार्य द्वारा करीब 93 हजार रुपये हाथ में रखने के बाद 14 फरवरी 22 को बैंक में धनराशि जमा की गयी है,यही नही शुल्काय की धनराशि को राजकीय कोष में न जमा करके करीब 23 हजार रुपये का राजस्व का नुकसान किया है।

जानकारी के मुताबिक जिले के सभी इंटर कालेजो व जूनियर हाईस्कूलों का संप्रेक्षा विभाग से आडिट किया जाता है जिसमे ढेर सारी अनियमिताएं पायी जाती है, नेशनल इंटर कालेज में पिछले दिनों हुये आडिट में पाया गया कि एमडीएम खाते से जो पैसा निकाला गया उसके वितरित करने के बाद उसे जमा नही किया गया जो अनियमिता में आता है, यही नहीं डीआरडीए से प्राप्त अनुदान के बाद भवन निर्माण में कार्यो का भुगतान करने के बाद दो फीसदी की कटौती नही की गयी है, जिससे 4775 रुपये का नुकसान बताया जाता है, जांच मे पाया गया कि सामग्रियों का क्रय टेंडर आमंत्रित न करके कोटेशन के आधार पर क्रय किया गया है। जो आपत्तिजनक है, एमडीएम की धनराशि के खाते में वितरण न करने के छात्रों को लाभ से वंचित किया गया है, छात्रों से पंखा शुल्क नहीं लिया गया है। जब कि कक्षा नौ से बारह के छात्रों से प्रति छात्र कम से कम बीस रुपये प्रति छात्र शुल्क लेना चाहिये। जांच में रिपोर्ट में कहा गया है कि शुल्क को राजकीय कोष मे न जमा करना, कृषि भूमि का आय व्यय का व्यौरा न देना एमडीएम की कनवर्जन धनराशि छात्रों के बैंक खाते में न जमा करना आदि अनियमिताएं पायी गयी है, आडीटर ने बताया कि इस मामले की रिपोर्ट डीआईओएस के अलावा शासन को भी भेज दी गयी है।

## पांच साल बाद गौशालाओं के बजट का फिर से शुरू हुआ आडिट

**हमीरपुर।** पांच साल बाद गौशालाओ के बजट का आडिट फिर से शुरु किया गया है, इसके पहले वर्ष 1920 में आडिट हुआ था जिसमे ढेर सारी अनियमितताएं पायी गयी थी कई ब्लाकों के सचिवों ने अभिलेख नही दिये थे, जिसकी रिपोर्ट शासन को भेजी गयी थीइसके बाद इस साल फिर से गौशालाओं के बजट का आडिट शुरु हुआ है आडीटर अमरजीतदास ने बताया कि जिले मे सात ब्लाक में पचास फीसदी सभी ब्लाकों का आडिट कर लिया गया है शीघ्र ही पूरा करके शासन को रिपोर्ट भेजी जायेगी। उनका कहना है कि अब ग्राम पंचायतों में ज्यादा बजट न आने से अनियमिताएं कम मिल रही है,कुछ गांव ऐसे है जहा पर अभी आडिट शुरु नही हुआ है, अभिलेख मांगे जा रहे है।

# खबरें एक नजर में

## उधार पैसा मांगने गए भाई व महिलाओं के साथ की मारपीट

**मौदहा (कोतवाली)।** क्षेत्र के ग्राम पढ़ोहरी निवासी विद्यासागर ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में कहा कि मेरे बड़े भाई ने मुझसे एक वर्ष पूर्व रुपया उधार लिया था जब मै उसके घर रूपये मांगने गया तो रुपया देने से मना किया बोला कौन पैसा कब दिया है मैने कहा एक वर्ष पूर्व दिया था वह रुपया तो गाली गलौज करने लगा और मना करने पर उसके पुत्र पंकज पत्नी चुन्ना व भाई ने मेरे साथ लाठी डंडो से मारपीट की स कोतवाली प्रभारी उमेश सिंह ने बताया पढ़ोहरी की भाई भाई के विवाद का मामला आया था मुकदमा दर्ज किया गया है जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

## कोर्ट से वारंट जारी

**कुरारा(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के मनकी खुर्द निवासी सुभाष पुत्र भूरा व लहरा गांव निवासी राजबीर पुत्र रामबलीए बेरी गांव निवासी दीपू कुशवाहा पुत्र शंभू कुशवाहा के खिलाफ न्यायालय द्वारा वारंट जारी किए गए थे। तीनों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

## कस्बे में नहीं रुक रहे जमीनी विवाद, फिर आया नया मामला, भू माफिया ने गरीब किसान की जमीन पर जबरन किया कब्जा

**मौदहा (हमीरपुर)।** प्रदेश सरकार जहां भूमाफिया के खिलाफ अभियान चलाकर उनके खिलाफ कार्यवाही करने का काम कर रही है तो वहीं कस्बे सहित क्षेत्र में रोजाना नये मामले सामने आ रहे हैं। कस्बे के मोहल्ला उपरौस नयी बस्ती निवासी अजमेरी पुत्र घुन्ना ने उपजिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि गाटा संख्या 2294,2295 में उसकी जमीन है जिसका वह मालिक है लेकिन कस्बे के भूमाफियाओं द्वारा उक्त जमीन पर प्लाटिंग करने की योजना बनाई जा रही हैऔर ब्लाक के पीछे मस्जिद के निकट उसकी जमीन पर कस्बे के कुछ रसूखदार भूमाफिया उसकी जमीन पर कब्जा करने की फिराक में है।पीड़ित ने अपनी जमीन की पैमाईश कराने की मांग की है।

## रेहड़ी वाले के साथ की मारपीट

**मौदहा, हमीरपुर।** अण्डा और मोमोज की रेहड़ी लगाने वाले को चार युवकों ने पीट दिया और रेहड़ी फेंक दी पीड़ित ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर न्यायमांगा है। कस्बे के मोहल्ला मराठीपुरा निवासी पंकज अनुरागी ने कोतवाली मे बताया कि वह मोहल्ले में मोमोज और अण्डे की रेहड़ी लगाकर परिवार चलाता है बीती शाम करीब आठ बजे मोहल्ले के शिवम गुप्ता रविकांत गुप्ता आयुष, शिवम नामदेव आए और गालीगलौज करते हुए रेहडी पलटा दी और मारपीट करते हुए जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने लगे। पीड़ित ने बताया कि बीच बचाव करने आई उसकी मां के साथ भी मारपीट की जिससे दोनों को गंभीर चोंटे आई हैं। पीड़ित ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

## नशेबाज पिता ने पुत्री के साथ की छेड़खानी, पुलिस से शिकायत

**राठ, हमीरपुर।** महिला ने पति पर शराब के नशे में 13 वर्षीय पुत्री के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। महिला ने मझगवां थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। मझगवां थाने के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि उसका पति शराब के नशे में उसके साथ मारपीट करता है। जिससे वह अपने एक पुत्र व एक 13 वर्षीय पुत्री के साथ अपने मायके में रहती हैं। आरोप लगाया कि उसका पति शराब के नशे में नाबालिग पुत्री के साथ छेड़छाड़ करता है और गलत काम करने का प्रयास करता है। जिससे वह अपने ससुराल नहीं जा रही है। आरोप लगाया कि पति ने गांव का प्लाट व पांच हजार ईंट भी बेंच दिया है। जब उसे पता चला तो उसने पति से कहा। पति ने उसे व उसकी पुत्री को भगा दिया। मझगवां थानाध्यक्ष दिनेश पांडेय ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

## मारपीट कर जान से मारने की रिपोर्ट दर्ज

**कुरारा(हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के जल्ला गांव निवासी ने मारपीट करने व गाली कर जान से मारने की धमकी देने की तहरीर थाने में दी है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के जल्ला गांव निवासी रामशंकर पुत्र शंभूदयाल ने थाने में तहरीर देकर बताया कि 15 जून को शाम चार बजे अपने मकान के दरवाजे पर बैठा था। तभी मेरा भतीजा प्रद्युम्न पुत्र रामवतार वहां पर आया तथा गाली गलौज करने लगा जब मैने उसको मना किया तो उसने डंडे से मारपीट की जिससे मेरे सिर में चोट आई है। शोर सुनकर जब मोहल्ले के लोगो ने बीच बचाव किया तो वह जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग निकला पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया है।

## स्कार्पियों चालक ने टक्कर मार कर घायल किया, रिपोर्ट दर्ज

**कुरारा(हमीरपुर)।** जनपद झांसी के समथर थाना क्षेत्र के निवासी ने अज्ञात वाहन चालक द्वारा पुत्र को टक्कर मारकर घायल कर देने की शिकायत पुलिस से की है । पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है जनपद झांसी के समथर थाना क्षेत्र के करई गांव निवासी गंगाराम पुत्र दयाराम ने थाने में बताया कि 15 जून को कुरारा थाना क्षेत्र के जल्ला गांव बारात में शामिल होने आए थे। मेरा पुत्र अजय सड़क किनारे पेशाब कर रहा था तभी अज्ञात स्कॉर्पियो चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाकर पुत्र को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात स्कॉर्पियो चालक के खिलाफ दुर्घटना का मुकदमा दर्ज किया है।

# बदहाल बिजली व्यवस्था को लेकर आम आदमी पार्टी ने किया धरना-प्रदर्शन, राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



नगर व क्षेत्र में विद्युत की बदहाल व्यवस्था व बिजली कटौती एवं बिजली महंगी होने की समस्या को लेकर आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए तहसीलदार मौदहा के माध्यम से राज्यपाल महोदया को एक ज्ञापन भेज बिजली की बदहाल व्यवस्था सुधारने की मांग की है। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष मनीष गुप्ता ने नगर व क्षेत्र में बिजली की कटौती व बिजली महंगी होने के अलावा विद्युत व्यवस्था को सुधारने हेतु अपने एक दर्जन से अधिक कार्य कर्ताओं के साथ गुरुवार को तहसील परिसर में विरोध प्रदर्शन करते हुए तहसीलदार शेखर मिश्रा के माध्यम से महामहिम राज्यपाल महोदया को एक ज्ञापन भेज प्रदेश में अघोषित बिजली कटौती पर रोक लगाते हुए 24 घंटे बिजली की आपूर्ति होने जिससे आम जनता के अलावा किसानों को अपनी फसलों समय से पानी दे सकें, सरकार फर्जी मीटर रीडिंग को लेकर कंपनियों की द्वारा की जा रही मनमानी पर सख्ती से कदम उठाए और बिजली के बड़े हुए दामों को वापस लेकर जनता को सस्ती बिजली उपलब्ध कराने समेत आदि समस्याओं के निस्तारण की मांग की। नगर अध्यक्ष गुलाम मोहम्मद व प्रदेश सचिव छात्र विंग आदित्य प्रजापति ने भी विद्युत विभाग की कार्य प्रणाली को कोसते हुए उन्हें समय रहते सुधरने की चेतावनी दी। इस मौके पर डॉक्टर सुनील गुप्ता, त्रिलोक चंद्र, अत्री यादव, अनिल विश्वकर्मा, अरविंद विश्वकर्मा, इमामुद्दीन, रवि साहू, अमित, धर्मेंद्र, मोइनुद्दीन समेत दर्जनों पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

# महिला ने फांसी लगाकर जान दी, अस्पताल में डाक्टरों ने देखना तो दूर पार्टी करने में रहे व्यस्त

**हमीरपुर।** तलाक के बाद दुखी रहने वाली महिला ने आज फांसी लगाकर जान दे दी, वहीं अस्पताल में ले जान के बाद डाक्टरों ने उपचार करना तो दूर कोल्डड्रिंक की पार्टी करने में व्यस्त रहे तब तक महिला की प्राण पखेरु हो गये। सदर कोतवाली के कांशीराम कालोनी मुहल्ला निवासी 40 वर्षीय शमा परवीन उर्फ गुड्डन पत्नी गुड्डू अपने पति से तलाक के बाद वह अपने भाई रईश के साथ करीब दस वर्षों से रह रही है और किंगरोड में चूड़ी की दुकान संचालित कर अपने परिवार का भरण पोषण कर रही थी। मंगलवार की शाम रईश अपनी साली के लड़के की शादी के कार्यक्रम में परिवार समेत जहानाबाद चला गया था। घर में उसका बेटा हारुन और बहन गुड्डन मौजूद थी। रात करीब साढ़े दस बजे गुड्डन ने अपने भतीजे हारुन को जूस लेने के लिए भेज दिया और सूना घर पाकर अज्ञात कारणों के चलते उसने दुपट्टे का फंदा लगा लिया। वापस आए भतीजे ने काफी देर तक दरवाजे खटखटाए लेकिन कोई आहट न मिलने पर वह अपने छत के सहारे कमरे में गया और देखा तो उसकी बुआ फंदे में झूल रही थी। पड़ोसियों की मदद से फंदे से गुड्डन को उतारकर सभी लोग अस्पताल पहुंचे। जहां पर उसकी सांसें चल रही थी। मृतका के भाई का आरोप है कि जब स्वजन बहन को लेकर अस्पताल पहुंचे तो वहां पर डाक्टर समेत स्टाफ के सभी कर्मी कोल्डड्रिंक पार्टी कर रहे थे। जिस पर स्वजन ने महिला को देखने के लिए कहा। डाक्टर ने मरीज के पास न जाकर उसे कमरे के अंदर आने की बात कही। इसी दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। जिसके बाद स्वजन ने हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मामला शांत कराया। स्वजन ने इस संबंध में उच्चाधिकारियों को शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी कोतवाल डीके मिश्रा ने बताया कि हंगामे की सूचना पर पुलिस ने मौके पहुंचकर मामला शांत कराया और शव को मोर्च्युरी में रखवा दिया है।

# कानपुर में सीएमओ और डीएम के विवाद को लेकर भाजपा विधायकों में आपस में तनातनी का माहौल

**घाटमपुर समृद्धि न्यूज़।**





कुछ दिनों से कानपुर नगर में जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह और सीएमओ डॉ. हरिदत्त नेमी के बीच जारी विवाद गहराता जा रहा है, वहीं बीते दिनों कुछ ऑडियो वायरल होना आग में घी डालने जैसा काम किया है। डीएम की कार्यशैली को लेकर दो ऑडियो सामने आए हैं इसमें डीएम के बारे में कहा गया है कि यूपी के 75 जिलों में से यही एक ऐसा डीएम है जो ढोल बजा रहा है, मैंने आज तक ऐसा डीएम देखा ही नहीं। जिलाधिकारी और सीएमओ के बीच में विवादों का सिलसिला यहीं से जारी हुआ है। सूत्रों के अनुसार ऐसे आरोप है और ऐसा दावा किया जा रहा है की यह दोनों ऑडियो सीएमओ डॉ हरीदत नेमी के हैं। वायरल ऑडियो को लेकर सीएमओ ने इनकार किया है उन्होंने कहा है कि ऑडियो में मेरी आवाज नहीं है आजकल एआई से कुछ भी किया जा सकता है। ऑडियो वायरल होने के विवाद के बाद से कानपुर डीएम ने सीएम समीक्षा बैठक से मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीएमओ को बाहर कर दिया, सीएमओ का ऐसा दावा है कि डीएम ने मुझसे कहा कि सीएमओ साहब आप तो एआई हो गए थे। मगर आपतो जिंदा हो, यहां पर बैठे हो। कानपुर डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह और सीएमओ डॉ हरी दत्त नेमी के बीच उपजा विवाद गहराता जा रहा है। डीएम ने जहां शासन को सीएमओ को हटाने के लिए पत्र लिखा है। वहीं इस बीच विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने डिप्टी सीएम व चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक को पत्र लिखकर सीएमओ को कानपुर में रखने की मांग करी है। इसी के साथ-साथ भाजपा विधायक सुरेंद्र मैथानी ने व एमएलसी अरुण पाठक ने सीएमओ के पक्ष में लेटर लिखकर डिप्टी सीएम व चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक को पत्र भेजा है और सीएमओ को कानपुर में ही रखने की बात कही है। विवादित ऑडियो सामने आने के बाद कानपुर डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह और सीएमओ डॉ हरिदत्त नेमी के बीच विवाद गरमाता जा रहा है जिसकी चर्चाएं अब राजनैतिक गलियारों मे अब तेजी से बढ़ती दिख रही है। जी हां आपको बता दे की विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और भाजपा के दो विधायक सीएमओ के पक्ष में माने जा रहे है, तो वहीं बिठूर विधानसभा के चर्चित विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने सीएमओ को भ्रष्टाचारी बताते हुए सीधे मुख्यमंत्री को पत्र लिख दिया है। इसके अलावा भाजपा विधायक महेश त्रिवेदी ने भी सीएमओ के खिलाफ मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। इससे भाजपा विधायकों में ही दोफाड़ नजर आ रहे है।

# कस्टमर कनेक्ट कार्यक्रम का किया आयोजन, खाताधारकों को किया गया सम्मानित

**कुरारा(हमीरपुर)।** विकास खंड क्षेत्र के झलोखर गांव स्थित भारतीय स्टेट बैंक शाखा में कस्टमर कनेक्ट कार्यक्रम का आयोजन बैंक शाखा प्रबंधक द्वारा किया गया। जिसमें विशिष्ट ग्राहकों को सम्मानित किया गया। शाखा प्रबंधक रामेंद्र सिंह परमार ने बताया कि बैंक के विशिष्ट खाताधारकों को सम्मानित किया गया। बैंक आने वाले खाताधारकों को उनके कार्य किए जाते है। तथा प्रत्येक खाताधारक हमारे लिए महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर रजनी दीक्षित, डा अमित दीक्षित, कुरारा चेयरमैन आशारानीख कबीर झलोखर निवासी सर्वेश द्विवेदी, श्रवण कुमार, बड़कू महराज, राहुल सिंह, धीरेंद्र सिंह, पारा निवासी शैलेंद्र सिंह, कुरारा के बाल गोबिंद सोनी को माला



पहनाकर प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बैंक कर्मचारी नबाब सिंह यश श्रीवास्तव अमित कुमार राजू आदि मौजूद रहे।

# दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन हेतु समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

**कानपुर, समृद्धि न्यूज़।**

दिव्यांग बच्चों का चिन्हांकन एवं उन्हें विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से जनपद स्तरीय समन्वय समिति की बैठक विकास भवन सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती दीक्षा जैन द्वारा की गई। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि-

**ब्लॉक स्तरीय शिविरों का आयोजन-** प्रत्येक विकास खंड में दिव्यांग बच्चों की Early Intervention & Rehabilitation हेतु विशेष शिविरों का आयोजन कराया जाए। शिविरों से पूर्व व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, तथा चिकित्सकीय टीम का गठन कर मौके पर ही दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, चिकित्सकीय परीक्षण एवं शैक्षणिक/सहायक उपकरणों के लिए चिन्हांकन किया जाए। इस प्रक्रिया के तहत एक डेटा बेस भी तैयार किया जाएगा।

**योजनाओं से लाभान्वित करना-** चिन्हित बच्चों को उनकी आवश्यकता अनुसार चिकित्सीय सुविधाएं, विशेष विद्यालयों में प्रवेश एवं अन्य शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया जाए।

**प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी-** शिविरों एवं विशेष अभियान का प्रचार-प्रसार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी एवं जिला सूचना अधिकारी द्वारा किया जाएगा।

**सुविधाओं की व्यवस्था-** शिविरों का आयोजन विकासखंड परिसर में किया जाएगा, जिनकी समस्त व्यवस्थाएं संबंधित खंड विकास अधिकारी द्वारा सुनिश्चित की जाएंगी। साथ ही दिव्यांग बच्चों को शिविर तक लाने-ले जाने की व्यवस्था जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा की जाएगी।

# पेयजल आपूर्ति बाधित होने से ग्रामीण परेशान

**महोबा।** जैतपुर क्षेत्र के कचेरनपुरा, बाजार, नरैयापुरा समेत कई मोहल्लों में पेयजल आपूर्ति बाधित हो गई है, और कही प्रति दिन तो कही दो दिनों में एक दिन सप्लाई दी जा रही है जिससे ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के इस मौसम में जब पानी की आवश्यकता सबसे अधिक होती है, उस समय जल संकट ने लोगों की परेशानी को और बढ़ा दिया है। स्थानीय निवासी अखिलेश, मोनू राठौर, शशि,नारायण, राजेश और पिंटू समेत कई लोगों ने नमामि गंगे योजना के अंतर्गत नियुक्त ऑपरेटरों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि पानी की आपूर्ति मनमाने ढंग से की जा रही है। कुछ मोहल्लों में दो दिन में महज 20 मिनट पानी दिया जा रहा है, जबकि अन्य क्षेत्रों में दो-दो घंटे तक सप्लाई हो रही है। इससे लोगों में भारी असंतोष है। जब इस संबंध में अवर अभियंता से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जल आपूर्ति प्रतिदिन किए जाने का प्रावधान है। बावजूद इसके, अधिकांश मोहल्लों में नियमित सप्लाई नहीं हो रही है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जल आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू किया जाए और दोषी ऑपरेटरों पर सख्त कार्रवाई हो।

# जन चौपाल में नोडल अधिकारी ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**कक्षा 3 का छात्र नहीं सुना पाया 8 का पहाड़ा, एबीएसए, बीएसए रहे अनुपस्थित**

**चरखारी (महोबा), समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी व शासन के वित्त सचिव शाहिद मंजर अब्बास रिजवी ने बुधवार को चरखारी विकास खण्ड के ग्राम पंचायत नौसारा के प्राथमिक विद्यालय में आयोजित ग्राम जन चौपाल में पहुंचकर ग्राम के विकास कार्यो की हकीकत को जाना और ग्रामीणों से रूबरू होकर उनकी समस्याएं सुनीं। प्राप्त समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित विभाग के




प्रमुखों को निर्देश जारी किए। जन सुनवाई के दौरान ही नोडल अधिकारी ने गांव के विकास और जनकल्याण योजनाओं का सत्यापन भी किया। नल बिजली कनेक्शन, पेंशन, आवास, शौचालय, राशन कार्ड, आयुष्मान आदि से संबंधित तमाम जानकारियों तलब करते हुए उनकी समीक्षा की तथा मौके पर कल्याणकारी योजनाओं से वंचितों द्वारा मांग किए जाने पर निस्तारण के लिए ग्राम विकास विभाग के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने कहा कि सभी गांवों में मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराया जाना सरकार का दृढ़ संकल्प है और शासन के संकल्प के आधार पर अभी तक हुए कार्यों की समीक्षा भी आवश्यक है। उन्होंने उपस्थित गांव वासियों से कहा कि पानी का अधिक दोहन होगा तो अगली पीढ़ी का जीवन संकट में आएगा। इसलिए पानी का आवश्यकता अनुसार उपयोग करें। जन चौपाल में एडीएम राम प्रकाश वित्त, बलराम कुमार सीडीओ, चन्द्र किशोर वर्मा डीपीआरओ, डा. प्रदीप कुमार एसडीएम चरखारी, रामानन्द मिश्रा तहसीलदार, अलोक मिश्रा नायब तहसीलदार, डा. पी. के. सिंह राजपूत अधीक्षक, विपिन गुप्ता बीडीओ, राकेश त्रिपाठी एडीओ पंचायत, सतीश कुमार सचिव ग्राम पंचायत नौसारा पुलिस चौकी प्रभारी चन्द्रशेखर सिंह सहित कई विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# श्रीमद्भागवत कथा में श्रीकृष्ण के जन्म की कथा सुन झूम उठे भक्त

**पनवाड़ी महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

पनवाड़ी विकासखंड के लिधौरा खुर्द गांव में सम्मिलित गांव अलीपुरा में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन श्रीकृष्ण के जन्म की भागवत कथा सुनकर लोग झूम उठे। संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा अलीपुरा गांव में माता के स्थान पर चल रही है कथा ब्यास पंडित जितेंद्र एडजरिया शास्त्री जी एवं यजमान ममता भगवान दास राजपूत द्वारा सात दिवसीय संगीत में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन कराया जा रहा है श्रीमद्भागवत कथा व्यास अरजरिया द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का बड़ा ही सुंदर रसपान भक्तों को कराया जा रहा है। श्री शास्त्री ने बताया कि देवकी की शादी वासुदेवजी के साथ मथुरा में संपन्न हुई देवकी का भाई कंस अपनी बहन को विदा करने के लिए रथ स्वयं चला रहे थे उसी समय आकाशवाणी हुई की है कि कंस जिस बहन को तू विदा करने ले जा रहा है उसका



आठवां पुत्र तेरा काल होगा यह सुनकर कंस ने बहन देवकी के केस पड़कर रथ से नीचे पटक दिया तलवार निकाल कर उसे मरने लगा तभी वासुदेवजी ने हाथ जोड़कर कंस से विनय किया कि कंस देवकी के जो भी पुत्र होंगे उनको मैं तुम्हें सौंप दूंगा यह सुनकर कंस ने देवकी और वासुदेव को मथुरा की जेल में हाथ और पैरों में बेड़ी डालकर बंद कर दिया कुछ समय व्यतीत हुआ इसके बाद देवकी ने पहले पुत्र को जन्म दिया कंस ने पहले पुत्र को ले लिया लेकिन कंस के मन में दया भाव पैदा हो गया उसने सोचा कि मुझे तो देवकी के आठ आठवें पुत्र से भय है पहले पुत्र ने मेरा क्या बिगाड़ा है उसने देवकी को पहला पुत्र वापस कर दिया लेकिन विधि के विधान को कोई नहीं टाल सकता है उसी समय नारद जी आठ पंखुड़ी वाले पुष्प को लेकर के कंस के दरबार में उपस्थित हुए कंस ने उनका स्वागत सत्कार किया और नारदजी के आने का कारण पूछ नारदजी ने कहा कि मैं तो तुम्हें यह समझने के लिए आया हूं कि इस पुष्प की तुम आठवीं पंखुड़ियां बतलाओ कौन सी है कंस का मन भ्रमित हो गया और उसने फिर से देवकी का पहला पुत्र लेकर के उसको पछाड़ मार कर मार डाला देवकी माता ने अपने ही सामने पुत्र की मृत्यु देखकर बड़ा विलास किया इसी प्रकार दूसरा तीसरा चौथा पांचवा छठां पुत्रों को कंस ने मार दिया सातवां पुत्र के रूप में रोहिणी के घर में बलदाऊ जी का जन्म हुआ आठबें पुत्र के रूप में श्रीकृष्ण जी ने जन्म लिया इस प्रकार श्री कृष्ण का जन्म होते ही श्रोता गण झूम उठे।

## जैतपुर में श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व कलश यात्रा का आयोजन

**जैतपुर (महोबा)।** बुधवार को जैतपुर कस्बे में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। श्री रघुनाथ मंदिर से निकली इस कलश यात्रा में नगरवासियों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ भाग लिया। मंदिर प्रबंधक पंडित सुशील अरजरिया ने वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान से कलश पूजन कर यात्रा को प्रारंभ कराया। कलश यात्रा में सबसे आगे युवाओं ने धर्म ध्वज लेकर भाग लिया, वहीं महिलाओं ने सिर पर ऋद्धि-सिद्धि के प्रतीक मंगल कलश धारण कर नगर परिक्रमा की। यात्रा डमरू, ढोल-मंजीरे और डीजे की ध्वनि के बीच गाजे-बाजे के साथ कस्बे की गलियों व मुख्य चौराहों से होते हुए कथा स्थल तक पहुंची।खरेला से पधारे कथावाचक सोनू महाराज ने बताया कि कलश यात्रा के साथ ही श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ होता है। उन्होंने कलश की महिमा बताते हुए कहा कि यह जीवन के हर शुभ अवसर का प्रतीक है। कलश पर



रखा नारियल यह संदेश देता है कि परिवार का मुखिया ऊपर से कठोर और भीतर से कोमल होना चाहिए। वहीं कलश पर सजी पुष्पमाला यह प्रेरणा देती है कि मनुष्य का जीवन भी दूसरों को सुगंधित करने वाला होना चाहिए। श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 18 जून से 23 जून तक प्रतिदिन किया जाएगा। इसके उपरांत 24 जून को यज्ञाहुति और 25 जून को भंडारे का आयोजन होगा। इस धार्मिक आयोजन में गल्ला व्यापारियों सहित सैकड़ों श्रद्धालु व कस्बावासी उपस्थित रहे और धर्ममय वातावरण में भाग लिया।

# आगंतुकों की समस्याओं का तत्काल हो निस्तारण : एसपी

- एसपी ने अपराध गोष्ठी व सैनिक सम्मेलन कर सम्बन्धित को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

एसपी विजयवर्गीय द्वारा पुलिस लाइन्स सभागार में अपराध व कानून व्यवस्था के सम्बन्ध में गोष्ठी की गई। गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रतिभाग कर कानून व्यवस्था के दृष्टिगत आवश्यक दिशा- निर्देश दिये गए। अपराध गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त थानों द्वारा माल निस्तारण के सम्बन्ध में की जा रही कार्यवाही, विवेचनाओं के निस्तारण कानून व्यवस्था के सम्बन्ध में समीक्षा की गई साथ ही गम्भीर अपराधों/ महिला सम्बन्धी अपराध के घटित होने पर तत्काल मौके पर जाने एवं आवश्यक कार्यवाही किये जाने, एफ.आई.आर. का शत-प्रतिशत पंजीकरण किये जाने व संगठित गिरोह बनाकर अपराध करने वाले अपराधियों के विरुद्ध 14(1) गैंगस्टर अधिनियम के तहत कार्यवाही किए जाने, गौ तस्करी व अन्य अपराध जैसे- चोरी/नकबजनी/लूट/हत्या व आई.जी.आर.एस. पोर्टल की शिकायतों तथा अन्य लम्बित शिकायत प्रार्थना पत्र का गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण किये जाने, वेरीफिकेशन सम्बन्धित प्रकरण शीघ्र निस्तारित करने, शातिर अपराधियों पर सतर्क दृष्टि रखने, भूमि विवाद के प्रकरणों को राजस्व विभाग से सामन्जस्य स्थापित कर मौके पर जाकर निस्तारित कराने, यू0पी0-112 के कर्मचारियों की सतर्कता परखने एवं उनका रिस्पान्स टाईम सुधारे जाने, विवेचनाओं की गुणवत्ता को सुधारे जाने, किरायेदारों/नौकरों के सत्यापन की कार्यवाही किये जाने, थाने के अभिलेखों को अद्यावधिक किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। किसी भी कार्यालय या थाने पर आने वाले आगुन्तकों के साथ अत्यन्त शालीनता का व्यवहार किया जाये तथा उसकी समस्याओं का निस्तारण थाने स्तर पर ही किये जाने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया। साथ ही पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन सभागार में ही सैनिक सम्मेलन कर पुलिसकर्मियों की समस्याएं सुनी गयी तथा उनकी समस्या के निस्तारण हेतु सम्बधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए।

## व्यापारी पर रिश्तेदारों ने किया जानलेवा हमला



**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र में एक व्यापारी पर उसके रिश्तेदारों ने जानलेवा हमला किया है।घटना मंगलवार शाम 7 बजे जैदपुर हरख मार्ग के बलछन्हा गांव के पास की है। जानकारी के अनुसार कस्बे के हाजी दरोगा मार्केट मे दुकान चलाने वाले सोहराब अपनी दुकान बंद कर बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान पाटमऊ गांव के कुछ लोगो ने उन पर हमला कर दिया।हमलावरो ने लाठी-डंडों से सोहराब को पीटा,जिससे उनके सिर पर गंभीर चोटें आईं। पीड़ित सोहराब ने बताया कि पाटमाऊ के रहने वाले उनके रिश्तेदार कुरैशी, एकराम का पुत्र जुनेद और कुछ अन्य लोग उनकी पत्नी पर अभद्र टिप्पणी करते थे। जब सोहराब ने इसका विरोध किया तो विपक्षी नाराज हो गए और उन्होंने यह हमला किया।पीड़ित सोहराब ने जैदपुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने कहाकि शिकायती पत्र मिल गया है और जांच के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### मेंथा की टंकी फटने से मां-बेटा झुलसे

**सिरौली गौसपुर, बाराबंकी।** बदोसरांय थाना क्षेत्र के मीरापुर गांव में मेंथा पेराई करते समय टंकी फटने से हुए हादसे में मां और बेटा बुरी तरह से झुलस गए। मीरापुर गांव में बुधवार की सुबह 9 बजे दिन में 30 वर्षीय सुमन और उनका 12 वर्षीय बेटा आदित्य मेंथा की पेराई के लिए टंकी में ईंधन की झोंकाई व देखभाल कर रहे थे। इसी दौरान अचानक टंकी फट गई। टंकी में भरा खौलता पानी मां-बेटे पर गिर गया। इस हादसे में आदित्य करीब 80 प्रतिशत जल गया। और उसकी मां सुमन भी 50 प्रतिशत से अधिक झुलस गईं। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे घायलों को पहले संयुक्त चिकित्सालय सिरौली गौसपुर ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। आदित्य के बाबा हनुमान ने बताया कि सुबह मेंथा आयल निकालने के लिए टंकी में पिपरमेंट भरकर झोंकाई शुरू की गई तेल निकलना शुरू होने के बाद वे खेत चले गए थे। इसी बीच यह हादसा हो गया।

### बाग विवाद ने लिया हिंसक रूप, मुकदमा दर्ज

**फतेहपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** बड्डूपुर थाना क्षेत्र के रींवा चपरी मजरे लालपुर में बाग विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। मंगलवार की शाम करीब 8 बजे कुछ दबंगों ने एक परिवार पर फायरिंग कर दी। गोली घर के पिलर में लगी,जिससे कोई हताहत नहीं हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित वीरेंद्र कुमार का कहना है कि उनका गांव के छत्रपाल यादव, छोटू, अंकित और सुरेंद्र से बाग का विवाद चल रहा है यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है। मंगलवार सुबह विपक्षियों ने उनके घर का घेराव किया था। वीरेंद्र ने इसकी शिकायत थाने में की थी।पुलिस ने एक दरोगा और सिपाही को मौके पर भेजा था।शाम को छत्रपाल यादव, संदीप सिंह और शशि सिंह समेत कुछ लोग आए। उन्होंने अचानक फायरिंग कर दी।शोर मचने पर आरोपी भाग गए। कोतवाल मनोज कुमार वर्मा के अनुसार घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। सीओ जगत राम कनौजिया मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली।

### दुकानदार से ग्राहक ने की अभद्रता

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** दुकान पर सामान लेने के दौरान ग्राहक से हुए विवाद में ग्राहक ने दुकानदार के साथ अभद्रता कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफकार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र निवासी नौशाद ने पुलिस को बताया कि वह अपनी दुकान पर बैठे थे। तभी वहां तबरेज आए और दुकान के सामान को लेकर विवाद करने लगे। जब उसने रोकना चाहा तो अभद्रता कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफकार्रवाई की है।

### रंजिशन युवक से की मारपीट

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** रंजिश के चलते युवक के साथ मारपीट व धमकी देने की शिकायत पीड़ित युवक ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफकार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हरीपुरा निवासी राहुल ने पुलिस को बताया कि उसके गांव के ही आकाश व सौरभ उसके साथ रंजिश मानते हैं। रंजिश के चलते अक्सर विवाद करते रहते हैं। पीड़ित ने आरोप लगाया कि बुधवार की सुबह वह घर के काम कर रहा था। तभी वहां उपरोक्त दोनों युवक आ गए और विवाद करने लगे। जब उसने रोकना चाहा तो मारपीट करने लगे। शोरगुल सुनकर आसपास के लोगों को आता देख वह धमकी देकर भाग गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफकार्रवाई की है।

### नगर के प्रमुख मंदिरों में जनसुविधाओं के अभाव से भक्तजन हो रहे परेशान

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** नगर में स्थित प्रमुख मंदिरों में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं, लेकिन मंदिर परिसर और आसपास जनसुविधाओं के अभाव के कारण उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मंदिरों के पास पेशाबघर न होने से भक्तों को विशेषकर सुबह और शाम के समय असुविधा झेलनी पड़ती है। सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत जगह-जगह शौचालय और पेशाबघर बनाए जा रहे हैं, लेकिन नगर के प्रमुख मंदिर परिसरों की स्थिति इससे अलग है। नगर के छोटी माता मंदिर, द्वारिकाधीश मंदिर, बम्बई वाला मंदिर, बड़ी माता मंदिर सहित अन्य मंदिरों के आसपास कोई भी पेशाबघर उपलब्ध नहीं है। पहले जो पेशाबघर बने थे, उन्हें विकास कार्यों के नाम पर हटा दिया गया, लेकिन नई व्यवस्था आज तक नहीं बन पाई। संतोषी माता मंदिर के आसपास की गलियों में स्थानीय दुकानदारों राहगीरों द्वारा खुले में लघुशंका की जाती है, जिससे वहां हमेशा दुर्गंध फैली रहती है। मंदिरों में आने वाले श्रद्धालुओं को गलियों से निकलना तक मुश्किल हो जाता है। इस समस्या को लेकर नगर के त्रिलोकीनाथ गुप्ता, भगवती प्रसाद मिश्रा, सुशील कुमार, अजय कुमार, इंद्रजीत, संतोष आदि ने एसडीएम से मांग करते हुए कहा है कि नगर के प्रमुख मंदिरों के आसपास जनसुविधा केंद्र (पेशाबघर) का निर्माण कराया जाए ताकि श्रद्धालुओं को स्वच्छता और सुविधा मिल सके।

### करंट लगने से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** करंट लगने के कारण राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मोर का ससम्मान दफ्ना दिया। नगर के व्यस्तम चौराहे पंडित दीन दयाल उपाध्याय चौराहे पर अचानक से उड़ता हुआ राष्ट्रीय पक्षी मोर आ गया। उड़ते हुए मोर अचानक से बिजली के तार की चपेट में आ गया। बिजली के तार के संपर्क में आने पर उसे करंट लग गया। करंट लगने से वह घायल अवस्था में सड़क पर गिर गया। मौके से निकल रहे युवक ने सड़क पर गिरे राष्ट्रीय पक्षी को उठाया और उसे देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी। युवक ने इसकी जानकारी वन विभाग को दी। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच विधिक कार्यवाही पूरी कर मोर का अंतिम संस्कार कर दिया।

# अपनी जनता पार्टी के प्रमुख स्वामी प्रसाद मौर्य का हुआ भव्य स्वागत

- स्वामी प्रसाद मौर्य ने भाजपा सरकार पर लगाये कई आरोप

**फतेहपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

पटेल चौराहा कस्बा फतेहपुर में संविधान सम्मान यात्रा में अपनी जनता पार्टी के पदाधिकारियो ने राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य का स्वागत सम्मान किया। संविधान सम्मान यात्रा के दौरान अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य ने योगी सरकार पर कई आरोप लगाए।मौर्य ने कहाकि भाजपा सरकार की नीतियों से नौजवान बेरोजगार हुए हैं।

सरकारी नौकरियां नहीं मिल रही हैं।देश की आधी आबादी को 5-10 किलो राशन पर निर्भर रहना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि चार महीने पहले 27 हजार प्राथमिक स्कूल बंद कर



दिए गए। मुस्लिम समाज के खिलाफ धार्मिक भावनाएं भड़काई जा रही हैं। पुरानी कब्रिस्तानों पर अवैध कब्जे हो रहे हैं। मदरसों को बंद किया जा रहा है। शिक्षकों का वेतन रोका जा रहा है। मौर्य ने प्रधानमंत्री पर भी आरोप लगाए।

उन्होने कहाकि बंदरगाह,एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन और कई ट्रेनें बेची जा चुकी हैं। सरकार एससी, एसटी, ओबीसी का आरक्षण समाप्त कर रही है। उन्होंने घोषणा की कि 2027 तक भाजपा की विदाई तक यह संविधान सम्मान यात्रा जारी रहेगी।

# राजकीय इंटर कॉलेज निन्दूरा के विजय ने बढ़ाया मान

- पहले प्रयास में नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर बढ़ाया जनपद का मान

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती÷ इस प्रेरणादायक पंक्ति को साकार कर दिखाया है राजकीय इंटर कॉलेज, निन्दूरा (बाराबंकी) के मेधावी छात्र विजय कुमार गौतम ने। विजय ने न केवल इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2024 में विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, बल्कि अपने पहले ही प्रयास में नीट (मेडिकल) जैसी कठिनतम प्रतियोगी परीक्षा को भी सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर जनपद का नाम गौरवान्वित किया है।

विजय एक अत्यंत साधारण आर्थिक पृष्ठभूमि से आते हैं। उनके पिता बृजलाल, बटाई पर खेती एवं दिहाड़ी मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। सीमित संसाधनों और



कठिन परिस्थितियों में भी विजय ने अपने लक्ष्य को नहीं छोड़ा और कठोर परिश्रम व आत्मविश्वास से यह सफलता अर्जित की और अब डाक्टर बनेगा गाँव का लाल।

विजय ने बताया कि मैं अपने परिवार का पहला सदस्य हूं जिसने इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण की है। मेरी आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर रही, लेकिन विद्यालय के प्रधानाचार्य भानु प्रताप सिंह एवं समस्त गुरुजनों का मार्गदर्शन, प्रोत्साहन और विश्वास मिला तथा जिला विद्यालय निरीक्षक महोदय का नवाचार मिशन पहचान के अंतर्गत होने वाले ओएमआर आधारित परीक्षा मेरे लिए सबसे बड़ा संबल बना। उन्होंने यह भी बताया कि माध्यमिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश के यूट्यूब चैनल तथा खान अकादमी जैसे ऑनलाइन शैक्षिक प्लेटफॉर्म्स से उन्हें विषयवस्तु को समझने और परीक्षा की तैयारी में अत्यंत सहयोग मिला। विजय की इस असाधारण सफलता पर जिला विद्यालय निरीक्षक ओ0पी0 त्रिपाठी ने छात्र को सम्मानित करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि, विजय जैसे प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की उपलब्धियाँ सीमित संसाधनों में भी उच्च लक्ष्य पाने की प्रेरणा देती हैं। यह समस्त छात्र समुदाय के लिए अनुकरणीय उदाहरण है। इस अवसर पर समग्र शिक्षा के जिला समन्वयक अखिलेन्द्र सिंह भी उपस्थित रहे। उन्होंने विजय की उपलब्धि को समग्र शिक्षा अभियान की प्रभावशीलता का उदाहरण बताते हुए कहा कि, सरकारी विद्यालयों के छात्र भी यदि सही दिशा और संसाधन पाएँ तो किसी भी चुनौती को पार कर सकते हैं। विजय की सफलता इसकी जीवंत मिसाल है। प्रधानाचार्य भानु प्रताप सिंह ने कहा कि विजय ने यह सिद्ध किया है कि यदि संकल्प मजबूत हो और प्रयास निरंतर हों, तो कोई भी बाधा लक्ष्य के मार्ग में रोड़ा नहीं बन सकती। हमारी कोशिश रही है कि हम हर छात्र को उसका सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित करें और विजय इसका श्रेष्ठ उदाहरण है।

# दो वारंटी सहित 12 वांछित चढ़े पुलिस के हत्थे

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों/वांछित अभियुक्तों/वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान में बाराबंकी पुलिस द्वारा 02 वारण्टी व 12 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया तथा 59 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी। थाना फतेहपुर पुलिस टीम द्वारा 18 जून को मु0अ0सं0 457/2025 धारा 109/115(2)/352/351(3) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्तगण 1. राजितराम पुत्र राम दुलारे,. संदीप कुमार पुत्र राम दुलारे, राम दुलारे पुत्र स्व0 मोती लाल निवासीगण ग्राम छंदवल थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार कर घटना में



प्रयुक्त 03 अदद बांस का डण्डा बरामद किया गया। वहीं थाना रामनगर पुलिस द्वारा 03 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।

थाना रामनगर पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 18.06.2025 को मु0अ0सं0 267/25 धारा 87/137 (2)/352/351 (2)/ 64(2) (एम)/ 70(10 बीएनएस व 5ड/6/5 (G) /6/16/17 पाक्सो एक्ट व3(2)5 एससी/एसटी एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्तगण 1. छोटू उर्फ अर्पित सिंह पुत्र ध्रुव सिंह, 2. सूरज पुत्र राजितराम, 3. अतुल वर्मा पुत्र दयानन्द वर्मा निवासीगण ग्राम अकोहरा थाना रामनगर जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया।थाना रामसनेही घाट पुलिस द्वारा क्षेत्र की जनता के सहयोग से 02 चोर/अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार किया गया। कुलजीत वर्मा पुत्र रामकुमार वर्मा, विकाश वर्मा पुत्र दीपचन्द्र निवासीगण अमीरपुर थाना मवई जनपद अयोध्या को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी का कापर का तार बरामद कर मु0अ0सं0 248/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया। थाना जैदपुर पुलिस ने बुधवार को मु0अ0सं0-204/2025 धारा 137(2)/87 बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त आकाश पुत्र नौमीलाल निवासी ग्राम मुश्काबाद थाना सफदरगंज जनपद बाराबंकी को ग्राम इन्धौलिया से गिरफ्तार किया गया। थाना लोनीकटरा पुलिस टीम द्वारा 01 अभियुक्त को गिरफ्तार कर 01 बाल अपचारी को संरक्षण में लिया गया है।

# उच्चाधिकारियों की चौखट चूमने के बाद दर्ज हुआ चोरी का मुकदमा

**मसौली, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए दर दर की ठोकर खाने के बाद भी न पसीजी मसौली पुलिस की शिकायत मुख्यमंत्री से करने के बाद आख़िरकार पुलिस को चोरी का मुकदमा दर्ज करना पड़ा।

मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम कुरथरा मजरे त्रिलोकपुर निवासी रेखा पत्नी तिवारी रावत ने प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि गत 26 मार्च को हम सभी लोग अपने खेत काम करने गये थे। घर का दरवाजा बंद था तथा जीना खुला हुआ था। खेत मे काम करने के बाद शाम को आये तो देखा कि घर के कमरे में रखा बक्सा खुला था और उसमें एक प्लास्टिक के डिब्बे में रखी एक जोड़ी चांदी के पायल, एक चांदी की कमर करधनी, एक सोने का मंगलसूत्र एक ठप्पे का, दो सोने की टप्स गायब थी। काफी तलाश किया गया लेकिन पता नहीं सका चला, थोड़ी देर बाद जानकारी मिली कि पड़ोसी सनी पुत्र राजेश, हीरो पुत्र चंदे, रिंकी पत्नी हीरो ने छत के रास्ते घर में आकर चोरी किया है। जब मैने रिकी से पूछा तो उसने मेरी चुराई हुई टप्स वापस कर कहा कि मुझे यह छत पर कंडे में मिली है। पीड़िता ने मसौली पुलिस को चोरी की नामजद तहरीर दी लेकिन कोई कार्यवाही न होने पर पीड़िता रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए दर दर भटकती रही। आख़िरकार मुख्यमंत्री से गुहार लगाने पर मसौली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु की है।

# डीएम ने पीएचसी का किया औचक निरीक्षण

**सिद्धौर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

डीएम शशांक त्रिपाठी ने बुधवार को पीएचसी मोतिकपुर और सेमरावां का औचक निरीक्षण किया ।परिसर में गंदगी देखकर उन्होंने तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिए ।

दिन में करीब दो बजे उनका काफिला कोठी से निकलकर पीएचसी सेमरावां पहुंचा । जिलाधिकारी ने यहां एमओ कक्ष, इंजेक्शन रूम आदि को देखा। परिसर में व्याप्त गंदगी को देखकर इसकी साफ सफाई के निर्देश दिए। उनके निरीक्षण तक अस्पताल में 16 मरीजों के पर्चे भी बन चुके थे। परिसर में स्थित डॉक्टर, एएनएम आवास देखा। उसकी सफाई कराने के निर्देश दिए है। स्टाफ की कमी को लेकर जल्द ही तैनाती का आश्वासन भी दिया।वही एक सप्ताह के भीतर पीएचसी जाने वाली सड़क पटरी को



साफ करने के निर्देश दिए। परिसर के आस पास गंदगी व उगी घास को साफ कराने के निर्देश बीडीओ सिद्धौर डॉ विनय कुमार मिश्र को दिए। इस मौके पर सीएमओ डॉक्टर अवधेश यादव, डॉ अजय कुमार, प्रभारी फार्मेसी मो. शरीफ, स्टॉप नर्स अजीत कुमार थे।

इसके बाद डीएम का काफिला मोतिकपुर पीएचसी पहुंचा। जहां पर उन्होंने साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए पुरानी जर्जर बिल्डिंग का भी निरीक्षण किया।

यहां सचिन रवि प्रकाश अवस्थी व हरिराम आदि लोग मौजूद थे।

# करंट की चपेट में आई महिला की उपचार दौरान हुई मौत

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**



नहाने के लिए गई महिला समर पाइप में आ रहे करंट की चपेट में आ गई। करंट लगने से गंभीर रूप से घायल महिला को परिजन सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम नबीपुर निवासी कल्पना (27) पत्नी जयप्रकाश बुधवार की सुबह नहाने के लिए बाथरूम में गई थी। बाथरूम में नहाते समय उसका शरीर समर के पाइप में छू गया। समर के पाइप में आ रहे करंट की चपेट में आने से वह बेहोश होकर बाथरूम में ही गिर गई। कुछ समय जब अंदर से कोई आवाज नहीं आई तो परिजनों ने दरवाजा खटखटाया। कोई उत्तर न मिलने पर जब परिजनों ने अंदर जाकर देखा तो वह बाथरूम के फ़र्श पर पड़ी हुई थी। आनन फानन में परिजन उसे सीएचसी लेकर आए। जहां डॉक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों के पुलिस को बताया कि बाथरूम में नहाते समय समर में आ रहे करंट के लगने से महिला की मौत हुई है। बता दें महिला के तीन बेटों के सिर से मां का साया छिन गया हैं। जिनमें बड़ा बेटा आर्यन (6), कार्तिक (4) और सिद्धार्थ (2) हैं।

## 19वें वाटर कूलर का डॉ. एमपी सिंह ने किया लोकार्पण



**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** भारत विकास परिषद छत्रसाल शाखा की प्रेरणा से नगर में 19वां वाटर कूलर मुकेश साहनी द्वारा महान नर्सिंग होम पर स्थापित करवाया गया है, जिसका लोकार्पण रिटायर्ड सीएमओ डॉ. एमपी सिंह द्वारा किया गया। लोकार्पण पर डॉ. एमपी सिंह ने कहा कि नर्सिंग होम में आने वाले मरीजों व उनके तीमारदारों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराना पुण्य का कार्य है। कहा कि भाविप छत्रसाल शाखा द्वारा नगर के शिक्षा के मंदिरों व देव मन्दिरो में लगवाए गए वाटर कूलर सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के रूप में गिने जाएंगे। शाखा अध्यक्ष डॉ. वेदप्रकाश शर्मा ने कहा कि परस्पर सहयोग की भावना हिंदू संस्कृति की प्रमुख विशेषता है। स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि केवल वही जीवित रहते हैं, जो दूसरों के लिए जीते हैं। इस मौके पर राजीव कुमार महेश्वरी, जेपी सिंह, डॉ. बृजेंद्र दुबे, सुशील कुमार बाजपेई, त्रिलोकीनाथ गुप्ता, मुकेश साहनी, राजेंद्र अग्रवाल, आदि मौजूद रहे।

# परिषदीय स्कूलों के विलय के निर्णय का संगठन करेगा विरोध

- जिला स्तर पर एक मीटिंग कर आंदोलन की बनायी जाएगी रणनीति : विद्या सागर
- जो बच्चे बीएड, बीटीसी, बीएलएड कर चुके या कर रहे उनका अध्यापक बनने का सपना जाएगा टूट

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**


उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद जालौन के जिलाध्यक्ष विद्या सागर मिश्र ने प्रेस को दी विज्ञप्ति में बताया कि कम छात्र वाले परिषदीय स्कूलों के विलय का उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ पुरजोर विरोध करेगा जिसके लिए जिला स्तर पर एक मीटिंग कर आंदोलन की रणनीति बनायी जाएगी। उन्होंने इस निर्णय को बच्चों के शिक्षा के अधिकार और भविष्य पर हमला बताया।

उन्होंने बताया कि 6-14 बर्ष की आयु के सभी बच्चों को निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराई जाए इस अभियान के अंतर्गत ,एवम सर्व शिक्षा अभियान के तहत सरकार ने विश्व बैंक की सहायता एवं अपनी मद से प्रत्येक गांव व मजरे में प्राथमिक विद्यालय एवं प्रत्येक दो किलोमीटर पर उच्च प्राथमिक विद्यालय की स्थापना कर तमाम संसाधन उपलब्ध कराए जिससे गरीब, मजदूर, किसान का बच्चा अपने गांव में शिक्षा ग्रहण कर रहे थे कई मजदूर परिवारों के बच्चे पास स्कूल होने के कारण शिक्षा ग्रहण भी कर रहे थे और मध्य अवकाश में अपने अभिभावकों को जो खेतों में कृषि कार्य में लगे है उनको खाना दे आते थे और पूर्ण अवकाश के बाद तुरन्त अपने अभिभावकों को कृषि एवम अन्य कार्य में हाथ बंटाते थे अब सरकार के द्वारा कम संख्या बाले विद्यालय विलय किये जाने की योजना बनाई गई जो सीधा प्रभाव उन गरीब परिवार, कृषि कार्य में लगे परिवारों के बच्चों पर पड़ेगा जो कृषि कार्य या अन्य जीविका जैसे पशु पालन, मुर्गी पालन में सहयोग करते थे अब वे बच्चे दूर स्कूल होने के कारण स्कूल नही जा पाएंगे कई गांव विद्यालय विहीन हो जाएंगे वहीं जो विभाग में पदोन्नति भी नही हो पाएगी जो अध्यापक जिस पद पर नियुक्त होगा उसी पद से सेवानिवृत्त हो जायेगा पहले भी सरकार के द्वारा एक प्रांगण में प्राथमिक विद्यालय और जूनियर विद्यालय को समबिलियन कर हजारों पद खत्म कर चुकी है वही जो बच्चे बीएड, बीटीसी, बीएलएड करके बैठे है या कर रहे है उनका सपना अध्यापक बनने का टूट जाएगा उनके लिए फ़िर कोई भर्ती नही निकलेगी उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की इस पर समाजहित को देखते हुए सहानुभूति पूर्वक विचार कर परिषदीय कम छात्र वाले स्कूलों के विलय की कार्यबाही रोकी जाए।

# सीएमएस के जन्मदिन पर किया रक्तदान

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

- मरीजों को बांटे फल और शरबत
- राजकीय मेडिकल कॉलेज में पौधरोपण कर संरक्षण का लिया संकल्प




राजकीय मेडिकल कॉलेज के सीएमएस डॉ. प्रशांत निरंजन के जन्मदिन पर बुधवार को कॉलेज परिसर में रक्तदान शिविर और पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मरीजों को फल वितरित किए गए और भीषण गर्मी को देखते हुए शरबत का वितरण भी किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत रक्तदान शिविर से हुई, जिसमें मेडिकल कॉलेज के कर्मचारियों और स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। डॉ. प्रशांत निरंजन ने कहा कि ÷रक्तदान सबसे बड़ा मानवता का कार्य है। इससे किसी की जान बचाई जा सकती है और शरीर पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता। रक्तदान करने वालों में लोकेश कुशवाहा, राहुल कुमार, संजीव पाराशर, रवि कुमार, अशोक कुशवाहा, सत्यम, योगेंद्र, राहुल राठौर, शैलेन्द्र पांचाल, जितेंद्र पाल, राजीव निरंजन, अमरनाथ, विकास दुबे, शंकर, रंजीत और राजेन्द्र सहित अन्य लोग शामिल रहे। इसके अलावा कार्यक्रम में कॉलेज परिसर में लगभग एक दर्जन छायादार पौधे लगाए गए। आयोजकों ने इन पौधों की देखरेख और संरक्षण का भी संकल्प लिया। मौके पर मौजूद स्टाफने अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल और शरबत वितरित कर उन्हें राहत पहुंचाई। समाजसेवा और स्वास्थ्य क्षेत्र को समर्पित इस आयोजन को लेकर स्थानीय लोगों और अस्पताल स्टाफमें सराहना का भाव देखा गया।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने इकलौते पुत्र आयुष सिंह व उसकी पत्नी पारुल चौहान को गलत चाल-चलन व कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उनके द्वारा किये गये किसी भी कार्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**सूचनाकर्ता**
**सविता सिह पत्नी स्व. धर्मेन्द्र कुमार सिंह, निवासिनी प्रकाश पुरम कालोनी लखपेड़ाबाग जनपद बाराबंकी हाल पता उज्जवल नगर आवास विकास थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी**

# असीम अरूण ने किया निर्माणाधीन अंत्येष्टि स्थल का निरीक्षण

- जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए अंत्येष्टि स्थलों की साफ़-सफाई, पेयजल व प्रकाश की होगी व्यवस्था



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्व.प्र.) असीम अरूण ने महादेवी घाट में निर्माणाधीन अंत्येष्टि स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। उन्होनें कहा कि अंत्येष्टि स्थल वह स्थान हैं, जहां मृतको का अंतिम संस्कार किया जाता हैं।

यह हमारी सामाजिक ज़िम्मेदारी हैं, कि अंतिम यात्रा के दौरान परिजनों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होनें कहा कि जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए अंत्येष्टि स्थलों की साफ़-सफ़ाई, पेयजल व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था और बैठने जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी। अंत्येष्टि स्थल पर उन्होनें छाया हेतु पेड़ पौधे एवं फूल पौधे लगाने की बात कही। उन्होने नये बन रहे अंत्येष्टि स्थल के पीछे से विकल्प के तौर पर रास्ते का निर्माण कराए जाने हेतु गहनता से विचार-विमर्श किया तथा कहा कि अंत्येष्टि स्थल तक दो रास्ता हो जाने से आवगमन सुविधाजनक होगा। उन्होनें कहा कि अंत्येष्टि स्थल पर पार्किग की अच्छी व्यवस्था करायी जाएगी तथा पार्किंग स्थल पर पार्किंग बोर्ड आदि लगाये जायेगें। कहा कि व्यवस्थाओं को ठीक करने के लिये लगातार प्रयास किया जा रहा हैं। अंत्येष्टि का पैसा जो प्राप्त होता हैं, वह सफाई व अन्य व्यवस्थाओं के कार्यां में व्यय होगा। ओएसआर खाते में जाने वाली धनराशि की ऑडिट की जायेगी।

इसके तत्पश्चात् मंत्री ने शिवाजी नगर निकट रानी देवी इण्टर कालेज के पास जल निकासी हेतु नाली निर्माण कराये जाने की बात कही। कहा कि जल निकासी हेतु नाला निर्माण के लिये सोमवार को गहनता से समीक्षा कर निर्णय लिया जायेगा।

जल्द ही जल निकासी की समस्या से क्षेत्रवासियों को समाधान मिलेगा। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका कन्नौज, खण्ड विकास अधिकारी कन्नौज, आदि संबंधित उपस्थित रहे।

# झमाझम बारिश से मिली राहत, घरों में घुसा पानी

- मोहल्ला लोहिया नगर व कादर खां नगर पौखरियापुर आदि मोहल्लों में हुई जलभराव की समस्या

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**



गर्मी के चलते बीती रात आसमान में काले काले बादल छा गए देर शाम को झमाझम बारिश शुरू हुई लगभग एक घंटा लगातार हुई बारिश से आम जनमानस को गर्मी से काफी राहत मिली समधन नगर की गलियां पानी से उफना गई बारिश के पानी में लोगों ने खूब नहाकर आनंद लिया उधर किसानों की सूख रही मक्का फसल भीग गई जिससे किसान चिंतित हो गया। बुधवार सुबह से पूरे दिन उमस भरी गर्मी बनी रही आपको बताते चले झमाझम बारिश से समधन नगर पंचायत प्रशासन की साफ सफाई व्यवस्था की पोल खुल गई मोहल्ला में पानी का निकास न होने से लोगों के घरों में पानी भर गया जिस पर स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत की लापरवाही का आरोप लगाया गया है। मोहल्ला लोहिया नगर व कादर खां नगर पौखरियापुर आदि मोहल्लों में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई। लोगों का कहना है कि अभी पहली बारिश में तो यह हाल है आगे जब बारिश और होगी तो क्या हाल होगा स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत अध्यक्ष व टाउन कार्यालय के अधिशासी अधिकारी से पानी का निकास सही करवाए जाने की मांग उठाई गई है।

# बाबा खाटू श्याम मंदिर निर्माण की तैयारियां जोरों पर



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

- कन्नौज में नहीं है अभी तक कोई ऐसा मंदिर

विशुनगढ़ रोड स्थित लिटिल स्टार मैरिज होम में भारतीय किसान यूनियन (अवधेश) की बैठक में बाबा खाटू श्याम मंदिर निर्माण के लिए पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि प्रभु श्री राम की कृपा से कलयुग के अवतारी शीश के दानी बाबा खाटू श्याम के भव्य मंदिर का निर्माण शुरू होना सौभाग्य की बात है। राष्ट्रीय संरक्षक राजपाल सिंह चौहान ने सभी से तन, मन, धन से सहयोग का आह्वान किया। श्री खाटू श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता ने बताया कि कन्नौज में अभी तक ऐसा कोई मंदिर नहीं है, जबकि फर्रूखाबाद के मोहम्मदाबाद में मंदिर बन चुका है, जहां स्थानीय भक्त पैदल यात्रा कर दर्शन करते हैं।

उन्होंने कहा कि श्याम भक्तों की लंबे समय से इच्छा थी कि छिबरामऊ में भव्य मंदिर बने। रामलीला मैदान में 22 जून, रविवार को सुबह 11 बजे मंदिर का भूमि पूजन हर्षोल्लास के साथ होगा। यह मंदिर क्षेत्र के श्याम भक्तों के लिए आस्था का नया केंद्र बनेगा।

इस अवसर पर सभी को आमंत्रण पत्र वितरित किए गए। बैठक में विनोद बाबू गुप्ता, अभिषेक, आशीष सक्सेना, विनय कुमार दुबे, सुनील गुप्ता, संजीव शर्मा, राजू मैनेजर, शीपु, अनिकेत चौरसिया, रवीश चंद्र, विकास कुमार, पवन कुमार, अश्वनी मिश्रा, आनंद दुबे, सुमित कश्यप, श्याम जी, नवीन कुमार शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पसमांदा मुस्लिम समाज ने किया संगठन का विस्तार



**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर में मोहम्मद आरिफ सिद्दीकी के आवास पर हुई बैठक में ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम समाज के संगठन का विस्तार किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष शाकिर अली मंसूरी और प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद असलम कुरैशी ने हाजी जमीर अहमद (लल्ला बाबू) पुत्र सगीर अहमद को प्रदेश सचिव और मोहम्मद साजिद सिद्दकी पुत्र जलील सिद्दीकी को जिलाध्यक्ष कन्नौज मनोनीत किया। इस मौके पर इमरान कुरैशी, नईम सिद्दीकी, रेहान मंसूरी, अल्तमस कुरैशी, रहीस, जलील अहमद, अनीस सिद्दीकी, मो. तालिब सिद्दीकी आदि लोग मौजूद रहे।

# डीआईजी कानपुर परिक्षेत्र ने जे.टी.सी. सेंटरों का किया निरीक्षण

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर द्वारा जनपद कन्नौज में आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती-2023 में चयनित अभ्यर्थियों के प्रशिक्षण हेतु चल रहे जे.टी.सी. सेंटरों का निरीक्षण किया। बुधवार को पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर हरीश चन्दर द्वारा पुलिस लाइन कन्नौज में गार्द की सलामी लेकर पुलिस अधीक्षक कन्नौज विनोद कुमार के साथ आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती-2023 में चयनित अभ्यर्थियों के प्रशिक्षण हेतु चल रहे जे.टी.सी. सेंटरों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस लाइन कन्नौज में चल रहे महिला रिक्रूट आरक्षियों के जे.टी.सी. प्रशिक्षण सेन्टर एवं राजकीय महिला पॉलिटेक्निक जसोदा थाना गुरसहायगंज में पुरूष रिक्रूट आरक्षियों के जे.टी.सी. प्रशिक्षण सेन्टर का निरीक्षण किया गया एवं रिक्रूट आरक्षियों के व्यवस्थापन तथा ट्रेनिंग की व्यवस्थाओं जैसे मैस, बैरक, स्नानघर, कक्षाओं आदि का जायजा लेते हुए शारीरिक प्रशिक्षण एवं तकनीकी प्रशिक्षण पद्धतियों पर विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया गया एवं व्यवस्थाओं को मानक अनरूप पूर्ण करने के सम्बन्ध में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। इसके साथ ही प्रशिक्षण की गुणवत्ता और कौशल विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के लिए सम्बन्धित को निर्देश दिये गये। दोनों ट्रेनिंग सेन्टरों पर रिक्रूट आरक्षियों के लिए शारीरिक प्रशिक्षण के साथ कानून और पुलिस की बुनियादी प्रक्रियाओं के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा। उनको पुलिस के कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक कन्नौज अजय कुमार, क्षेत्राधिकारी लाइन कुलवीर सिंह, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन सुखपाल सिंह, प्रभारी आरटीसी आदि पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# मंडी परिसर में सरकारी मूंग खरीद केंद्र खोलने की मंजूरी

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के किसान भी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर मूंग बेंच सकते हैं। शासन ने मण्डी परिसर में सरकारी केन्द्र खोलने की मंजूरी दी हालांकि अभी यह खुला नही है।

विदित हो कि तहसील क्षेत्र में भी जायद की फसल के रूप में मूंग का उत्पादन शुरू हुआ है पर उसकी वाजिब कीमत किसानों को नही मिल पाती थी जबकि शासन ने इस जिंस का न्यूनतम समर्थन मूल्य 8682 रुपये प्रति कुन्तल घोषित किया है लेकिन मण्डी में यह 6000 से अधिक नहीं बिक रही है और इसी के चलते जिले के जनप्रतिनिधियों ने शासन से जनपद में मूंग खरीद केन्द्र खोले जाने का आग्रह किया था जिसको संज्ञान में लेकर शासन ने जनपद में 8 स्थानों पर खरीद केन्द्र स्थापित किए जाने को हरी झण्डी दी है जिसके तहत कृषि उत्पादन मण्डी समिति में भी खरीद केन्द्र स्थापित किया जाना है। मण्डी सचिव सतीश कुमार के अनुसार वैसे तो खरीद केन्द्र 5 जून से 2 सितम्बर तक चलना है और यहां पर शेल्टर एग्रोटेक कोआपरेटिव सोसाइटी द्वारा खरीद की जानी है हालाकि अभी यह केन्द्र संचालित नही है लेकिन इसके शीघ्र ही शुरू होने की संभावना है अगर समय से खरीद शुरू हुई तो किसानों को जिंस की वाजिब कीमत मिल सकती है।

# छिबरामऊ में हर बजट में बनेंगे दो शुद्धि स्नान घाट

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने नगर के विकास और स्वच्छता के लिए बड़े कदम उठाने का ऐलान किया है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू के साथ चर्चा में उन्होंने हर बजट में दो शुद्धि स्नान घाट बनाने और छह माह में नगर का कायाकल्प करने की योजना साझा की। इसके साथ ही अतिक्रमण, बिजली व्यवस्था और अंत्येष्टि स्थल जैसी समस्याओं के समाधान का भरोसा भी दिया।

नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने बताया कि पहले चरण में मोहल्ला सराफान और बनवारी नगर में शुद्धि स्नान घाट बनाए जाएंगे। शैलेंद्र गुप्ता ने वैश्य समुदाय के लिए लश्करी तालाब के पास नगर पालिका की खाली जमीन पर घाट बनाने का सुझाव दिया। नवीन मंडी में गल्ला आलू व्यापारी संघ के शपथ ग्रहण समारोह में किए गए दो वाटर कूलर लगाने के वादे को याद दिलाने पर दुबे ने जल्द ही एक वाटर कूलर लगवाने का आश्वासन दिया। नगर की अन्य समस्याओं पर चर्चा में दुबे ने बताया कि सड़कों पर स्ट्रीट लाइट के लिए पोल के फाउंडेशन का काम तेजी से चल रहा है। बिजली के ट्रांसफार्मर और पोल हटाने के लिए विद्युत विभाग को पत्र लिखा गया है। बहवलपुर में स्टेडियम के पास लगभग 50 लाख रुपये की लागत से अंत्येष्टि स्थल का निर्माण जल्द शुरू होगा।

मुख्य बाजार मार्ग को डक्ट के साथ डामर रोड बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। पूर्वी बाईपास पर मेजर जंक्शन के पूरा होने के बाद वहां यात्री प्रतीक्षालय और आधुनिक टॉयलेट का निर्माण होगा।

## सड़क दुर्घटना में घायल अध्यापक की मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** मंगलवार की शाम सौरिख रोड स्थित कालिका देवी मंदिर के पास तेज रफ्तार वैगन आर कार की टक्कर लगने से घायल हुए सेवानिवृत अध्यापक की तिर्वा मेडिकल कॉलेज ले जाते समय मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मालूम हो कि सौरिख खड़नी निवासी 69 वर्षीय चेतराम शाक्य पुत्र भगवतदयाल शाक्य कृषक इंटर कॉलेज कुतुपुर भाउलपुर चपुन्ना से सेवानिवृत्त अध्यापक थे। मंगलवार को वह अपने पुत्र विकास के साथ नगर के सौरिख रोड़ स्थित कालिका देवी मंदिर के पास बने अपने मकान को देखने के लिए आए थे। यहां एक तेज रफ्तार वैगन आर कार चालक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी थी। वहीं स्थानीय लोगों ने कार चालक को पड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। घटना में उनका पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। हालत ज्यादा गंभीर होने पर उन्हें सौ शैया अस्पताल से तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया था। परिजन उन्हें उपचार के लिए तिर्वा ले जा रहे थे कि तभी उनकी रास्ते में ही मौत हो गई। बुधवार को उनका शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

## बाइकों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में एक की मौत, दूसरा घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।** ग्राम असलताबाद में दो बाइकों की हुई आमने-सामने जोरदार भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजनों में चीख पुकार मच गई। विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सरैया निवासी 35 वर्षीय चंदन उर्फ अभिषेक शाक्य पुत्र राधेश्याम मोबाइल रिपेयरिंग का कार्य करता था। मंगलवार की शाम वह छिबरामऊ से वापस बाइक से जा रहा था। ग्राम असलताबाद पहुंचते ही सामने से आ रही दूसरी बाइक पर सवार ग्राम बहादुरपुर निवासी 18 वर्षीय गोलू पुत्र नंदराम यादव से आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। घटना में दोनों चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल पहुंचाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद चंदन उर्फ अभिषेक की हालत गंभीर देख तिर्वा मेडिकल कॉलेज तथा वहां से हैलट और वहां से रीजेंसी के लिए रेफर कर दिया गया। वहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक अपने पीछे जुड़वां बच्चे पुत्री अस्ति पुत्र आस्तो पत्नी कुशमा तथा माता निर्मला देवी और पिता राधेश्याम को रोता बिलखता छोड गया। वहीं विशुनगढ थाना प्रभारी गौरव कुमार ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। प्रार्थना पत्र मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# एसडीएम को मिली नमामि गंगे योजना में खामियां, दिये निर्देश

- अगले निरीक्षण में लापरवाही मिलने पर कार्रवाई होगी सुनिश्चित

**जालौन, उरई समृद्धि न्यूज।**



जगनेवा गांव में नमामि गंगे के कार्यों का निरीक्षण करते एसडीएम विनय मौर्य।

जलापूर्ति व्यवस्था की जमीनी हकीकत जानने के लिए एसडीएम विनय मौर्य ने ग्राम पंचायत जगनेवा में उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) द्वारा संचालित पेयजल योजना के कार्यों का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घरों में जल आपूर्ति की प्रेशर स्थिति से लेकर पाइप कनेक्शनों की मौजूदा स्थिति तक का गहनता से परीक्षण किया। एसडीएम ने गांव में बने पंप हाउस, पानी की टंकी और स्टाफ क्वार्टर का भी निरीक्षण किया। परिसर में गंदगी फैली होने पर उन्होंने नाराजगी जताई और साफसफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश मौके पर मौजूद पंप ऑपरेटर शिवराम को दिए। कहा कि परिसर में नियमित साफसफाई कराई जाए। उन्होंने पंप ऑपरेटर से जलापूर्ति की वर्तमान स्थिति और तकनीकी पहलुओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही ग्रामीणों से संवाद कर उनकी शिकायतें व सुझाव भी सुने गए। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के कुछ हिस्सों में अब भी पेयजल कनेक्शन नहीं हो सके हैं।

इस पर एसडीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बचे हुए सभी घरों में जल्द से जल्द कनेक्शन पूर्ण किए जाएं, ताकि हर घर नल से जल योजना का लाभ प्रत्येक ग्रामीण को मिल सके। एसडीएम ने कहा कि कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी तरह की लापरवाही न बरती जाए।

उन्होंने कहा कि यह योजना ग्रामीणों के जीवनस्तर को बेहतर बनाने के लिए चलाई जा रही है, इसलिए पारदर्शिता और नियमित निगरानी अत्यंत आवश्यक है। साथ ही कहा कि अगली बार निरीक्षण में कोई लापरवाही मिली तो उत्तरदायित्व तय कर कार्रवाई की जाएगी।

# ससुराल में पेड़ से लटककर युवक ने दी जान

- पिछले दो वर्षों से ससुराल में रहकर कर रहा था मजदूरी
- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**तिर्वा कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



फाइल फोटो मृतक हसन

इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के झुलनापुर गांव में ससुराल में रह रहे एक युवक ने गांव के बाहर एक पेड़ पर मंगलवार की देर शाम फांसी लगाकर जान दे दी। सुबह मामले की जानकारी होने पर परिजनों में हंगामा मच गया।

सूचना मृतक के परिजनों को दी गई। सूचना पाकर मृतक के परिजन गांव पहुंचे। पहले परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया। बाद में पुलिस के समझाने पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

अलीगढ़ जनपद के दादौ थाना क्षेत्र के हैवतपुर कटरा गांव निवासी हसन (28) पुत्र मो. रफीक का विवाह करीब छह बर्ष पहले इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के झुलनापुर गांव निवासी ताज बानो के साथ हुआ था।

पिछले दो बर्षों से हसन अपनी ससुराल में रहकर मजदूरी का काम करता था। मंगलवार की देर शाम गांव के बाहर एक पेड़ में उसने रस्सी की मदद से फांसी लगा ली।

सुबह जब गांव के लोग उधर पहुंचे, तो उनको घटना की जानकारी हुई। सूचना पर इंदरगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची। घटना की सूचना पर उसके परिजन भी अलीगढ़ से झुलनापुर गांव आ गए।

यहां परिजनों ने ससुरालीजनों पर हत्या कर उसके शव को फांसी पर लटका देने का आरोप लगाया। बाद में पुलिस के समझाने पर परिजन माने। इंदरगढ़ पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंदरगढ़ थानाध्यक्ष पारूल चैधरी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की सही बजह पता चल सकेगी।

## आशियाने पर गिरी आकाशीय बिजली सीढ़ियां हुई क्षतिग्रस्त



**कोंच,जालौन समृद्धि न्यूज।** मंगलवार की शाम बारिश के बीच गोखले नगर निवासी सुनील पुत्र संतोष अग्रवाल के घर की छत पर सीढियों के समीप आकाशीय बिजली गिर पड़ी जिससे सीढियों की जगह क्षतिग्रस्त हो गयी और सुनील के घर में रखी फ्रिज, इनवर्टर, पंखे, कूलर आदि उपकरण फुंक्र गए। मुहल्ले के आनंद दुबे, बिहारी ताम्रकार, प्रवीण रसौलिया, राहुल अग्रवाल, राजेश्वर पाटकार के घरों के उपकरण और केशरीमल तरसौलिया के घर की छत पर लगा सोलर पैनल भी फुंक्र गया। मुहल्ला पटेल नगर में संजय सोनी महेशपुरा वालों के घर एलसीडी, पंखे, स्टेब्लाइजर, सीसीटीवी कैमरे का डीबीआर, पड़ोसी अनिल सोनी की एसी, इन्वर्टर सहित रवि याज्ञिक, चंदगीराम के घरों के तमाम उपकरण फुंक गए।

# स्कॉर्पियो की ट्रक से टक्कर, एक की मौत, चार घायल

## उपचार के दौरान पंकज गुप्ता नामक व्यक्ति ने तोड़ा दम, दो अन्य घायलों की हालत नाजुक

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



मंगलवार रात करीब 11:30 बजे ग्राम खल्ला रोड पर एक दर्दनाक हादसा हो गया। हरिद्वार से लौट रही श्रद्धालुओं से भरी स्कॉर्पियो कार सड़क किनारे गलत तरीके से खड़े ट्रक से टकरा गई। इस भीषण टक्कर में कार सवार पंकज गुप्ता (40) की मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए।

घायलों में फतेहपुर के कलेक्टर गंज निवासी अभिनव बाजपेई (38), लोधी गंज निवासी अनिल (40), दिनेश कुमार (36) और गोकुल नगर जेल निवासी अजय (40) शामिल हैं। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी की गंभीर हालत को देखते हुए तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। वहां उपचार के दौरान पंकज गुप्ता ने दम तोड़ दिया। दो अन्य घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है। एक अन्य घटना में, कुंवरपुर बनवारी के पास ओमनी कार की टक्कर से साइकिल सवार प्रियांशु (14), विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के बलरामपुर निवासी, घायल हो गया।

उसे भी सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच शुरू कर दी है और ट्रक की गलत पार्किंग को हादसे का प्रमुख कारण माना जा रहा है।

# जन्म प्रमाणपत्र बनाने के नाम पर अवैध वसूली का आरोप

- सीएचसी जलालाबाद में धड़ल्ले से हो रही 100 से 300 रुपए तक की वसूली
- ग्रामीणों का आरोप, रुपए न देने पर उसका आवेदन लंबित या प्रमाण पत्र समय पर नहीं मिलता

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**




जन्म प्रमाण पत्र के नाम पर अस्पताल में अवैध वसूली का मामला सामने आया है। तीमारदारों और लाभार्थियों का आरोप है कि अस्पताल के कर्मचारी अस्पताल प्रशासन की मिलीभगत से जन्म प्रमाण पत्र जारी कराने के लिए खुलेआम 100 से 300 रुपये तक की वसूली कर रहे हैं। कस्बा जलालाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के नाम पर लगातार अवैध वसूली की जा रही है। तीमारदारों और लाभार्थियों का आरोप है। कि अस्पताल प्रशासन की मिलीभगत से कर्मचारियों द्वारा प्रमाण पत्र जारी कराने के लिए खुलेआम पैसे मांगे जा रहे हैं। यह अवैध वसूली न सिर्फ नए जन्म प्रमाण पत्र बनवाने में, बल्कि पुराने प्रमाण पत्रों में संसोधन करवाने के नाम पर भी हो रही है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र के कुछ कर्मचारी जन्म प्रमाण पत्र देने के बदले 100 से 300 रुपये तक की वसूली कर रहे हैं। यदि कोई पैसा न दे तो उसका आवेदन लंबित डाल दिया जाता है। या प्रमाण पत्र समय पर नहीं दिया जाता। जबकि सरकार द्वारा यह पूरी प्रक्रिया निः शुल्क घोषित की गई है। लोगों का कहना है। कि अस्पताल के प्रभारी चिकित्साधिकारी की मिलीभगत के बिना यह संभव नहीं है। बार- बार शिकायतों के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नही की गई है। मामले को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है।

पीड़ितों ने प्रशासन से जांच करवा कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। केंद्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ मनोज कुमार से बात की तो उन्होंने कर्मचारियों को फोन पर चेतावनी देकर मामले को रफा दफा करने का आश्वासन दिया। फ़ोन के माध्यम से सूचना देने के बाबजूद कर्मी ने लाभार्थी से धन उपार्जन कर लिया। इसका मतलब है। कि इस अवैध वसूली में अस्पताल प्रशासन भी शामिल है। इसमें कर्मचारी को न तो सीएचसी अधीक्षक का और न ही जिला प्रशासन का डर है।

## सूचना

मेरी एलआईसी पॉलिसी संख्या 263440242 में मेरा नाम त्रुटिवश सनोज पुत्र रामनाथ दर्ज हो गया है, जबकि सभी प्रमाण पत्रों में मेरा नाम अनोज पुत्र रामनाथ व जन्म तिथि 01/01/1987 दर्ज है। यह दोनों नाम मेरे ही है। मुझे दोनों नामों से जाना व पहचाना जाये। अनोज पुत्र रामनाथ निवासी कांकर कठा पोस्ट सुलेमानपुर पट्टी, जिला शाहजहांपुर।

# सड़क पार कर रही वृद्धा से बाइक टकराई, इलाज के दौरान चालक की मौत

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

सड़क पार कर रही वृद्धा से बाइक टकरा गयी। जिससे वृद्धा व बाइक चालक गंभीर रुप से घायल हो गये। दोनों को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जहां इलाज के दौरान बाइक सवार युवक की मौत हो गयी, जबकि वृद्धा की भी हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम हरसिंहपुर के निकट सड़क पार कर रही वृद्ध महिला को बचाने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित हो गई। जिससे हरसिंहपुर निवासी गुड्डी पत्नी रामपाल उम्र 55 वर्षीय से जा टकराई। इस घटना में वृद्धा गंभीर रूप से घायल हो गई तथा बाइक सवारी युवक गोविंद

**वृद्धा की भी हालत गंभीर, लोहिया में चल रहा है इलाज**

पुत्र अवधेश निवासी करनपुर दत्त उम्र 30 वर्ष भी सड़क से नीचे खाई में जा गिरा। जिससे वह भी गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके से गुजर रहे स्थानीय ग्रामीणों ने 108 एम्बुलेंस को फोन कर मौके पर बुलाया व पुलिस को भी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर भेज दिया। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने चिकित्सीय परीक्षण कर हालत गंभीर होने पर वृद्ध महिला व बाइक सवार युवक को लोहिया अस्पतालस रेफर कर दिया। जहां पर ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर अभिषेक



मृतक का फाइल फोटो



रोते मृतक के माता-पिता

चतुर्वेदी ने युवक गोविंद को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि युवक बाहर नौकरी करता था जो की छुट्टी लेकर अपने घर आया था। कस्बा राजेपुर से गांव आते समय सड़क दुर्घटना हो गई। मृतक चार भाइयों में तीसरे नंबर का बताया जा रहा है। मौत की सूचना पाते ही मां रीता, भाई उमेश, पुष्पेंद्र, शीलू आदि का रोकर बुरा हाल है। वहीं घायल वृद्धा का जिला अस्पताल लोहिया में इलाज चल रहा है। थाना अध्यक्ष मोनू शाक्या ने बताया है कि मृतक युवक का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। तहरीर मिलने के बाद विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## जीने से पैर फिसलने से युवक घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** बारिश के दौरान रात्रि में उतरते समय युवक का पैर जीने से फिसल गया। जिससे वह घायल हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार कम्पिल थाना क्षेत्र के मोहल्ला पट्टी मदारी निवासी मुनीष कठेरिया उम्र 40 वर्षीय पुत्र सोवरन कठेरिया छत पर लेटे थे, तभी अचानक तेज वारिश होने लगी। मुनीष विस्तर साथ लेकर छत से नीचे उतर रहा था। उसी समय अचानन मुनीष का पैर जीने से फिसल गया और वह नीचे गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। नीचे गिरने की आवाज सुनकर परिजन दौड़े और उन्हें कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया।



सीएचसी में भर्ती घायल

## बाइक की टक्कर से युवक घायल

**हालत गंभीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए किया रेफर**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पेट्रोल पम्प के पास किनारे खड़े युवक को बाइक सवार दूधिया ने टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। उसे शमशाबाद सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार विशाल कुमार पुत्र दिग्विजय सिंह निवासी खानपुर थाना शमशाबाद पेट्रोल पंप के पास साइड में खड़ा था, तभी उधर से तेज रफ्तार से आ रहे बाइक सवार दूधिया ने विशाल के टक्कर मार दी। जिससे विशाल घायल गया। उसे सीएचसी शमशाबाद ले जाया गया। जहां से हालत गंभीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।



लोहिया में भर्ती घायल युवक

**नगर पालिका की लापरवाही....**

## वातावरण में जहर घोल रहा खुले रुप से ले जाया जा रहा ट्रैक्टरों से कचरा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भीषण गर्मी और उमस से जन जीवन बेहाल है। वहीं नगर पालिका द्वारा कूड़ा कचरा हर रोज खुली ट्राली में डंप करने के लिए ले जाया जा रहा है। ऐसे में गैसें, धूल और अन्य कण हवा में मिल जाते हैं। जिससे सांस लेने में कठिनाई, हृदय रोग और फेफड़ों की बीमारी जैसी स्वास्थ्य समस्याएं होना लाजमी है।

जानकारी के अनुसार हर रोज नगर पालिका के दर्जनों ट्रैक्टरों द्वारा कूड़ा निस्तारण करने के लिए ले जाया जाता है। जबकि नियम यह है कि ट्राली में कूड़े को पूरी तरह से ढककर ले जाया जाये, लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है। कूड़े कचरे को खुली ट्राली में ले जाया जाता है। जो रास्ते भर गिरता जाता है। ट्राली का डालाह भी बंद नहीं किया जाता है। जिससे भीषण दुर्गंध उठती है। जो कई संक्रामक बीमारियों को दावत दे रहा है। चिकित्सकों का कहना है कि ऐसे में सांस लेने में कठिनाई, हृदय रोग और फेफड़ों की बीमारी फैलने का खतरा ज्यादा रहता है। साथ ही पर्यावरण भी दूषित हो रहा है। जो मनुष्य के लिए काफी हानिकारक साबित हो सकता है। नागरिकों ने नगर पालिकाध्यक्ष से अपील की है कि कूड़ा निस्तारण के लिए ले जाते समय पूरी तरह ढककर ले जाया जाये। जहरीली हो रही आवोहवा को बचाया जा सके।



निस्तारण के लिए ट्रैक्टर ट्राली से ले जाया जा रहा कचरा

## ट्रैक्टर पलटने से युवक घायल, लोहिया में भर्ती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ट्रैक्टर पलटने से युवक घायल हो गया। उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार बुधवार को सौरव उम्र 25 पुत्र सचिदानंद निवासी भिड़ौर थाना मऊदरवाजा ट्रैक्टर ट्राली से मक्का बेचने के लिए मोहम्मदाबाद ले जा रहा था। सकवाई हनुमान मंदिर के पास कुत्ते को बचाने में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे सौरभ गंभीर रुप से घायल हो गया। घटना की सूचना राहगीरों ने 108 एंबूलेंस को दी। सूचना पर पहुंची एंबूलेंस से उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका उपचार जारी है। सूचना मिलने पर परिजन भी लोहिया अस्पताल पहुंच गये थे।



लोहिया अस्पताल में भर्ती युवक

## खबरें एक नजर में

### करंट की चपेट में आकर युवती मुर्क्षित

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव महमदपुर निवासी जान्हवी उम्र 19 वर्षीय पुत्री योगेश कुमार ने गर्मी होने के कारण पंखा चालू करने के लिए बिजली के बोर्ड में पंखे का तार लगाया। वैसे ही अचानक जान्हवी विद्युत करन्ट की चपेट में आकर अचेत हो गई। आनन-फानन में परिजन नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. अमरेश कुमार ने उपचार शुरू किया।

### ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार दो भाई घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गॉव कुबेरपुर निवासी साहिल उम्र 17 वर्षीय पुत्र कल्लू अपने भाई अली उम्र 15 वर्ष को साथ लेकर बाइक द्वारा पेन्टरी करने जा रहे था। जैसे ही वह दुर्गा टाकीज लकी धर्म काटाँ के निकट पहुँचा, तभी सामने से आ रहे ट्रैक्टर की चपेट मे आकर बाइक सवार दोनों भाई घायल हो गये। आसपास के लोगों की मदद से दोनों घायलों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया।

### बच्चों के विवाद में दो को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के मुहल्ला सिरमौरा बांगर निवासी नसरुद्दीन के छोटे बच्चे बुधवार सुबह आठ बजे घर के सामने बगीचे में खेल रहे थे। साथ ही पड़ोसी महिला के छोटे बच्चे भी खेल रहे थे। खेल-खेल में बच्चे आपस में लड़ने लगे। मौके पर पहुंची महिला नसरुद्दीन के बच्चों को गाली-गलौज करने लगी। गाली-गलौज का विरोध करने पर महिला व उसके जेठ ने नसरुद्दीन के साथ मारपीट कर दी। थाना पुलिस को नसरुद्दीन ने दो नामजद लोगों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया।

### पर्यावरण असंतुलन को लेकर तालाब बचाओ चलाया जायेगा अभियान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा की बैठक रामनारायण मिश्रा के आवास पर सम्पन्न हुई। बैठक में पर्यावरण असंतुलन को लेकर चर्चा की। अध्यक्षता रामनारायण मिश्रा ने की। संचालन डॉ. मेंहदी हसन ने किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तम कुमार मिश्रा ने कहा कि पर्यावरण असंतुलन का मुख्य कारण हमारे तालाबों पर अवैध अतिक्रमण हो रहा है। जिसके लिए हम सब लोग संगठित होकर जागरुकता अभियान चलाकर आंदोलन की रुपरेखा बनाये। सभी की सहमति मिलने पर ठंडी सड़क स्थित तालाब की भूमि पर पूर्व से किये गये कब्जे व अतिक्रमण को मुक्त कराने के लिए कार्य किया जायेगा। इसके लिए एक प्रतिनिधि मण्डल लखनऊ शनिवार को जायेगा। सोमवार से जन जागरण अभियान चलाकर आंदोलन किया जायेगा। इस अवसर पर नरेन्द्र कुमार शर्मा, रामकिशोर शाक्य, प्रताप सक्सेना, यशपाल सिंह, रघुवर दयाल शर्मा, शिवाजी कटियार, डॉ. अजय सिंह, शिवकुमार, दिगम्बर श्रीवास्तव, रामवीर राजपूत, गौरव राजपूत, मेवालाल कठेरिया, रामप्रताप, आरती सक्सेना, ज्योति चौहान, नलिनी श्रीवास्तव, रामकुमारी, बिटोला देवी, विनीता सिंह, विनय झा आदि लोग मौजूद रहे।

## आईजी व एसपी ने जेटीसी/ आरटीसी प्रशिक्षण की तैयारियों का लिया जायजा



तैयारियों का जायजा लेते पुलिस अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस उपमहानिरीक्षक हरिशचन्द्र एवं पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ आरती सिंह द्वारा पुलिस लाइन फतेहगढ़ में जेटीसी/आरटीसी प्रशिक्षण तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने प्रशिक्षण व्यवस्था, प्रशिक्षण कक्ष, हॉस्टल, भोजनालय, स्नानागार, शौचालय एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं/प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की कोई कोर कसर नहीं रहनी चाहिए। व्यवस्थायें चाक चौबंद होनी चाहिए। हीला हवाली बरतने पर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

## आंधी में पुलिस लाइन भवन का शीशा टूटकर गिरा, पांच रिक्रूट घायल



लोहिया में भर्ती घायल रिक्रूट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार को आयी तेज आंधी बारिश से भीषण गर्मी से जहां एक तरफ लोगों को राहत मिली, वहीं पुलिस लाइन में प्रशिक्षण के लिए पहुंचे रिक्रूटों पर आयी आंधी के कारण एक भवन की खिड़कियों के शीशे टूटकर गिर पड़े। जिसकी चपेट में आने से अभिषेक गुप्ता उम्र 21 पुत्र बांकेलाल निवासी सीतापुर, गौरव यादव उम्र 24 पुत्र सुरजीत निवासी फिरोजाबाद, महेंद्र कुमार उम्र 27 वर्मा पुत्र शैलेंद्र कुमार वर्मा निवासी सीतापुर, सौरभ यादव उम्र 26 पुत्र संतशरण निवासी रायबरेली, अश्वनी सिंह उम्र 25 पुत्र पुष्पराज सिंह थाना रघुनाथपुर जनपद रायबरेली गंभीर रुप से घायल हो गये। जिन्हें लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं सूचना मिलने पर अपर पुलिस अधीक्षक व सीओ अमृतपुर ने लोहिया अस्पताल पहुंचकर घायलों के हालचाल लिये। मंगलवार देर शाम आयी तेज आंधी और पानी से पुलिस लाइन भवन के खिड़की का एक शीशा टूट गया। शीशा प्रशिक्षण के लिए गये रिक्रूटों पर गिर पड़ा। जिससे प्रशिक्षण के लिए आए पांच रिक्रूट घायल हो गये।

### गाली-गलौज का विरोध करने पर महिला को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के मुहल्ला नगला धोबियान निवासी सगुना देवी पत्नी राजेन्द्र सिंह बुधवार सुबह लगभग आठ बजे घर की साफ-सफाई कर रही थी। उसी समय परिवार के ही युवक व उसके परिजनों ने घर आकर सगुना देवी के साथ गाली-गलौज करने लगे। गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक व उसके परिजनों ने सगुना देवी के साथ मारपीट कर दी। मारपीट में सगुना देवी चोटिल हो गई। थाना पुलिस को सगुना देवी पत्नी राजेन्द्र सिंह व युवक व उसके परिजनों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

## ट्रेनों के ठहराव को लेकर व्यापारियों ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

ट्रेनों के ठहराव को लेकर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने सांसद को ज्ञापन सौंपा।

जानकारी के अनुसार बुधवार को सांसद मुकेश राजपूत को उनके निवास कार्यालय पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल कायमगंज द्वारा कायमगंज में ट्रेनों के स्टॉपेज के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा गया। जिस पर सांसद ने तुरंत ही कवरिंग लेटर लगाकर रेल मंत्री को भेजने के लिए हमको दे दिया। इसके बाद व्यापारियों ने रजिस्टर्ड डाक से रेल मंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन देते समय नगर अध्यक्ष उमेश गुप्ता, जिला महामंत्री सत्यनारायण वर्मा, विधानसभा महामंत्री रंजीत कुमार उपस्थित थे। ज्ञापन पर कायमगंज के वरिष्ठ पदाधिकारी शिव बालक शर्मा, प्रियंक अग्रवाल, रोहित गुप्ता, महेंद्र राजपूत, राकेश राठौर आदि पदाधिकारियों के हस्ताक्षर थे।



सांसद को ज्ञापन सौंपते व्यापारी नेता

## बच्चे की हालत बिगड़ी, चिकित्सक ने घोषित किया मृत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

जनपद कासगंज के थाना व कस्बा पटियाली निवासी आरव उम्र 1 वर्षीय पुत्र रिंकू को बीते दिनों से बुखार आ रहा था। परिजन गांव के झोलाछाप के यहाँ से उपचार करवा रहे थे। आज उसकी हालत बिगड़ने पर परिजन कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए।

जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. अमरेश कुमार ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन उसका शव लेकर घर चले गये।

## बालक की करंट से मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बिजली के करंट से बालक की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने जांच पड़ताल की। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के गांव नीबलपुर निवासी नकुल राजपूत का 12 वर्ष का पुत्र अपने खेतों की तरफ जा रहा था। उसी दौरान गांव में बने विद्यालय के पीछे लगे कंटीले तार में करंट आ रहा था। राज तार के संपर्क में आ गया। जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गयी। राज के पिता नकुल राजपूत ने थाना पुलिस को सूचना दी।

सूचना पर सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय, थाना अध्यक्ष बलराज भाटी व फील्ड यूनिट की टीम ने पहुंचकर जांच पड़ताल की तथा घटना से संबंधित साक्ष्य संकलित किये। थाना अध्यक्ष बलराज भाटी ने बताया शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक राज की मां मालती और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



मृतक बालक का फाइल फोटो

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार प्रदीप कुमार पुत्र स्वर्गीय अतर सिंह निवासी नेगमा थाना शमशाबाद बुधवार को बाइक से कायमगंज जा रहा था। फैजबाग के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। घटना की सूचना आसपास के लोगों ने 108 एंबुलेंस को दी। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से हालत गंभीर होने पर उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। सूचना मिलने पर परिजन भी लोहिया अस्पताल पहुंच गये।



लोहिया अस्पताल में भर्ती घायल

## ब्लॉक मिशन मैनेजर ने बीच चौराहे पर सफाई कर्मचारी को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड कार्यालय में तैनात कर्मचारी की सह पर दो दिनों से सफाई कर्मचारी तथा ब्लॉक मिशन मैनेजर के बीच चल रहे विवाद में ब्लॉक मिशन मैनेजर ने सफाई कर्मी को सरे चौराहे पर पीटा। जिससे सफाई कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड कार्यालय पर तैनात ब्लॉक मिशन मैनेजर संजीव कुमार तथा सफाई कर्मचारी के बीच दो दिनों से कार्यालय पर तैनात वरिष्ठ कर्मचारियों की सह चल रहे विवाद के कारण दोनों पक्षों में तनातनी बनी हुई थी। जिसके चलते बीती शाम चौराहे पर शराब पिये ब्लॉक मिशन

**पीड़ित ने दी तहरीर, साथी के पक्ष में कर्मचारी हुए लामबंद**

मैनेजर संजीव कुमार तथा सफाई कर्मचारी बिन्दा प्रसाद के बीच कहासुनी हो गई। जिसके चलते एकाएक वहां मारपीट होने लगी। वहीं सफाई कर्मचारी बिन्दा प्रसाद के बताइए अनुसार ब्लॉक मिशन मैनेजर संजीव कुमार ने मारपीट करते हुए किसी धारदार हथियार से वार कर दिया। जिससे सफाई कर्मचारी घायल हो गया। जिसकी शिकायत सुबह प्रभारी विकास खंड अधिकारी, एडियो आईएसबी सुखदेव सिंह तथा प्रभारी विकास खंड अधिकारी ने ब्लॉक मिशन मैनेजर संजीव कुमार फोन कर मौके पर बुलाया, तो उसने कहा कि वह बैंक जा रहा है। जिसकी जानकारी प्रभारी विकास खंड अधिकारी व एडियो आईएसबी ने बैंक कर्मचारियों से की, तो उन्होंने बताया कि ब्लॉक मिशन मैनेजर यहां नहीं आया था। जब उसकी खोजबीन की गई, तो पता चला कि वह थाने में शिकायत करने गया है। जिसकी सूचना थाना पुलिस के द्वारा विकास खंड कार्यालय पर फोन द्वारा बताई गई तथा पुलिस ने जानकारी मांगी, तो एडियो आईएसबी ने बताया कि मारपीट का मामला उनके संज्ञान में आज सुबह आया है। जिसकी उच्च अधिकारियों को जानकारी दी जाएगी तथा ब्लॉक मिशन मैनेजर संजीव कुमार तथा उनकी सगी बहन ममता पाल भी यहां ब्लॉक मिशन मैनेजर के पद पर कार्यरत है। जिसे बातचीत कर मामले में कार्रवाई की जाएगी। वहीं इस बाबत जब विकास खंड अधिकारी सुनील जायसवाल से फोन पर जानकारी की गयी, तो उन्होंने बताया कि वह ब्लॉक के बड़े बाबू से बात कर मीडियाकर्मियों को जानकारी देंगे, लेकिन दोबारा उन्होंने मीडियाकर्मियों को कोई जानकारी नहीं दी। वहीं प्रभारी विकास खंड अधिकारी ने बताया की उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है तथा दोनों ब्लॉक मिशन मैनेजर के विरुद्ध बीडीओ को लिखा जाएगा और उनको विकास खंड कार्यालय से रवाना किया जाएगा। ऐसे शराबी प्रवृत्ति के कर्मचारी विकास खंड कार्यालय पर नहीं रहेंगे। वहीं सफाई कर्मचारी बिन्दा प्रसाद ने अपने साथ घटी घटना के बारे में थाने में तहरीर दी। इस घटना को लेकर सभी सफाई कर्मचारी लामबंद हो गये हैं।

जिसकी जानकारी सफाई कर्मचारी बिन्दा प्रसाद ने अपने जिला अध्यक्ष कर्मचारी संघ को भी दी है। सफाई कर्मचारियों ने बताया कि अपने संगठन को अवगत कराया गया है और यदि कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। वहीं थाना पुलिस ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



घटना में घायल सफाई कर्मचारी बिन्दा प्रसाद

# पिपरगांव व मानिकपुर में योग पिकनिक का हुआ आयोजन

## मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज की टीम ने ग्रामीणों को सिखाये योग के मंत्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह समारोह के चौथे दिन बुधवार को मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल द्वारा प्राथमिक विद्यालय पिपरगांव व मानिकपुर में योग सिखाया गया।

योग के साथ जीवन का जश्न विषय के अनुरुप मानिकपुर और पिपरगांव गोद लिए गए गांवों में एक योग पिकनिक का आयोजन किया गया। संस्था के अध्यापकों की एक टीम ने इन गांवों का दौरा किया, ताकि स्थानीय समुदाय को योग के महत्व के बारे में शिक्षित किया जा सके। यह पहल डॉ. मुकेश विश्वकर्मा और डॉ. अरुण कुमार पांडे के नेतृत्व में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। अध्यापक, डॉक्टर, इंटर्न छात्र और गैर-शिक्षण स्टाफ शामिल रहा। गांव के प्रधान छोटे सिंह शाक्य की सहायता से माणिकपुर गांव में टीम पहुंची। उन्होंने लगभग 50 ग्रामीणों को दैनिक योगाभ्यास के बारे में निर्देशित और शिक्षित किया। टीम पिपरगांव गई, जहां गांव के मुखिया कुन्तेश यादव के सहयोग से लगभग 100 ग्रामीणों ने विभिन्न योगाभ्यासों में सक्रिय रूप से भाग लिया। दोनों गांवों में योग प्रशिक्षक डॉ. कविता नेगी ने विभिन्न आसनों और प्राणायाम तकनीकों का प्रदर्शन किया। जिन्हें ग्रामीण आसानी से अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल कर सकते थे। विशेष ध्यान बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं पर दिया गया। जिन्हें सूक्ष्म व्यायाम सिखाए गए, जो हल्के और करने में आसान होते हैं। सत्र का समापन एक ध्यान सत्र के साथ हुआ। जिसका उद्देश्य प्रतिभागियों को तनाव कम करने में मदद करना था। राहुल द्वारा योग प्रदर्शन किया गया। इस दौरान उप प्राचार्य डॉ. नीतूश्री, डॉ. जितेंद्र रॉय गौड़, डॉ. मुकेश विश्वकर्मा, डॉ. रूमा डे, डॉ. मधु रंजन, डॉ. भारती पंचाल, डॉ. समर्पिता भट्टाचार्जी, डॉ. विकास पटेल, डॉ. अरुण कुमार पांडे और डॉ. पियूष माधव मौजूद रहे। इंटर्न छात्रों ने ग्रामीणों के साथ बातचीत की और उन्हें योगाभ्यास करने में मदद की।

सत्र के दौरान डॉ. जितेंद्र रॉय गौड़ ने प्रेरणादायक विचार साझा किए। उन्होंने कहा, दस मिनट का योग, भगा, रोग कार्यक्रम का समापन उप प्राचार्य डॉ. नीतूश्री द्वारा किया गया।




योगाभ्यास करते ग्रामीण

# शोक सभा में पत्रकार प्रदीप गुप्ता को दी गई श्रद्धांजलि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

लाल सारांय स्थित कलमकार भवन में प्रेस क्लब के अध्यक्ष सर्वेंद्र कुमार अवस्थी की अध्यक्षता में शोकसभा का आयोजन हुआ। कायमगंज निवासी पत्रकार प्रदीप गुप्ता का निधन होने पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। सभी पत्रकारों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

प्रेस क्लब अध्यक्ष सर्वेंद्र कुमार अवस्थी ने कहा कि स्व. गुप्ता की पूरी जिंदगी पत्रकारिता क्षेत्र में गुजारी। वह निर्भीक और सत्यपरक खबरों पर विश्वास रखते थे। उन्होंने कहा कि है ऐसे निर्भीक पत्रकार से प्रेरणा लेते हुए हम लोगो को संकल्प लेना चाहिए कि कलम से समझौता नहीं करेंगे। संचालन के रहे पत्रकार उपकार मणि उपकार ने स्व. गुप्ता के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा निर्भीक पत्रकारिता की और खबर के साथ कभी समझौता नहीं किया। ऐसे निर्भीक पत्रकार से प्रेरणा लेकर हमें भी निर्भीक होकर ईमानदारी से कलम चलाना चाहिए। राजेश निराला ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर ओमप्रकाश शुक्ला, विनोद श्रीवास्तव, अनिल प्रजापति, इमरान हुसैन, ताहिर बज्जू आदि पत्रकार मौजूद रहे।




शोक सभा में मौजूद पत्रकार



डॉ. अविनाश पाण्डेय को मनोयन पत्र देते जिलाध्यक्ष

# युवा जिलाध्यक्ष बने अभिषेक बाजपेयी, डॉ. अविनाश पाण्डेय जिला संगठन मंत्री

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा ने जनपद में जिला इकाई संगठन का विस्तार करते हुए डॉ. अविनाश पाण्डेय को जिला संगठन मंत्री का दायित्व सौंपा है। साथ ही अभिषेक बाजपेयी को युवा जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी है। दोनों पदाधिकारियों का फूल माला पहनाकर व मनोयन पत्र सौंपकर स्वागत किया गया। निर्वाह्न पूर्ण करने के लिए दोनों पदाधिकारियों को शपथ दिलायी गई। जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा ने कहा कि संगठन का विस्तार हो रहा है। सभी व्यापारियों को जोड़ा जा रहा है। व्यापारी हित में संगठन कार्य कर रहा है। किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न नहीं होने दिया जायेगा। इस मौके पर जिला महामंत्री विमलेश मिश्रा, अनूप गुप्ता, लाखन सिंह, संजीव वर्मा, मनोज दीक्षित आदि लोग मौजूद रहे।

# बिजली की दरों में बढ़ोत्तरी को लेकर आम आदमी पार्टी ने किया प्रदर्शन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

**नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन**

प्रदेश में बदहाल विद्युत व्यवस्था और घंटों पॉवर कट के मुद्दे पर योगी सरकार के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष इं0 नीरज प्रताप शाक्य के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचकर आप नेताओं व कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में दर्शाया कि पूरे प्रदेश में बिजली की कटौती से लोग त्रस्त है। जनपद में बिजली की कटौती और लगातार महंगी हो रही बिजली की मार जनता झेल रही है। विद्युत कटौती व महंगी बिजली के विरोध में कलेक्ट्रेट पहुंचकर आप नेताओं ने विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। चिलचिलाती धूप में घंटों कटौती होने से जीवन अस्त-व्यस्त हो रहा है।

उन्होंने कहा कि जनपद में 10 से 12 घंटे तक बिजली की कटौती की जा रही है। जिसके चलते आम आदमी को अपने दैनिक जीवन में कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों का पढ़ाई करना मुश्किल हो गया है, घरों में पानी की सप्लाई प्रभावित हो रही है और व्यवसायिक गतिविधियां भी ठप हो रही हैं। किसानों को भी बिजली कटौती के कारण अपनी फसलों की सिंचाई करने में परेशानी हो रही है, जिससे उनकी फसलें खराब हो रही हैं और उनकी आय प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि यूपी में बिजली कटौती एक बड़ी समस्या है, लेकिन सरकार इस समस्या से निपटने के बजाए लगातार बिजली की दरों में वृद्धि के काम में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा प्राइवेट कंपनियों को बिजली बिल निकालने का ठेका देने से भी आम आदमी पर फर्जी बिजली बिलों का बोझ बढ़ गया है। प्राइवेट कंपनियों द्वारा घरों में जाकर मीटर रीडिंग लेने के बजाय मनमाने तरीके से लोगों की बढ़ी मीटर रीडिंग भरकर जो भ्रष्टाचार का खेल खुलेआम चलाए जा रहा है उस पर सरकार पूरी तरह मौन है। आम आदमी पार्टी मांग करती है कि कटौती बंद कर 24 घंटे बिजली दी जाये। इस मौके पर जितेंद्र सिंह, जगतपाल शाक्य, जर्मन सिंह यादव, किशनपाल सिंह यादव, राघवेंद्र यादव, कंचन यादव, अंकुश सिंह चौहान, साहब सिंह, नदीम खान, रोशन खान, प्रमोद प्रकाश सक्सेना, विकास सिंह राठौड़, हरिश्चंद्र, यादव सिंह शाक्य आदि लोग मौजूद रहे।



विरोध प्रदर्शन करते आप नेता

# एनसीसी के वार्षिक परीक्षा शिविर का हुआ समापन

- विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता टीमों को किया गया पुरस्कृत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

10 दिवसीय एनसीसी का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर आरआरसी फतेहगढ़ में बुधवार को समापन हुआ। कैंप में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं सम्पन्न हुई। जिसमें क्विज प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, सांस्कृतिक, ड्रिल कंटिजेंट, शूटिंग, लाइन डिसिप्लिन, वॉलीबॉल, योगा कंपटीशन, बेस्ट डिसिप्लिन कंपटीशन, बेस्ट कैडेट तथा ओवरऑल बेस्ट इंस्टीट्यूशन की प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिताओं को सफलतापूर्वक संपादन कराने में सहयोगी एनसीसी अधिकारियों में मेजर एसके माधव, लेफ्टिनेंट गिरिजा शंकर, लेफ्टिनेंट चंचल शर्मा, लेफ्टिनेंट शिल्की मिश्रा, चीफ अफसर सतीश चंद्र यादव, थर्ड अफसर संतोष शुक्ला तथा थर्ड अफसर नरेंद्र सिंह, जबकि 12 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ के एडम अफसर तथा डिप्टी कैंप कमांडेंट कर्नल अमनदीप सिंह खारोड के दिशा निर्देशन में कैंप इंचार्ज सूबेदार मेजर नवीन कुमार, सूबेदार सुरेश कुमार, सूबेदार शैलेंद्र सिंह, सूबेदार दिनेश, बीएचएम बृजराज, हवलदार सोनू नागर आदि ने भूमिका निभाई। एसएनएम इंटर कॉलेज के प्रवक्ता सतीश चंद्र यादव को कैंप कमांडेंट कर्नल एएस मलिक तथा डिप्टी कैंप कमांडेंट कर्नल अमनदीप सिंह खारोड ने चीफ अफसर की रैंक पहनाकर सम्मानित किया। क्लोजिंग अड्रेस में ओवरऑल कंपटीशन में आर्मी पब्लिक स्कूल को कैंप कमांडेंट द्वारा विजेता घोषित कर ट्रॉफी दी गई। शूटिंग चैंपियनशिप म्युनिसिपल इंटर कॉलेज को दी गई जबकि ड्रिल में आर्मी पब्लिक स्कूल विजई रहा। बेस्ट सिंगर सीनियर डिवीजन में आयुष आरपी डिग्री कॉलेज प्रथम स्थान पर, जबकि रूपम जेडीजेआईसीडी दूसरे स्थान पर रहे। कल्चरल एक्टिविटी एसडी/एसडब्ल्यू में आर्मी पब्लिक स्कूल को ट्रॉफी दी गयी, जबकि जेडी/जे डब्ल्यू में केंद्रीय विद्यालय आरआरसी फतेहगढ़ को ट्रॉफी दी गयी। बेस्ट कैडिट में सीनियर डिवीजन आयुष आरपी डिग्री कॉलेज कमालगंज प्रथम स्थान पर, अक्षय आर्मी पब्लिक स्कूल द्वितीय स्थान पर, मानवी आर्मी पब्लिक स्कूल तृतीय स्थान पर रहे।

वहीं जूनियर डिवीजन में निष्ठा मिश्रा केंद्रीय विद्यालय, वैष्णवी सीपीबीएन तथा नीरज जवाहर नवोदय विद्यालय को मेडल तथा ट्रॉफी देकर कैंप कमांडेंट द्वारा सम्मानित किया गया। वेस्ट लाइन डिसिप्लिन में सीनियर डिवीजन में एचएलबीएन इंटर कॉलेज छिबरामऊ तथा जूनियर डिवीजन में एसएनएम इंटर कॉलेज कायमगंज रहा। कैंप के समापन के अवसर पर कैंप कमांडेंट कर्नल एएस मलिक द्वारा सभी एनसीसी कैडेट्स को बधाई। इस अवसर पर वरिष्ठ सहायक सुनील कुमार, गिरीश, जोगिंदर सिंह, इंद्रेश यादव, अवधेश त्रिवेदी, प्रमोद कुमार मौजूद रहे।



सम्मानित होते ले0 गिरिजा शंकर व कैडेट्स

# जनपद में 370940 पौधे रोपने का लक्ष्य हुआ प्राप्तः डीएम

- जिला पौधरोपण, जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभगार में आयोजित की गई। बैठक में डीएफओ ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद में 370940 पौधे रोपने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसे जनपद में 27 विभागों द्वारा लगाया जायेगा।

वन विभाग 16 लाख पौधे लगायेगा, सभी विभागों की कार्ययोजना प्राप्त हो गई है, जुलाई के प्रथम सप्ताह में वृक्षारोपण किया जाना है, राजस्व विभाग व गृह विभाग द्वारा अभी तक गड्ढे खुदाई की रिपोर्ट उपलब्ध नही कराई है।

नगरीय क्षेत्र के अंदर ऑक्सी बन बनाये जाएंगे जिससे पर्यावरण में सुधार हो सके, ग्राम पंचायत स्तर पर ग्रीन चौपाल का गठन किया जायेगा। वृक्षारोपण इलेक्शन मोड़ पर होगा, वृक्षारोपण को जन आंदोलन बनाने के लिये इसका व्यापक प्रचार प्रसार किया जायेगा।

जिला गंगा समिति की बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि वृक्षारोपण की सभी तैयारियां जल्द से जल्द पूर्ण कर ली जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, डीएफओ, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, पीडीडीआरडीए, डीडीओ व संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



बैठक लेते डीएम मौजूद अधिकारीगण

# पहली बरसात में नगर पंचायत की खुली पोल, विद्युत उपकेंद्र तालाब में तब्दील

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

पहली ही बारिश में नगर पंचायत की पोल खुल गयी। बीती रात हुई बारिश से नवाबगंज विद्युत उपकेंद्र तालाब बन गया। अधिकारियों को पानी में घुसकर आफिस जाना पड़ रहा है। वहीं पानी की बजह से उपभोक्ता भी नहीं आ रहे है।

कस्बा नवाबगंज स्थित फर्रुखाबाद रोड पर बने 33/11 केवीए विद्युत उपकेंद्र पहली ही बारिश में तालाब में तब्दील हो गया। वहां तैनात एसडीओ जूनियर इंजीनियर तथा अन्य कर्मचारियों को पानी से गुजरना पड़ रहा है। ऐसे में विद्युत बिल जमा करने आले वाले उपभोक्ता पानी भरे होने की बजह से नहीं आ रहे है। जब इस बाबत विद्युत उप केंद्र पर जानकारी की गई तो उन्होंने बताया की विद्युत उपकेंद्र पर जल भराव काफी ज्यादा हो गया है, इसलिए कोई भी उपभोक्ता आने को राजी नहीं है। विद्युत उपकेंद्र नगर पंचायत क्षेत्र नवाबगंज में पड़ता है। जल निकासी के लिए नगर पंचायत को करनी चाहिए, इसके लिए नगर पंचायत को पत्र जारी किया जाएगा।



विद्युत उपकेंद्र पर भरा बरसात का पानी

# चौपाल लगाकर मोदी के 11 साल कार्यकाल की बताई गईं उपलब्धियां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी अमृतपुर मंडल के अंतर्गत बुधवार को शक्ति केंद्र गूजरपुर पमारान की ग्राम सभा कुम्हरौर में बूथ अध्यक्ष विनय सिंह की चौपाल में भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंह ने कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11 साल के कार्यकाल को लेकर विकसित् भारत 2047 की शपथ दिलाते हुए सलहाकार बोर्ड के सदस्य अभिषेक त्रिवेदी ने कहा कि भारत देश 2014 के बाद लगातार आगे बढ़ रहा है। मोदी जब से प्रधान सेवक के रूप में देश को मिले है तब से नौजवान, किसान, युवा, महिला सभी को साथ लेकर चलने वाली भाजपा की सरकार है जो बिना भेदभाव के कार्य कर रही। पाकिस्तान को घुटनों पर लाने कि शक्ति केवल मोदी में है। वर्तमान में भारत एक गोली का जबाब गोला से देने को तैयार है। किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष चीनू ठाकुर, दिवाकर त्रिवेदी, रामाधार वर्मा, करुणेश त्रिवेदी, अनिल, विजय वर्मा, विशानाथ राजपूत, राजेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।



उपलब्धि भरे पत्रक दिखाते भाजपाई

# यूपी सीएलडीएफ द्वारा कराये जा रहे कार्यो की गुणवत्ता खराब, नोटिस जारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में 01 करोड़ से अधिक के कार्यो की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में जनपद में चल रही 56 निर्माणाधीन योजनाओं की समीक्षा की गई।

डीएम ने पर्यटन विकास निगम लि. को पांचाल घाट पर बन रहे घाट पर से मलवा हटाने व एजिंग में लगने वाली ईट की गुणवत्ता सही रखने के निर्देश दिये। डीएम ने उ.प्र. जल निगम ग्रामीण को ढिलावल व सिरौली पेयजल परियोजना के निर्माण की धीमी गति पर नाराजगी जताई। यूपी सीएलडीएफ द्वारा कराये जा रहे कार्यो की गुणवत्ता सही न पाये जाने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। यूपी सिडको के कार्यो की गति धीमी होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। सीएंड डीएस को ट्रांजिट हॉस्टल पुलिस लाइन की वाउंड्रीबाल तत्काल बनवाने के लिये निर्देशित किया। डीएम ने पूर्ण हो चुके कार्यो को नियमानुसार हैंडओवर की कार्यवाही कराने के निर्देश दिये गये। डीएम ने निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्यो में मानक व गुणवत्ता का विशेष ख्याल रखा जाये व सभी कार्यो को ससमय पूर्ण किया जाये। सभी अभियंता अपने प्रोजेक्ट का नियमित निरीक्षण करे व कोई भी समस्या होने पर अवगत कराएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी व संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



बैठक लेते डीएम

# सीडीओ की अध्यक्षता में किसान दिवस का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विकास भवन के सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। उप कृषि निदेशक अरविन्द मोहन मिश्रा ने किसान दिवस में आये कृषकों को बताया कि कृषि विभाग से सम्बन्धित जो भी समस्याये होगी उनका निराकरण ससमय किया जायेगा। कार्यालय में नहीं आना पड़ेगा, सम्बधित कृषक व्हाट्सअप ग्रुप पर अपनी समस्या भेज सकते है। जिसका समयान्तराल में निस्तारण किया जायेगा।

जनपद में मानसून सक्रिय है, वह कृषक धान की नर्सरी जल्द ही डाल सकते है व समय से धान की रोपाई कर दे। जिला कृषि अधिकारी वीके सिंह ने कृषकों को अवगत कराया कि जनपद के सभी राजकीय बीज भण्डारो पर खरीफ फसलों के बीज उपलब्ध है। जिसमें महीन धान की बॉसमती प्रजाति-1692 एवं 1718 तथा ढैचा चीज उपलब्ध है। कृषक अपना आधार कार्ड लेकर रा.कृ.बी.भ. प्रभारी से सम्पर्क कर बीज 50 प्रतिशत अनुदान पर प्राप्त कर सकते है। जनपद में जायद मक्का का क्षेत्रफल अत्यधिक होने के कारण शासन द्वारा मक्का खरीद केन्द्रों की स्थापना की गयी है। कृषक अपना पंजीकरण कराकर मक्का सम्बन्धित क्रय केन्द्रों पर बिक्री कर सकते है।

जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी रोली सिंह ने किसानों को अवगत कराया कि जनपद में मक्का का उत्पादन इस वर्ष अच्छा रहेगा, शासन द्वारा मक्का खरीदने हेतु जनपद में कई केन्द्रों की स्थापना की गयी है। सरकार द्वारा मक्का का समर्थन मूल्य 2225 रु0 प्रति कुन्तल निर्धारित किया गया है। इच्छुक कृषक ऑनलाइन पंजीकरण क्रय केन्द्रों के माध्यम से मक्का की बिक्री कर सकते है। मोहम्मदाबाद के सिरोली निवासी कृषक राममोहन दीक्षित ने बताया कि जनपद के अधिकांश सरकारी नलकूप बंद पड़े है। जांच करवाकर चालू कराये जाने की मांग की। सीडीओ ने अधिशाषी अभियन्ता नलकूप/सिंचाई को निर्देशित करते हुये कहा कि जनपद में संचालित नलकूपों का सत्यापन कर सत्यापन आख्या मुझे एवं शिकायतकर्ता का उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

कृषक शिवप्रताप सिंह चौहन एव अन्य भा.कि.यू. के पदाधिकारियों द्वारा किसान दिवस में अवगत कराया कि विकास खण्ड शमसाबाद के ग्राम बराविकू सोसायटी पर हुये घोटाले की जांच का मुद्दा उठाया गया। सीडीओ ने किसान दिवस में कृषों द्वारा रखी गयी समस्याओं को गुणवत्तापूर्ण एवं समय से निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी, परियोजना निदेशक, ग्राम्य विकास अभिकरण कपिल कुमार, उप कृषि निदेशक अरविन्द मोहन मिश्रा, बी.के. सिंह जिला कृषि अधिकारी, सतीश कुमार उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी/जिला कृषि रक्षा अधिकारी, डॉ. वी.पी. सिंह अपर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, राघवेन्द्र सिंह जिला आलू एवं शाकभाजी अधिकारी, सुशील कुमार अधिशाषी अभियन्ता विद्युत, वी.पी. वर्माअग्रणी जिला प्रबन्धक बैंक ऑफ इण्डिया, प्रियांशु मिश्रा मण्डी निरीक्षक सातनपुर/कायमगंज, गिरीश चन्द्र ज्येष्ठ विपणन अधिकारी, नारद लाल राणा प्रभारी सहा. निदेशक मत्स्य, रोली सिंह खाद्य एवं रसद विभाग, प्रदीप कुमार यादव व.क्षे. प्रबन्धक (इफको), विपिन कुमार सहायक प्रबन्धक पीसीएफ, विपिन कुमार सहायक अभियन्ता लघु सिचाई, विनोद कुमार अधिशाषी अभियन्ता नगर पालिका फर्रु0, इमरान अंसारी सहायक अभियन्ता नलकूप, शिवांशु बाजपेयी सहायक अभियन्ता सिंचाई, डॉ. सत्येन्द्र प्रताप सिंह जिला परियोजना समन्वयक यू.पी.डॉस्पं, मितेश कुमार यादव डी.डी.एम. नाबार्ड, आरके राठौर एलडीएमओ, नितिन वर्मा सहायक अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), सत्येन्द्र कुमार सिंह गन्ना निरीक्षक, रतीक कुमार दीक्षित भूमि परीक्षण प्रयोगशाला लाकूला बाग, भानू प्रताप तिवारी जिला समन्वयक फसल बीमा एचडीएफसी आदि मौजूद रहे।




कृषकों की बैठक लेते सीडीओ

## कूटरचित तरीके से जमीन का कराया बैनामा

**कालपी ,जालौन।** जालसाजों ने जिंदा व्यक्ति को कागजों में मृत दर्शाकर उसके फर्जी वारिसों से कृषि जमीन का बैनामा करा लिया। पीड़ित के भाई ने इस मामले की शिकायत शासन से की है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गुढ़ा खास निवासी प्रताप सिंह पुत्र स्व. लल्लू के अनुसार उसकी मौजा मैनूपुर में तीन किता में कृषि जमीन स्थित है जिस पर उसका सह खातेदार लगभग 20 वर्षो से काबिज है लेकिन हद तो तब हो गई जब उसके भाई वानेश्वर को मृत दर्शाकर उसके फर्जी वारिसों के नाम जमीन कराकर वर्ष 2020 में रजिस्ट्री करा ली जिसकी जानकारी उसे अब हुई है शिकायत कर्ता के अनुसार उसके सहखातेदार हरीशंकर पुत्र कालीदीन ने उसको मृत दिखाकर उसकी जमीन सोने लाल, रामदर्शन व राजकुमार पुत्र बाबूराम के नाम वारिस के रूप में दर्ज कराई फिर उनसे रजिस्ट्री अपने नाम करा ली।

